# नैनी जेल में भ्रष्टाचार बेलगाम, कैदियों से खुलेआम वसूली

**जेल में व्याप्त अवस्थाओं के बावजूद अधिकारी बने मूक दर्शक**

**जेल प्रशासन पर आरोप है कि नए आने वाले कैदियों से प्रवेश के नाम पर अवैध वसूली की जाती है**




कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। प्रयागराज के नैनी स्थित जिला कारागार में भ्रष्टाचार चरम पर है। कैदियों को दी जाने वाली सुविधाएं केवल कागजों पर हैं, जबकि हकीकत में उन्हें घटिया गुणवत्ता का खाना और बुनियादी सुविधाओं के लिए भी संघर्ष करना पड़ रहा है। जेल के भीतर वसूली का ऐसा खेल चल रहा है जिसमें जिम्मेदार अफसर चुप्पी साधे बैठे हैं।

जेल प्रशासन पर आरोप है कि नए आने वाले कैदियों से प्रवेश के नाम पर अवैध वसूली की जाती है। इतना ही नहीं, जेल में रहने के दौरान भी छोटी-छोटी जरूरतों के लिए कैदियों से रुपये ऐंठे जाते हैं। कैदियों के मुताबिक, यदि कोई विरोध करता है तो उसे मानसिक और शारीरिक रूप से परेशान किया जाता है।प्रभारी अधिकारी पर अब यह सवाल उठ रहा है। इस पूरे मामले में जेल प्रभारी अमित पांडे का नाम सामने आ रहा है। आरोप है कि उनसे बार-बार संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया। कैदियों और उनके परिजनों का कहना है कि श्री पांडे शिकायतों को नजरअंदाज कर रहे हैं और किसी भी प्रकार की कार्रवाई से बचते नजर आ रहे हैं।जेल मैनुअल की उड़ रही धज्जियां फिर ध्यान नहीं दिया जा रहा है । कैदियों का कहना है कि जो व्यवस्थाएं जेल मैनुअल में स्पष्ट रूप से तय हैं, उनका पालन बिल्कुल नहीं हो रहा है। ना समय पर खाना, ना साफ-सफाई और ना ही चिकित्सा जैसी बुनियादी सुविधाएं मिल रही हैं। यह सीधे तौर पर मानवाधिकार का उल्लंघन है।परिजनों और समाजसेवियों ने मांग की है कि इस पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो। वहीं, जेल प्रशासन की भूमिका पर भी सवाल खड़े हो गए हैं।> ''जेल के अंदर क्या हो रहा है, इसकी सच्चाई बाहर नहीं आने दी जाती। लेकिन अब बहुत हो गया। शासन को कार्रवाई करनी चाहिए।''– एक कैदी के परिजन ने नाम न छापने की शर्त पर बताया।

## प्रयागराज मे गंगा-यमुना का जलस्तर तेजी से बढ़ा, स्नान घाट जलमग्न

प्रयागराज। लगातार हो रही बारिश और बांधों से पानी छोड़े जाने के कारण गंगा और यमुना नदियों का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। बीते 24 घंटे में नदियों के जलस्तर में काफी वृद्धि दर्ज की गई है, जिससे संगम क्षेत्र के स्नान घाट पूरी तरह जलमग्न हो गए हैं।जानकारी के अनुसार, फाफामऊ में गंगा का जलस्तर 14 सेंटीमीटर बढ़कर सुबह 8 बजे 76.78 मीटर पहुंच गया। वहीं, छतनाग में जलस्तर 228 सेंटीमीटर बढ़कर 74.78 मीटर दर्ज किया गया। यमुना नदी का जलस्तर भी तेजी से बढ़ रहा है। नैनी में बीते 24 घंटे में यमुना का जलस्तर 175 सेंटीमीटर बढ़कर 75.61 मीटर पहुंच गया है।हालांकि, राहत की बात यह है कि दोनों नदियां अभी खतरे के निशान से नीचे बह रही हैं। बावजूद इसके, संगम क्षेत्र और उसके आसपास के कई घाटों पर पानी भर गया है, जिससे स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।जल स्तर में तेजी से हो रही वृद्धि को देखते हुए प्रशासन ने सतर्कता बरतने और तटीय इलाकों में निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। अगर बारिश का सिलसिला जारी रहा तो नदियों का जलस्तर और तेजी से बढ़ सकता है।

# एक्यूरा हॉस्पिटल कर रहा लोगों का सहयोग




कैनविज टाइम्स संवाददाता

कोराव, प्रयागराज। एक्यूरा क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल और ह्यूमैनिटी इंडिया ट्रस्ट के सदस्यों ने प्रयागराज प्रशासन के आदेशानुसार बाढ़ ग्रसित क्षेत्रों में महिलाओं और बच्चियों को निःशुल्क सेनेटरी पैड और साबुन वितरित किए हैं बाढ़ जैसे कुदरती आपदा में स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं एकाएक बढ़ती हैंमाहवारी स्वच्छता का बहुत ही महत्व होता है ताकि महिलाओं और बच्चियों को स्वास्थ्य समस्याओं से बचाया जा सके- एक्यूरा क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल टीम से मैनेजर प्रवीण सिंह, ओटी इंचार्ज व समाज सेविका जासमिन नाथ, आशीष झा (सामाजिक कार्यकर्ता) शामिल थे- ह्यूमैनिटी इंडिया ट्रस्ट की टीम से एड प्रदीप कुमार एवं सत्यम मौर्य शामिल थे- 06 अलग-अलग राहत शिवरों में सेनेटरी पैड व साबुन का वितरण किया गया-लगभग 2000 लोगों को वितरित किया गयायह पहल बाढ़ पीड़ितों के लिए बहुत ही मददगार साबित होगी और उनकी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को कम करने में मदद करेगी


**सूचना**

मैने अपना नाम NINDERJEET KAUR से बदलकर NINDER JEET KAUR कर लिया है। अब मुझे भविष्य में इसी नाम से जाना व पहचाना जाए।
निंदर जीत सिंह पत्नी दलजीत सिंह निवासी पिपरिया मझरा तहसील पूरनपुर, जिला पीलीभीत।


## प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की तिथि बढ़ी, अब 14 व 30 अगस्त तक करा सकेंगे बीमा

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत वर्ष 2025-26 के लिए किसानों को राहत देते हुए बीमा आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। पहले यह तिथि 31 जुलाई 2025 निर्धारित थी, लेकिन अब शासन के निर्देश पर नॉन-लोनी कृषकों के लिए यह तिथि 14 अगस्त 2025 और लोनी कृषकों के लिए 30 अगस्त 2025 कर दी गई है।इस योजना के तहत कृषकों को मात्र 2 प्रतिशत प्रीमियम पर अपनी फसल का बीमा कराने का अवसर मिलता है। बीमा के अंतर्गत ओलावृष्टि, जल भराव, चक्रवात, तूफान, अतिवृष्टि जैसी दैविक आपदाओं से फसल की क्षति होने पर आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है।वर्तमान में प्रयागराज जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में बाढ़ जैसी स्थिति बनी हुई है। ऐसे में उप कृषि निदेशक पवन कुमार विश्वकर्मा ने समस्त कृषकों से अपील की है कि वे शीघ्र अपने संबंधित बैंकों से संपर्क कर बीमा की प्रक्रिया पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि यह योजना किसानों के लिए सुरक्षा कवच है, जिससे प्राकृतिक आपदा की स्थिति में नुकसान की भरपाई की जा सकेगी।

## प्रयागराज में बाढ़ का असर घटने लगा, जलस्तर में आई गिरावट, राहत कार्य जारी

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** प्रयागराज में यमुना और गंगा नदियों के जलस्तर में गिरावट शुरू हो गई है, जिससे बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लोगों को थोड़ी राहत मिलने लगी है। प्रशासन की निगरानी में सभी तटबंध पूरी तरह सुरक्षित बताए गए हैं।जारी आंकड़ों के अनुसारःयमुना नदी (नैनी)ः वर्तमान जलस्तर 85.96 मीटर दर्ज किया गया, जो खतरे के निशान (84.734 मीटर) से ऊपर है लेकिन पिछले 24 घंटे में 8 सेंटीमीटर की कमी आई है।गंगा नदीःफाफामऊः 86.09 मीटर (6 सेंटीमीटर की वृद्धि)छतनागः 85.36 मीटर (1 सेंटीमीटर की कमी)बक्सी ट्टद्धः 85.90 मीटर (8 सेंटीमीटर की कमी)इस बीच रेस्क्यू टीमों द्वारा लगातार बाढ़ प्रभावित इलाकों में भ्रमण कर लोगों का रेस्क्यू किया जा रहा है। साथ ही, खाद्य सामग्री और लंच पैकेट का वितरण भी किया जा रहा है ताकि पीड़ितों को किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े।प्रशासन की ओर से कहा गया है कि स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है और सभी तटबंध सुरक्षित हैं। राहत व बचाव कार्यों को प्राथमिकता पर तेजी से चलाया जा रहा है।

## जिलाधिकारी ने धोकरी उपरहार गांव में किया बाढ़ का निरीक्षण



**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने मंगलवार को फूलपुर तहसील के बाढ़ प्रभावित ग्राम धोकरी उपरहार का दौरा कर बाढ़ की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ग्रामीणों से बातचीत कर उनकी समस्याएं जानी और मौके पर मौजूद अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।ग्रामीणों ने बताया कि बाढ़ के कारण गांव के कई घर पानी से घिर गए हैं, जिसके चलते प्रभावित लोग अन्य ग्रामीणों के घरों में शरण लिए हुए हैं। पशुओं को भी सुरक्षित स्थानों पर रखा गया है, लेकिन उनके लिए चारे की व्यवस्था नहीं हो पा रही है।इस पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी फूलपुर को निर्देशित किया कि बाढ़ पीड़ितों को तुरंत खाद्य सामग्री, चिकित्सा और अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। साथ ही, मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी से समन्वय कर पशुओं के लिए चारे की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा।जिलाधिकारी ने यह भी आदेश दिया कि नाव से उन घरों का निरीक्षण किया जाए जो पूरी तरह से पानी से घिरे हैं, ताकि वास्तविक स्थिति का आकलन कर प्रभावी राहत कार्य सुनिश्चित किए जा सकें।प्रशासन द्वारा बाढ़ प्रभावित लोगों को हर संभव मदद का आश्वासन दिया गया है और राहत कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर तेज किया जा रहा है।

## जहरीला पदार्थ खाने से युवक की मौत

लखनऊ। गोसाईगंज कोतवाली क्षेत्र के गांव सेमापुर मजरा कोरियानी में युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली।

मृतक के भाई प्रदीप कुमार से मिली जानकारी के अनुसार सेमनापुर निवासी दीपक (38) पुत्र स्वर्गीय रामदीन ड्राइवर का काम करता था। इन दिनों वह आर्थिक तंगी में रहता था। इसी वजह से उसका पत्नी पूर्णिमा से कहासुनी हो गई ।उसी के बाद उसने दो बजे के आसपास जहरीला पदार्थ खा लिया। जहरीला पदार्थ खाने की वजह से उसकी स्थिति बिगड़ने लगी।इस बात की जानकारी जब घर के लोगों को हुई तो उन्होंने दीपक आनन-फानन में गोसाईगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। सीएचसी पर डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार से कोई राहत नहीं मिली तो डॉक्टरों ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी अस्पताल के लिए रेफर कर दिया वही उसकी मौत हो गई।मृतक के परिवार में मां चंदा देवी और मृतक की दो बेटियां भी हैं।

# मण्डलायुक्त ने बनाये गए बाढ़ राहत शिविर का किया निरीक्षण

**राहत शिविर में रह रहे लोगों को नहीं होनी चाहिए कोई परेशानीः विजय विश्वास पंत**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज । मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत मंगलवार को मम्फोर्डगंज स्थित सेंट जोसेफ गर्ल्स कॉलेज में संचालित बाढ़ राहत शिविर पहुंचे और वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने शिविर में ठहरे बाढ़ प्रभावित लोगों से बातचीत कर उनकी समस्याएं जानी और भोजन, पानी सहित अन्य सुविधाओं के बारे में जानकारी ली।शिविर में रह रहे लोगों ने मण्डलायुक्त को बताया कि उन्हें समय पर भोजन और पीने का पानी मिल रहा है तथा व्यवस्था संतोषजनक है। इस पर मण्डलायुक्त ने संतोष जताया और अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिविर की व्यवस्थाएं पूरी तरह से चुस्त-दुरुस्त बनी रहें।उन्होंने साफ-सफाई को लेकर विशेष सतर्कता बरतने को कहा और स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए चिकित्सा स्टॉल का निरीक्षण करते हुए दवाओं की उपलब्धता और चिकित्सकीय सुविधाओं की जानकारी ली। मण्डलायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी व्यक्ति को स्वास्थ्य संबंधी समस्या होने पर तत्काल उसका समुचित उपचार सुनिश्चित किया जाए।

# नीवां मार्ग बना जानलेवा गड्ढों का जाल प्रशासन और जनप्रतिनिधि बेखबर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज (शहर पश्चिमी)। शहर से सटे उमरपुर नीवां गांव को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग इन दिनों बड़े-बड़े गड्ढों में तब्दील हो चुका है। यह मार्ग नीवां गांव का एकमात्र संपर्क मार्ग है, जिससे हजारों ग्रामीणों की रोजाना आवाजाही होती है। लेकिन दुर्भाग्यवश, न तो अधिकारियों की नजर इस सड़क पर पड़ रही है और न ही शहर पश्चिमी के जनप्रतिनिधियों को इसकी सुध है।गांववासियों ने बताया कि यह रास्ता ही उनकी जीवन रेखा है। छोटे-छोटे बच्चे स्कूल और कॉलेज के लिए इसी मार्ग से गुजरते हैं। यही नहीं, गंगा तट पर स्थित नीवां घाट के लिए स्नान और शवयात्रा के लिए भी इसी रास्ते से गुजरना पड़ता है। लेकिन सड़क की जर्जर हालत ने हर दिन को जोखिम भरा बना दिया है।

### 10 हजार की आबादी, लेकिन विकास से कोसों दूर

नीवां गांव की आबादी करीब 10 हजार से अधिक है, फिर भी यहां मूलभूत सुविधाओं का घोर अभाव है। गांव में न तो प्रकाश व्यवस्था है, न ही स्नान घाट, और ना ही शवदाह के लिए कोई स्थायी व्यवस्था। सबसे बड़ी विडंबना यह है कि यह गांव गंगा नदी के तट पर होने के बावजूद पूरी तरह उपेक्षित है।

### गड्ढों में तब्दील हुई सड़क

नीवां मार्ग जगह-जगह से टूट चुका है। बरसात में इन गड्ढों में पानी भर जाता है, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका और बढ़ जाती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार लोग गिर चुके हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।> ''गांव के लोगों को मजबूरी में इन्हीं खतरनाक रास्तों से गुजरना पड़ता है। हमने कई बार शिकायत की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।''– एक ग्रामीण ने नाम न छापने की शर्त पर बताया।

### जनप्रतिनिधियों के प्रति गुस्सा

ग्रामीणों में अपने जनप्रतिनिधियों के प्रति भारी नाराजगी है। उनका कहना है कि हर बार चुनावों में वादे किए जाते हैं, लेकिन जीतने के बाद गांव को भुला दिया जाता है।> ''हमारे गांव को हमेशा नजरअंदाज किया गया है। न सड़क, न लाइट, न घाट। क्या हम नागरिक नहीं हैं?''– एक बुजुर्ग ग्रामीण की पीड़ा।

### ग्रामीणों ने उठाई मांग

अब ग्रामीणों ने एकजुट होकर शासन-प्रशासन से मांग की है किःनीवां मार्ग की तत्काल मरम्मत कराई जाएगांव में स्नान घाट और शवदाह स्थल का निर्माण होस्ट्रीट लाइट्स और साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएअब देखना यह है कि क्या नीवां गांव को उसका हक मिलेगा, या फिर यह गांव विकास के नक्शे से यूं ही गायब रहेगा।

**सीएम योगी के नेतृत्व में उप्र केवल एक राज्य नहीं बल्कि भारत की नई आर्थिक रफ्तार का बना इंजन**

# कभी गड्ढों से होती थी यूपी की पहचान, आज एक्सप्रेसवे दिला रहे सम्मान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश, जो कभी गड्ढों से भरी सड़कों, बदहाल बुनियादी ढांचे और विकास की सुस्त रफ्तार के लिए पहचाना जाता था, आज देश के सबसे तेजी से विकसित होते राज्यों में शुमार हो चुका है। 2017 से पहले की सरकारों के कार्यकाल में न तो ठोस इच्छाशक्ति थी और न ही स्पष्ट योजना। राज्य में निवेश का सूखा था, सड़कों की हालत जर्जर थी, हवाई और रेल कनेक्टिविटी सीमित थी और शहरी विकास अव्यवस्थित था। 'एक जिला, एक माफिया' की पहचान वाला उत्तर प्रदेश, कानून-व्यवस्था और अधोसंरचना दोनों मामले में पिछड़ा हुआ माना जाता था। लेकिन 2017 में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में जब प्रदेश में सुशासन की बागडोर संभाली गई, तब केंद्र-राज्य समन्वय की बदौलत उत्तर प्रदेश में इंफ्रास्ट्रक्चर क्रांति की नींव पड़ी। आज एक्सप्रेसवे से लेकर एयरपोर्ट तक, मेट्रो से लेकर वॉटरवे तक हर क्षेत्र में यूपी देश को नेतृत्व दे रहा है। आज सीएम योगी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश केवल एक राज्य नहीं, बल्कि भारत की नई आर्थिक रफ्तार का इंजन बन चुका है।

राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि 2017 से पहले उत्तर प्रदेश की पहचान गड्ढायुक्त सड़कों से होती थी। लखनऊऽआगरा एक्सप्रेसवे अधूरा था और पूर्वांचल, बुंदेलखंड तथा गंगा एक्सप्रेसवे जैसी योजनाएं केवल फाइलों में सिमटी थीं। गांव और कस्बे शहरों से कटे हुए थे, जिससे आर्थिक गतिविधियां प्रभावित होती थीं। आज वही प्रदेश देश में सर्वाधिक एक्सप्रेसवे वाला राज्य बन चुका है। गोरखपुर लिंक, पूर्वांचल, बुंदेलखंड और आने वाले दिनों में गंगा एक्सप्रेसवे की सौगात प्रदेश की अर्थव्यवस्था को रफ्तार दे रही है। वर्तमान में उत्तर प्रदेश में 7 एक्सप्रेसवे संचालित हो रहे हैं, जबकि 15 एक्सप्रेसवे निर्माणाधीन और प्रस्तावित हैं। गंगा एक्सप्रेस वे के पूरा होते ही देश में हर 10 में 6 किमी. एक्सप्रेसवे का हिस्सा उत्तर प्रदेश में होगा। यूपी में एक्सप्रेसवे न केवल राजधानी या बड़े शहरों, बल्कि बुंदेलखंड, पूर्वांचल और तराई जैसे क्षेत्रों को भी जोड़ रहे हैं। यही नहीं, प्रत्येक एक्सप्रेस वे के साथ औद्योगिक क्लस्टर, एमएसएमई पार्क और कृषि आधारित व्यवसाय विकसित किए जा रहे हैं जो अर्थव्यवस्था और रोजगार को बढ़ावा दे रहे हैं।

2017 से पहले यूपी में केवल लखनऊ और गोरखपुर एयरपोर्ट प्रमुख रूप से क्रियाशील थे। इंटरनेशनल कनेक्टिविटी केवल लखनऊ तक सीमित थी। आज उत्तर प्रदेश में 16 हवाई अड्डे क्रियाशील हैं, जिनमें 4 इंटरनेशनल एयरपोर्ट (लखनऊ, वाराणसी, कुशीनगर, अयोध्या) शामिल हैं। जेवर में देश का सबसे बड़ा नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट बन रहा है, जिसके 2025 के अंत तक परिचालन में आने की पूरी सम्भावना है। प्रदेश 5 इंटरनेशनल एयरपोर्ट और 16 घरेलू हवाई अड्डों के साथ 21 एयरपोर्ट वाला राज्य बनने की ओर अग्रसर है।

### ग्रामीण कनेक्टिविटी से व्यापार और सेवा पहुंच मजबूत

2017 से पहले केवल लखनऊ मेट्रो पर काम चल रहा था, जिसकी रफ्तार भी बेहद धीमी थी। आज यूपी में लखनऊ, कानपुर और आगरा समेत 5 शहरों में मेट्रो की सुविधा है, जबकि दिल्लीऽमेरठ के बीच देश की पहली रैपिड रेल शुरू हो चुकी है और जल्द ही मेरठ में मेट्रो सुविधा शुरू होने वाली है। इसके अतिरिक्त कई अन्य शहरों (प्रयागराज, वाराणसी, गोरखपुर, झांसी, बरेली) में मेट्रो ग्राउंड?वर्क जारी है, जिन्हें 2025ऽ26 तक चरणबद्ध तरीके से शुरू करने की योजना है। इस तरह, यूपी अब देश का वह राज्य है जिसमें सर्वाधिक शहरों में मेट्रो सेवाएं संचालित हैं। वहीं, वाराणसी से हल्दिया तक वॉटरवे और अन्य जलमार्गों पर भी काम हो रहा है। उत्तर प्रदेश में भारत का सबसे बड़ा रेलवे नेटवर्क (16 हजार किमी. से अधिक) है।

2017 से पहले यूपी निवेश के नक्शे से बाहर था। लॉजिस्टिक हब और वेयरहाउसिंग की कोई स्पष्ट नीति नहीं थी। आज जेवर एयरपोर्ट, फिल्म सिटी, डिफेंस कॉरिडोर, मेडिकल डिवाइस पार्क और डेटा सेंटर पार्क जैसे प्रोजेक्ट्स से यूपी निवेश और रोजगार का हब बनता जा रहा है। केवल यीडा क्षेत्र में ही 2023-25 के दौरान 27,521 करोड़ का निवेश और 16,405 नए रोजगार सृजित हुए हैं। इसके अतिरिक्त, लखनऊ में पीएम मित्र मेगा टेक्सटाइल पार्क, बरेली में मेगा फूड पार्क, उन्नाव में ट्रांस गंगा सिटी, गोरखपुर में प्लास्टिक पार्क, वाराणसी में पहला फ्रेट विलेज समेत कई परियोजनाओं पर काम चल रहा है। 2017 से पहले यूपी के शहर कूड़े और अराजकता के लिए बदनाम थे। आज 17 नगर निगम स्मार्ट सिटी बन चुके हैं। स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत सभी 17 नगर निगमों में 10 हजार 300 करोड़ से अदिक की 757 परियोजनाएं प्रगति पर हैं। लखनऊ, कानपुर और वाराणसी को स्टेट डेवलपमेंट रीजन के रूप में विकसित किया जा रहा है। सीसीटीवी नेटवर्क, सेफ सिटी प्रोजेक्ट और क्लीन सिटी मिशन ने प्रदेश को नई पहचान दिलाई है। वाराणसी में देश की पहली रोपवे सेवा भी शुरू होने जा रही है।

बीते 8 वर्षों में प्रतिदिन औसतन 11 किमी. नई सड़क और 9 किमी. सड़क चौड़ीकरण हुआ है। अब तक 32,000+ किमी. ग्रामीण मार्ग और 25,000 किमी. सड़कें सुदृढ़ हो चुकी हैं। हर जिला मुख्यालय को फोरलेन, तहसील को फोरलेन और ब्लॉक को टू/फोरलेन सड़कों से जोड़ने की योजना पर तेजी से काम चल रहा है। इंफ्रास्ट्रक्चर और कनेक्टिविटी में हुए सुधार से पर्यटन को भी बढ़ावा मिला है। 2017 में जहां यूपी में 21 करोड़ पर्यटक आते थे, वहीं 2023 में यह संख्या बढ़कर 67 करोड़ तक पहुंच गई। प्रयागराज महाकुम्भ में ही 67 करोड़ श्रद्धालु पहुंचे। बढ़ती कनेक्टिविटी, धार्मिक शहरों का कायाकल्प और इंफ्रास्ट्रक्चर में निवेश ने यूपी को पर्यटन की राजधानी बना दिया है।


**उत्तर रेलवे**

**ई-ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन आमंत्रित किया जाता है।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन: Lucknow-NR-Division-Commercial/Northern Railway | |
| नीलामी सूची सं0 | SMU-BCN-MKG-25 |
| कार्य का विवरण: Allotment of catering Stall at various stations of Lucknow Division, Northern Railway for the period of 05 years. | |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 30.07.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 18.08.2025 at 10:00 hrs. |
| नीलामी बंद करने की तिथि एवं समय | 18.08.2025 at 10:40 hrs. |
| वेबसाइट विवरण जहां पंजीकृत बोलिदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। E-Auction Module of www.ireps.gov.in | |

Details of catering stalls to be auctioned are as under :-

| SN | Station | Lot No. | Stall ID | Close Date/ Time | Quota | Sub Quota |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | BACHHRAWAN | Catg-LKO-BCN-SMU-97-24-1 | BCN/PF-2/4/ADDL | 18-08-2025 at 10:30 hrs | SMU | SC |
| 2 | MANAK NAGAR | Catg-LKO-MKG-SMU-93-24-1 | MKG/PF-1/41/ADDL | 18-08-2025 at 10:40 hrs | SMU | SC-WOMEN |

2369/2025 कृते वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, लखनऊ

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**रेलयात्री कृपया ध्यान दें!**

**भावनगर-अयोध्या कैंट-भावनगर (वाया लखनऊ जं.) के बीच नई एक्सप्रेस (साप्ताहिक) रेल सेवा का शुभारंभ**

समस्त रेलयात्रियों को सूचित किया जाता है कि रेलवे द्वारा निम्नलिखित एक्सप्रेस रेलगाड़ी (साप्ताहिक) भावनगर – अयोध्या कैंट – भावनगर स्टेशनों के बीच शुरू करने का निर्णय लिया गया है। विवरण निम्नानुसार है:-

**रेलगाड़ी संख्या 19201/19202 भावनगर-अयोध्या कैंट-भावनगर साप्ताहिक एक्सप्रेस**

| रेलगाड़ी संख्या 19201 | | स्टेशन | रेलगाड़ी संख्या 19202 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 13.50 | भावनगर टर्मिनस | 04.45 | -- |
| 13.58 | 13.59 | भावनगर परा | 03.48 | 03.50 |
| 14.15 | 14.16 | सिहोर | 03.29 | 03.30 |
| 14.31 | 14.32 | धोला जं. | 03.06 | 03.07 |
| 15.15 | 15.17 | बोटाद जं. | 02.25 | 02.30 |
| 15.53 | 15.54 | लींबडी | 01.44 | 01.45 |
| 16.13 | 16.14 | सुरेन्द्रनगर गेट | 01.24 | 01.25 |
| 17.55 | 17.57 | विरमगाम जं. | 00.01 | 00.03 |
| 18.53 | 18.55 | महेसाना जं. | 22.45 | 22.47 |
| 20.23 | 20.25 | पालनपुर जं. | 21.55 | 21.57 |
| 21.15 | 21.25 | आबूरोड | 19.55 | 20.05 |
| 22.38 | 22.40 | फालना | 18.26 | 18.28 |
| 23.47 | 23.49 | मारवाड़ जं. | 17.38 | 17.40 |
| 00.53 | 00.55 | ब्यावर | 16.21 | 16.23 |
| 01.55 | 02.05 | अजमेर जं. | 15.25 | 15.35 |
| 02.33 | 02.35 | किशनगढ़ | 14:41 | 14:43 |
| 04.00 | 04.10 | जयपुर जं. | 13:10 | 13:20 |
| 04.21 | 04.24 | गांधीनगर जयपुर | 12:44 | 12:47 |
| 06.38 | 06.40 | बाँदीकुई जं. | 11:40 | 11:42 |
| 08.30 | 08.35 | भरतपुर जं | 09.25 | 09.30 |
| 09.30 | 09.35 | ईदगाह | 07.35 | 07.40 |
| 10.50 | 10.55 | टूण्डला जं. | 06.45 | 06.50 |
| 14.05 | 14.10 | कानपुर सेंट्रल | 03.25 | 03.30 |
| 15.35 | 15.45 | लखनऊ जं. | 01.30 | 01.40 |
| 16.21 | 16.23 | बाराबंकी जं. | 00.06 | 00.08 |
| 18.30 | -- | अयोध्या कैंट | -- | 22.30 |

चलने के दिन: 19201 भावनगर से प्रत्येक सोमवार दिनांक 11.08.2025 से एवं 19202 अयोध्या कैंट से प्रत्येक मंगलवार दिनांक 12.08.2025 से।

स्थान: 2 टीयर वाता., 3 टीयर वाता., 3 टीयर वाता. इकॉनोमी, शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा–हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

2378/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

मीडिया काउंसिल ऑफ इंडिया के सचिव श्रीश सिंह ने पुलिस आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

# कुतुबपुर बीट का नाम बदलकर 'मनकामेश्वर मंदिर पुलिस चौकी' करने की अपील

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के ऐतिहासिक व धार्मिक महत्व वाले मनकामेश्वर मंदिर क्षेत्र में स्थायी पुलिस चौकी की मांग तेज हो गई है। थाना हसनगंज के अंतर्गत आने वाली कुतुबपुर बीट का नाम बदलकर 'मनकामेश्वर मंदिर पुलिस चौकी' करने और वर्तमान अस्थायी चौकी को स्थायी स्वरूप देने की मांग को लेकर मीडिया काउंसिल ऑफ इंडिया के सचिव श्रीश सिंह ने पुलिस आयुक्त लखनऊ अमरेंद्र सेंगर से उनके कार्यालय में मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा।




ज्ञापन में श्रीश सिंह ने कहा कि कुतुबपुर बीट का क्षेत्र मनकामेश्वर मंदिर वार्ड की लगभग 35 हजार की आबादी को कवर करता है। यह इलाका प्राचीन और ऐतिहासिक मनकामेश्वर मंदिर के चारों ओर फैला हुआ है। ऐसे में 'कुतुबपुर' नाम इस क्षेत्र की धार्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक पहचान के अनुरूप नहीं है।

उन्होंने बताया कि मनकामेश्वर मंदिर न केवल हजारों वर्षों से स्थापित एक सिद्धपीठ है, बल्कि प्रतिदिन यहां हजारों श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं। खासतौर पर श्रावण मास और महाशिवरात्रि पर यहां श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है, जिससे सुरक्षा और यातायात व्यवस्था की चुनौती बढ़ जाती है। स्थानीय पार्षद रणजीत सिंह ने अपने निजी संसाधनों से मंदिर के ठीक सामने एक अस्थायी पुलिस चौकी का निर्माण कराया था। इस चौकी के माध्यम से उपनिरीक्षक और आरक्षियों को बैठने और कार्य करने की सुविधा मिली, जिससे क्षेत्र की पुलिसिंग व्यवस्था बेहतर हुई। स्थानीय नागरिक लंबे समय से मांग कर रहे हैं कि इस चौकी को स्थायी स्वरूप देकर 'मनकामेश्वर मंदिर पुलिस चौकी' के नाम से अधिसूचित किया जाए। इससे न केवल श्रद्धालुओं और आम नागरिकों को सुरक्षा का भरोसा मिलेगा, बल्कि क्षेत्र की धार्मिक-सांस्कृतिक पहचान को भी सम्मान मिलेगा। श्रीश सिंह ने पुलिस आयुक्त से आग्रह किया कि बीट का नाम बदलने और स्थायी चौकी की अधिसूचना जल्द जारी की जाए, ताकि इस महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल की सुरक्षा व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ हो सके।

# व्यापारियों ने स्वदेशी वस्तुओं के इस्तेमाल की ली शपथ





लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। मंगलवार को लखनऊ व्यापार मण्डल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र ने मंच का संचालन करते हुए बताया कि प्रधानमंत्री के आवाहन पर लखनऊ में प्रदेश के व्यापारियों का विशाल समागम सम्पन्न हुआ, जिसके मुख्य अतिथि ब्रजेश पाठक उपमुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार रहे। इस मौके पर मुख्य अतिथि ब्रजेश पाठक ने कहा कि स्वदेशी वस्तुओं के प्रयोग से देश की अर्थ व्यवस्था मजबूत होती है स्थानीय उद्योग को बढ़ावा मिलता है और रोजगार के अवसर बढ़ते है। वहीं इस मौके पर उन्होंने व्यापारियों को शपथ दिलायी की हम भारत के व्यापारी शपथ लेते है कि राष्ट्रीय स्वाभिमान को विश्व में उच्चतम करने हेतु स्वदेशी वस्तुओं की खरीद, विक्री, एवं निर्माण कर, उपयोग व उपभोग की प्राथमिकता से अथक प्रयास करेंगे। भविष्य में शत प्रतिशत स्वदेशी व्यापार हेतु अपना तन-मन-धन राष्ट्र के प्रति न्यौछावर करेगें।

प्रान्तीय अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल ने सम्बोधित करते हुए कहा कि हम लोग विदेशी चीजों को ज्यादा अहमियत देते है जबकि हमें स्वदेशी चीजों पर ही निर्भर होना चाहिए। लखनऊ व्यापार मण्डल के चेयरमैन राजेन्द्र कुमार अग्रवाल ने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग से हमारा देश सशक्त बनेगा। हम सभी राष्ट्रहित के बारे में सोचेंगे तभी हमारा देश विश्वगुरू बन पाएगा। नगर अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र ने कहा कि वर्तमान समय में जब वैश्वीकरण ने दुनिया को एक वैश्विक बाजार में बदल दिया है स्वदेशी वस्तुओं को उपयोग न केवल हमारी संस्कृति और परंपराओं को बनाए रखने में सहायक है बल्कि यह हमारे देश की आर्थिक स्थिति को भी मजबूत करता है। विदेशी वस्तुओं पर निर्भरता कम होने से हमारी मुद्रा का मूल्य बढ़ता है और व्यापार घाटा कम होता है। कार्यक्रम में बनवारी लाल कंछल, अनिल विरमानी, राजेन्द्र कुमार अग्रवाल, अमरनाथ मिश्र, देवेन्द्र गुप्ता, अनुराग मिश्र, उमेश शर्मा, भारत भूषण गुप्ता, रामकुमार वर्मा, रविन्द्र गुप्ता, साकेत शर्मा, सुशील तिवारी, एम के शुक्ला व सतवीर सिंह राजू समेत अन्य मौजूद रहे।

## विपिन यादव बने रायबरेली के जिला सचिव



**निगोहां, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** भारतीय किसान यूनियन (लोकतांत्रिक) के प्रदेश सचिव अनमोल तिवारी ने अपने संगठन के विस्तार को लेकर एक बैठक आहूत किया , निगोहा के दखिना शेषपुर अपने आवास पर अनमोल तिवारी ने बैठक के दौरान रायबरेली के बछरांवा इलाके के चुरूवा गांव निवासी विपिन यादव को रायबरेली जनपद का जिला सचिव मनोनीत किया है। इस अवसर पर किसान संवाद एवं सदस्यता अभियान की शुरुआत की गई है। भाकियू के प्रदेश सचिव अनमोल तिवारी ने कहा कि भाकियू लोकतांत्रिक किसानों और मजदूरों का संगठन है उन्होंने यह भी कहा कि संगठन किसान हित के मुद्दों पर हमेशा किसानों के साथ खड़ा रहता है। इस मौके पर गुड्डन कुमार, शुभम कुमार, जिला कार्यकारिणी सदस्य मनोज सैनी, युवा प्रकोष्ठ से शिवम सिंह समेत भाकियू के कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

## अज्ञात कारणों के चलते मज़दूर नें ट्रेन के सामने कूदकर की आत्महत्या

**मलिहाबाद/लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** अज्ञात कारणों के चलते एक मजदूर ने एक्सप्रेस ट्रेन के सामने कूद कर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने शिनाख्त के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार मंगलवार सुबह करीब साढ़े 8 बजे पुलिस कंट्रोल रूम पर सदरपुर क्रॉसिंग के पास एक व्यक्ति के शव मिलने की सूचना मिली थी। जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त क्षेत्र के हिम्मत खेड़ा गांव निवासी मेवालाल 52 वर्ष के रूप में हुई। जांच में पता चला कि मृतक मजदूरी करने के साथ ही शराब पीने का आदी था। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि सुबह डाउन लाइन से पाटिलपुत्र एक्सप्रेस संख्या 22356 लखनऊ की तरफ जा रही थी। तभी मेवालाल ने ट्रेन के आगे कूदकर आत्मघाती कदम उठा लिया। फिलहाल, मृतक के पास किसी भी प्रकार का सुसाइड नोट नहीं मिला है। और नही आत्महत्या के कारणों का पता चल सका है। मृत्तक के परिवार में पत्नी रामदेही और तीन बेटियां और एक बेटा है, जिनका रो-रोकर बुरा हाल है।

# व्यापार मंडल ने एसडीएम को दिया ज्ञापन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सरोजनीनगर। उत्तर प्रदेश जनहित व्यापार मंडल ने प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश शर्मा के नेतृत्व में मंगलवार को सरोजनीनगर एसडीएम अंकित शुक्ला को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में ट्रांसपोर्ट नगर मेट्रो स्टेशन से अमौसी मेट्रो स्टेशन के बीच हो रही जलभराव की समस्या के समाधान की मांग की गई। एसडीएम ने समस्या के समाधान के लिए नगर निंगम जोन 5 और जोन 8 के अधिकारियों से बात करने का आश्वासन दिया। उन्होंने अतिशीघ्र व्यवस्था ठीक करने का वादा किया। साथ ही प्रदेश अध्यक्ष के अनुरोध पर दोनों जोन के अधिकारियों और व्यापार मंडल पदाधिकारियों के साथ जल्द ही बैठक करने की बात कही। ज्ञापन देने वालों मे संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. एके सिंह व अतुल सिंह, प्रदेश महामंत्री दिलीप त्रिवेदी, एयरपोर्ट इकाई के अध्यक्ष पवन तिवारी,विधानसभा प्रभारी जितेन्द्र कुमार हजेला, विधानसभा प्रभारी महिला प्रकोष्ठ हेमलता सिंह और अध्यक्ष नीरू तिवारी भी शामिल रही।

# माल सहित तीन शातिर चोर गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मोहनलालगंज। लखनऊ,मोहनलालगंज कस्बे में स्थित मुरली नगर कालोनी हुई चोरी की घटना का पुलिस ने चौबीस घंटे के भीतर सफल अनावरण करते हुए तीन शातिर चोरों को चोरी के माल सहित गिरफ्तार कर लिया है।ज्ञात हो कि मोहनलालगंज कस्बे में स्थित मुरलीनगर कॉलोनी निवासी विनय कुमार पुत्र स्व. सुनील कुमार अवस्थी ने बीते रविवार को मोहनलालगंज थाने में तहरीर देते हुए बताया कि बीते शनिवार को रायबरेली एक पारिवारिक कार्यक्रम में गए थे। अगले दिन लौटने पर उन्होंने देखा कि उनके मकान की छत का जाल टूटा हुआ था, सीढ़ियों का दरवाजा कटा था और अलमारी का लॉक तोड़कर उसमें रखे सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर लिए गए थे। वही पुलिस ने पीड़ित द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अज्ञात चोरों की तलाश में जुट गई।मोहनलालगंज एसीपी रजनीश वर्मा के पर्यवेक्षण एवं प्रभारी निरीक्षक दिलेश कुमार सिंह के नेतृत्व में एक पुलिस टीम गठित कर पचास से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज और तकनीकी विश्लेषण के आधार पर तीन संदिग्धों को चिन्हित किया गया। इंस्पेक्टर दिलेश कुमार सिंह ने बताया बीते सोमवार को रात गश्त के दौरान तीनों आरोपितों को फुलवरिया बाईपास की तरफ से भागते समय पुलिस टीम ने दबोच लिया। पूछताछ में उन्होंने मुरलीनगर कालोनी में चोरी की घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। इनके कब्जे से चोरी गया पूरा सामान बरामद कर लिया गया। पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए आरोपियों में अजय राजपूत उर्फ लिचक्कन पुत्र गुड्डू दूसरे पंकज पुत्र राजकुमार,निवासी दिवान गंज थाना मोहनलालगंज तीसरे मन्नालाल पुत्र शिवगोपाल निवासी नडौली थाना निगोहां लखनऊ के रूप में पहचान हुई है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में कस्बा चौकी इंचार्ज अतुल सिंह,उपनिरीक्षक परवेज आलम, दुर्गेश सिंह, कांस्टेबल दुर्गेश यादव और हेड कांस्टेबल राम मूर्ति सरोज विकास जायसवाल शामिल रहे। जिन्होंने सतर्कता और सूझबूझ से इस गिरोह को पकड़ने में अहम भूमिका निभाई।तीनों आरोपितों को नियमानुसार न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है। पुलिस की इस त्वरित कार्यवाही से क्षेत्र में जनता ने राहत की सांस ली है।

## समर्थ पोर्टल के जरिये होंगे एमबीबीएस, बीडीएस के दाखिले

**लखनऊ।** नीट यूजी 2025 के तहत एमबीबीएस और बीडीएस में पहले चरण की च्वाइस फीलिंग के बाद दाखिले के इच्छुक छात्रों के प्रवेश समर्थ पोर्टल के जरिये होंगे। अधिकृत सूत्रों ने बताया कि सरकार की मंशा केंद्रीयकृत प्रवेश प्रक्रिया को प्रभावी बनाना है। इस बाबत किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के डीन प्रो. वीरेंद्र आतम की ओर से आदेश जारी किया गया है। समर्थ को लागू करने के पीछे सरकार की मंशा है कि पोर्टल के जरिये होने से पूरा डेटा संग्रहित रहेगा। जरूरत पड़ने पर एक क्लिक में पूरी जानकारी उपलब्ध हो जाएगी। इसको देखते हुए सरकार ने 2025-26 से समर्थ पोर्टल को अनिवार्य कर दिया है। ऐसे में जैसे बीए, बीएससी और बीकॉम जैसे परंपरागत पाठ्यक्रमों के प्रवेश ज्यादातर विश्वविद्यालय में समर्थ पोर्टल के माध्यम से ही हो रहे हैं।

## सहकारी समितियों से यूरिया गायब किसान परेशान




**बंथरा, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** इलाके में धान की फसल के लिए इस समय यूरिया की अत्यंत आवश्यकता है। यही समय है जब किसान यूरिया के साथ अन्य उर्वरकों का प्रयोग कर फसल को रोग मुक्त के साथ उन्नत पैदावार के लिए तैयार कर सकता है। किंतु बड़े अफसोस की बात है कि किसान को इसी समय पर्याप्त मात्रा में यूरिया खाद नहीं मिल पा रही है एक ओर सरकार किसानों की समस्याओं को दूर करने के लिए प्रतिबद्ध है सरकार की ओर से तमाम प्रयास किए जा रहे हैं मोटा बजट भी खर्च हो रहा है बावजूद किसानों को चंद जिम्मेदार अधिकारियों,कर्मचारियों के लचर रवैये के कारण सहकारी समितियों से पर्याप्त मात्रा में यूरिया नहीं मिल पाती है। यही हाल नरायनपुर सहकारी समिति का है। यहां खाद कब आकर कब खत्म हो जाती है अधिकांश किसानों को पता ही नहीं चलता। वह जब समिति पर खाद के लिए जाते हैं तो उन्हें निराशा ही हांथ लगती है और समिति पर ताला लगा मिलता है। मंगलवार दोपहर भी यही हाल रहा यहां मवई गांव के किसान मोहनलाल जब खाद लेने पहुंचे तब उन्हें यहां ताला लगा मिला। किसान ने बताया कि वह एक हेक्टेयर धान की फसल लगाए है बीते दिनों समिति से उसे 2 बोरी खाद दी गई और बाद में आने के लिए कहा गया इस पर जब वह आज आया तो यहां ताला लटक रहा है इनके अलावा खाद के लिए समिति पर आए और अन्य किसान भी ताला देखकर मायूस हो लौट गए। सभी किसानों का कहना था कि अब वह निजी दुकान से ऊंची कीमत पर यूरिया लेने को मजबूर हैं। किसानों का यह भी कहना है कि खाद होने पर भी उन्हें सिर्फ दो बोरी ही खाद दी जाती है इस सूरत में जो भी किसान एक हेक्टेयर भी धान की फसल किया है उसके लिए खाद पर्याप्त नहीं होती इसके बाद वह किसान निजी दुकान से यूरिया खाद लेने को मजबूर होता है।

# भारतीय जन सेवा समिति महिला मंडल ने मनाया हरियाली तीज उत्सव

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। भारतीय जन सेवा समिति महिला मंडल के तत्वधान में मंगलवार को भव्य हरियाली तीज उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व महापौर संयुक्ता भाटिया, सुपर मॉम की प्रतिभागी रिद्धि तिवारी ने दीप प्रज्वलित कर किया। तीज उत्सव में लगभग 100 मातृशक्ति ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। वहीं तीज कार्यक्रम में सभी महिलाएं हरे रंग के परिधान में नजर आई।



कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने ग्रुप डांस, रैम्प वॉक, गायन, नृत्य, पर अपना जलवा बिखेरा। तो वही कार्यक्रम में कई तरह की प्रतियोगिता भी कराई गई। जिसमें बेस्ट डांस का खिताब प्रियंका साथी, पूनम बाजपेई, नीता द्विवेदी, पुष्पा अग्रवाल व प्रज्ञा अवस्थी को मिला, बेस्ट मेहंदी का खिताब मिथिलेश शुक्ला को मिला। इस मौके पर कुसुम गुप्ता, कल्पना सक्सेना, मीना चौबे, प्रीति बाजपेई, प्रियंका साथी, खुशी धीमान, नीता दिवेदी, पिंकी शाक्या, प्रगति श्रीवास्तव, शशि वर्मा, मीरा बंसल, गौरी त्रिपाठी, रीना साहू, ज्योति साहू, पुष्पा अग्रवाल, पूनम गुप्ता समेत बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रही।

# तमोरिया के हनुमान मंदिर में मूर्ति और मुकुट हुआ चोरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

### चोरी की घटना सी सी टीवी कैमरे में कैद, पुलिस के हिरासत में संदिग्ध

नगराम , लखनऊ। नगराम थाना क्षेत्र के तमोरिया गांव स्थित प्रसिद्ध हनुमान मंदिर में बीती रात बेखौफ चोरों ने बड़ी घटना को अंजाम देते हुए मंदिर में स्थापित मूर्ति एवं कीमती मुकुट को चुरा लिया। यह चोरी न सिर्फ आस्था पर चोट है, बल्कि क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े करती है। मंदिर में चोरी की जानकारी मिलते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई। ग्रामीणों की भीड़ मंदिर परिसर में जुट गई और ग्रामीणों में भारी रोष देखने को मिला। बताया जा रहा है कि चोरों की पूरी करतूत मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। फुटेज में दो संदिग्ध युवक मंदिर परिसर में दाखिल होते और चोरी की वारदात को अंजाम देते स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे हैं। नगराम पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए वीडियो फुटेज के आधार पर एक संदिग्ध युवक को हिरासत में लिया है, जिससे गहन पूछताछ की जा रही है। हालांकि मुख्य आरोपी अभी भी पुलिस की पकड़ से बाहर हैं। स्थानीय ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द चोरों को गिरफ्तार कर मंदिर की प्रतिष्ठा बहाल की जाए और ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए मंदिरों की सुरक्षा व्यवस्था और पुख्ता की जाए।नगराम थाना प्रभारी विवेक चौधरी का कहना है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच तेज कर दी गई है और अन्य संदिग्धों की पहचान के लिए वीडियो फुटेज को तकनीकी विशेषज्ञों की मदद से खंगाला जा रहा है। इस चोरी की घटना ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि चोरों के हौसले कितने बुलंद हैं और धार्मिक स्थलों तक को नहीं बख्शा जा रहा है। ग्रामीणों और श्रद्धालुओं में गहरी नाराजगी व्याप्त है।

## हवन यज्ञ के साथ साधकों द्वारा रोपें गये सैकड़ों वृक्ष

**नगराम, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** पूज्य आचार्य बालकृष्ण जी के जन्मदिवस को जड़ी बूटी दिवस के रूप में मनाया गया , जिसमें पतंजलि योग केंद्र गंगागंज में प्रभारी नागेश कुमार के द्वारा देव यज्ञ करके आचार्य जी के दीर्घायु की मंगल कामना की गई , कार्यक्रम में शामिल सभी योग साधकों ने आचार्य जी के लंबे जीवन की हार्दिक शुभकामनाएं दी । इसके बाद उपस्थित सभी 42 योग साधकों को पेड़ देकर उनकी देखभाल की जिम्मेदारी सौंपी गई । सी पी एल इंटर कॉलेज हरदोइया में भी 20 योग साधकों को पेड़ भेंट किए गए , साथ ही पतंजलि योग केन्द्र गोसाईगंज पूर्व में 20 योग साधकों को पेड़ दिए गए साथ में पतंजलि योग केन्द्र सिटी मांटेसरी स्कूल विस्तार गोमती नगर में उपस्थित 50 योग साधकों को भी उपहार में पेड़ देकर उनकी देखभाल की जिम्मेदारी दी गई । पतंजलि योग केन्द्र गंगा गंज के प्रभारी नागेश कुमार ने बताया कि नीम, बरगद, पीपल समेत फलदार पेड़ लगाए गए हैं। इस अवसर पर अनिल कुमार वर्मा, रवि वर्मा, रविंद्र नाथ, आनंद सोनी, सत्यनारायण यादव, कुलदीप यादव, उदय राज वर्मा, राजेंद्र बडोला, बीना बिष्ट , अखिलेश कुमार, बीएल यादव सहित तमाम योग साधक मौजूद थे ।

# वाहन खरीद में धोखाधड़ी, पीड़ित ने दी नामजद तहरीर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। पीजीआई कोतवाली क्षेत्र में रहने वाले एक वाहन मालिक ने अपनी एंबुलेंस संत कबीर नगर निवासी व्यक्ति को बेच दिया, लेकिन खरीददार ने शर्तों का उलंघन किया और वाहन की किस्तें नहीं दी । पीड़ित वाहन मालिक ने पीजीआई कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। पीड़ित दया शंकर दीक्षित निवासी कल्ली पश्चिम थाना पीजीआई रायबरेली रोड लखनऊ ने बताया कि उन्होंने अपनी एंबुलेंस यूपी 30 टी 7012 टवेरा एंबुलेंस रंग सफ़ेद आत्मा यादव पुत्र राम मिलन यादव निवासी ग्राम कोडवत गायघाट जनपद संत कबीर नगर को दिनांक 10/5/2022 को बेच दी थी, एंबुलेंस श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड लखनऊ से फाइनेंस है, विक्रय के लिए एक करार/एग्रीमेंट 11/5/2022 को किया गया था, जिसमें यह शर्त थी कि वाहन विक्रय के दिनांक के बाद से उसकी समस्त 31 किस्ते क्रेता द्वारा अदा की जाएगी परंतु क्रेता/आत्मा यादव द्वारा किस्ते अदा नहीं की जा रही है उपरोक्त आत्मा यादव ?द्वारा प्रार्थी के उपरोक्त वाहन को हड़प कर लेने की नीयत से किस्ते नहीं दी जा रही है। और प्रार्थी के साथ धोखाधड़ी विश्वासघात व जालसाजी करने की नीयत से उपरोक्त वाहन को बिना किस्ते दिए हड़प कर लेना चाहता है। तथा प्रार्थी ने फोन से जब आत्मा यादव से किस्ते जमा करने के लिए कहा तो आत्मा यादव द्वारा गलियां दी गई व जान से मारने की धमकी दी गई। कहा कि कोई किस्त तुम्हें नहीं देंगे तुमको जो करना है कर लो । पीड़ित ने पीजीआई कोतवाली पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है।

# दो दिवसीय विद्यालय प्रबंधन एवं विकास समिति का प्रशिक्षण संपन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सरोजनीनगर-लखनऊ। राजकीय हाई स्कूल सदरौना में दो दिवसीय विद्यालय प्रबंधन एवं विकास समिति का प्रशिक्षण मंगलवार को संपन्न हुआ। प्रशिक्षण में राजकीय हाई स्कूल सदरौना के अतिरिक्त राजकीय हाई स्कूल बबई तथा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज सिंगार नगर के प्रधानाचार्य सहित 10 शिक्षक उपस्थित रहे। प्रशिक्षण का उद्घाटन मनोज वर्मा सहायक शिक्षा निदेशक समग्र शिक्षा माध्यमिक ने दीप प्रज्वलित कर किया।



विशिष्ट अतिथि के रूप में बृजेश शर्मा विषय विशेषज्ञ समग्र शिक्षा उत्तर प्रदेश तथा संतोष मिश्रा जिला समन्वयक माध्यमिक लखनऊ ने उपस्थित होकर प्रबंध समिति के उद्देश्य विभाग की योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए मार्गदर्शन प्रदान किया। रश्मि पांडे प्रधानाचार्य द्वारा अतिथियों तथा कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागियों का अपने विद्यालय में उपस्थित होने पर बुके प्रदान करके स्वागत किया गया। अतिथिगण मनोज वर्मा सहायक शिक्षा निदेशक बृजेश शर्मा विषय विशेषज्ञ तथा संतोष मिश्रा जिला समन्वय द्वारा एक पेड़ मां के नाम भी लगाया गया।

प्रशिक्षण के समापन पर रश्मि पांडे द्वारा सभी प्रतिभागियों तथा प्रशिक्षण के उपरांत भ्रमण करते हुए समर कैंप में बच्चों द्वारा निर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी को दिखाते हुए अन्य निर्माण कार्य जैसे मल्टीपरपज हॉल लाइब्रेरी आदि को दिखाया गया तथा सभी उपस्थित जनों को धन्यवाद ज्ञापित कर कार्यक्रम समाप्त किया गया।

## बेख़ौफ़ चोरों का आतंक, पालेसर से लाखों का सामान किया पार

**नगराम, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नगराम थाना क्षेत्र के रसूलपुर मजरा समेसी गांव में स्थित पालेसर में बीती रात अज्ञात बेख़ौफ़ चोरों ने धावा बोलते हुए लाखों रुपये के सामान पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित अमरेश कुमार मौर्य ने चोरी होने की सूचना नगराम पुलिस को दी है। अमरेश कुमार मौर्य ने बताया कि वह गांव के बाहर एक पालेसर चलाने का कार्य करते हैं। बीते सोमवार की रात अज्ञात चोरों ने पालेसर में रखे तीन लोहे के बक्सों में से एक बड़ा बैटरा और एक छोटा बैटरा दो अम्पीयर मोटर और एक सोलर पैनल चोरी कर लिया। उन्होंने बताया कि चोरी की वारदात के वक्त पालेसर पर कोई मौजूद नहीं था और सुबह पहुंचने पर उन्होंने 112 डायल कर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पुलिस पहुंची नगराम पुलिस ने जांच पड़ताल कर वापिस लौट आई । अमरेश ने यह भी बताया कि छह महीने पूर्व भी उनके पालेसर से बैटरा और पैनल चोरी हो चुके हैं, लेकिन 6 माह बीत जाने के बावजूद अब तक चोरी का खुलासा नहीं हो सका है। पीड़ित ने नगराम पुलिस को तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। वही नगराम थाना प्रभारी विवेक चौधरी ने बताया की पीड़ित द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर घटना की जानकारी जुटाई जा रही है।

## उद्गम वेलफ़ेयर फाउंडेशन ने किया राग रंग रूप सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उद्गम वेलफ़ेयर फाउंडेशन के द्वारा मंगलवार को गोमती नगर स्थित एक निजी होटल में राग रंग रूप सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्था के द्वारा हर वर्ष यह सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। कार्यक्रम की आयोजक रूपाली श्रीवास्तव ने बताया कि राग रंग रूप एक सांस्कृतिक मंच है, जिसमें कला, संगीत एवं रचनात्मक प्रतिभाओं को प्रोत्साहन एवं प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान किया जाता है। इस मौके पर सभी महिलाएं बंगाली परिधान में नजर आई और सभी ने अपनी अपनी जबरदस्त प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन एंकर मनीष पंडित ने किया। कार्यक्रम के दौरान राहुल गुप्ता, अरुण प्रताप सिंह, गुंजन वर्मा, मोना सिंह, साध्वी त्रिपाठी, अर्चना सिंह, अनीता सिंह, रागिनी श्रीवास्तव, पदम दीक्षित, ऋचा दुबे समेत अन्य महिलाएं मौजूद रही।

# बरसात ने खोली नगर पालिका की पोल

## आज़ाद नगर जलभराव से बेहाल, बीमारियों का मंडराया खतरा

## जल भराव की समस्या से निपटने के लिए सारे इंतजाम केवल कागजो तक ही सीमित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर। उत्तर प्रदेश सरकार और जिला प्रशासन द्वारा बरसात से पहले जलभराव की समस्या से निपटने के लिए लाख दावे किए गए, करोड़ों खर्च किए गए हुए, फाइलें भरी गईं, फोटो खिंचवाए गए। लेकिन जब बारिश आई, तो सारी तैयारियों की असलियत भी बहकर निकल गई। सीतापुर जनपद के मोहल्ला आजाद नगर की गलियों में भरे पानी ने नगर पालिका सीतापुर की लापरवाही की पोल खोल कर रख दी है। यहाँ घरों के आंगन, गलियां और मुख्य सड़कें तक जलमग्न हो चुकी हैं। लोगों का घरों से निकलना दूभर हो गया है। नालों का गंदा पानी घरों में घुस चुका है, और हर तरफ बदबू व गंदगी फैली हुई है। इससे मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया जैसी जानलेवा बीमारियों का खतरा तेजी से बढ़ता जा रहा है।

### स्थानीय निवासी बोले: इंतजाम सिर्फ कागजों में हुए

बरसात से पहले सफाई, जल निकासी, नालों की मरम्मत, और सीवर सिस्टम की जांच महज औपचारिकता बन कर रह गई। ''सिर्फ दिखावे के लिए जेसीबी चला दी जाती है, लेकिन असल में नालों की गहराई तक सफाई नहीं होती। अब जब पानी घरों में घुसा है, तब कोई सुनने वाला नहीं।''

### प्रशासन की तैयारियों पर उठे गंभीर सवाल

नगर पालिका द्वारा दावा किया गया था कि बरसात से पहले सभी नालों की सफाई करा ली गई है और जल निकासी की व्यवस्था दुरुस्त है, लेकिन आजाद नगर के हालात देखते हुए यह स्पष्ट है कि सारा काम केवल कागजों तक सीमित रहा।क्या नगर पालिका ने सिर्फ रिपोर्ट पूरी करने और फोटो खिंचवाने के लिए ही इंतजाम दिखाए?क्या अधिकारी बारिश आने का इंतजार करते हैं ताकि फिर से राहत कार्यों के नाम पर नया बजट निकाला जा सके।

### अब बड़ा सवाल

अगर सब कुछ ''प्लान के अनुसार'' था, तो आज मोहल्ला जलमग्न क्यों है?, क्या नगर पालिका की जिम्मेदारी सिर्फ बारिश के बाद ''मुआयना'' करने तक सीमित है और सबसे अहम क्या किसी अधिकारी या जिम्मेदार के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई होगी, जरूरत है जवाबदेही की, सिर्फ जुबानी जमा-खर्च से अब काम नहीं चलेगा। बरसात आई नहीं कि शहर डूब गया यह किसी प्राकृतिक आपदा का नहीं, बल्कि प्रशासनिक विफलता का परिणाम है।

# जिला कारागार में रक्षाबंधन का जश्न,बंदीयों के कलाई पर राखी बांधने पहुंची बहन पारूल

गोरखपुर। जिला कारागार गोरखपुर के प्रांगण में प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय माउण्ट आबू (राजस्थान) के स्थानीय शाखा कार्यालय गोरखपुर केन्द्र की ओर से जिला कारागार गोरखपुर में निरुद्ध पुरुष व महिला बन्दियों को रक्षाबन्धन के पर्व के सुअवसर पर शाहपुर केन्द्र की प्रभारी बहन पारूल जी की टीम ने सर्वप्रथम जेल अधीक्षक डी. के पाण्डेय, जेलर अरूण कुमार कुशवाहा डिप्टी जेलर विजय कुमार, आदित्य कुमार जायसवाल, व कारागार फार्मासिस्ट शेष नरायण शर्मा आदि को राखी का पवित्र रक्षासूत्र बाँध कर एवं मिठाई खिलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात अन्य ब्रह्मकुमारी बहनों ने उपस्थित बन्दियों को राखी का पवित्र रक्षासूत्र बाँधा एव मिठाई खिलाया तथा बन्दियों भाईयों से वचन लिया कि भविष्य में कोई गलत कृत्य नहीं करेंगें। कुछ बहनों द्वारा महिला बैरक में जाकर महिला बन्दियों को भी राखी का पवित्र रक्षासूत्र बाँधा एव मिठाई खिलाया गया।बहन पारूल जी सभी लोगों को परमात्मा शिव का धरती पर अवतरण एवं आत्मिक स्वरूप की उन्नति के सम्बन्ध में ईश्वरीय सम्बोधन किया।

# निपुण भारत मिशन के तहत नेतृत्व एवं शैक्षिक क्षमता संवर्धन

## कार्यशाला में नेतृत्व, शैक्षिक डिज़ाइन, समीक्षा बैठकों एवं समस्या समाधान जैसे चार प्रमुख सत्र हुए आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर । जिलाधिकारी अभिषेक आनंद के संरक्षण एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के मार्गदर्शन में निपुण सेल, सीतापुर द्वारा ब्लॉक शिक्षा अधिकारियों के लिए निपुण भारत मिशन के अंतर्गत एक दिवसीय (6 घंटे) नेतृत्व एवं शैक्षिक क्षमता संवर्धन कार्यशाला का आयोजन राजकीय इंटर कॉलेज सीतापुर में किया गया।

कार्यशाला में नेतृत्व, शैक्षिक डिज़ाइन, समीक्षा बैठकों एवं समस्या समाधान जैसे चार प्रमुख सत्र आयोजित किए गए। इन सत्रों का संचालन दिल्ली एवं लखनऊ से आमंत्रित विशेषज्ञों द्वारा किया गया। इस अवसर पर जनपद के सभी ब्लॉक शिक्षा अधिकारीगण तथा राज्य स्तरीय संसाधन समूह के सदस्यगण उपस्थित रहे और सभी प्रतिभागियों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। कार्यशाला का शुभारंभ जिलाधिकारी के प्रेरणादायी संबोधन से हुआ, जिसमें उन्होंने संदर्शिका का प्रभावी उपयोग पर बल देते हुए कहा कि आप सभी सुनिश्चित करें कि हर शिक्षक संदर्शिका आधारित शिक्षण करें। उन्होंने विस्तार से बताया कि एक बी0ई0ओ0 के लिए नेतृत्व का वास्तविक अर्थ क्या है और इसे ज़मीनी स्तर पर कैसे उतारा जा सकता है।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह ने प्रतिभागियों से एक महत्वपूर्ण प्रश्न पूछा कि कर्तव्य और नौकरी में क्या अंतर है? उन्होंने इस प्रश्न के माध्यम से उपस्थित अधिकारियों को आत्ममंथन हेतु प्रेरित किया और वर्तमान सत्र की शैक्षिक प्राथमिकताओं पर प्रकाश डालते हुए यह साझा किया कि कैसे हम इस शैक्षणिक वर्ष का अधिकतम उपयोग कर बच्चों को निपुण लक्ष्यों के और अधिक निकट ला सकते हैं।

# मांगों को लेकर रेल कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर । पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ के महामंत्री विनोद राय के नेतृत्व में रेलवे स्टेशन गेट नंबर 1 के पास एयर कंडीशन कोच के कर्मचारी का प्रदर्शन हुआ प्राइवेट कर्मचारियों को कोच में ड्यूटी कराने के विरोध में अभी सभी विभाग अध्यक्ष को पत्र लिखकर के अवगत कराया गया था की कर्मचारी इतना है कि पूरा लखनऊ मंडल का कार्य चल रहा था कर्मचारी होने के बाद भी टेंडर देने का गंभीर मामला है रेल कर्मचारी से प्राइवेट कर्मचारियों को अधिक पैसा देना पड़ेगा लगभग 5 करोड़ का टेंडर किया जा रहा है जब कर्मचारी हैं और काम चल रहा है तो टेंडर देने का कोई औचित्य नहीं है इस पर विरोध प्रदर्शन लगातार चलेगा अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा प्राइवेट के कर्मचारी रेलवे कर्मचारी जो ट्रेन लेकर के चलते है उनको आप शब्दों का प्रयोग करते हैं और नीचा दिखाते हैं अभी ट्रेन में बैठने के लिए जो आदेश किया गया है वह गलत है एसी मैकेनिक जो कोच में चलते हैं यह ऐसे कर्मचारी हैं कि जो शुरू से लेकर के लास्ट तक जाते हैं और वहां से आते हैं और कर्मचारी का बीच में उनका ड्यूटी बदल जाता है लेकिन एयर कंडीशन कर्मचारी का5 6 दिन बाहर रहने के बादभी अपने घर आते हैं उनको आने-जाने के लिए कोई बैठने के लिए व्यवस्था नहीं है और ना कोई रनिंग रूम है बहुत पहले एसी कोच में बर्थ मिलता था किसी-किसी रेलवे में मिल रहा है अभी एक आदेश हुआ है कि स्लीपर में बर्थ दिया जाए और टॉयलेट के बगल में जो साइड में जो पटरा रहता है इसको रेल कर्मचारियों को मान्य नहीं है रेल कर्मचारी का सम्मान के साथ खिलवाड़ नहीं करना चाहिए अभी जनरल कोच का मामला पावर कर से सटे चल रहा था तब तक दूसरा आदेश प्राइवेट का कर दिया गया इलेक्ट्रिक का काम मैकेनिकल देखेगा उसका आदेश विरोध करने परअभी वापस किया गया है पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ मांग करता है कर्मचारी होने के बावजूद टेंडर ना किया जाए और कर्मचारियों को एयर कंडीशन कोच में बर्थ दिया जाए और लास्ट स्टेशन पर जहां गाड़ी रूकती है वहां रनिंग रूम की और खाने की व्यवस्था किया जाए पावर कार और एयर कंडीशन कोच के बीच में जो जनरल कोच लगाए जा रहे हैं उसको हटाया जाए एक तरफ लगाया जाए सभी अधिकारियों से विनम्र अनुरोध है इस मामले को गंभीरता से लेते हुए बोर्ड को पत्र भेजने का काम करें और पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ ने फ़ेडरेशन के महामंत्री को अवगत करा दिया गया है कर्मचारियों का समस्या अगर दूर नहीं हुआ तो लगातार आंदोलन किया जाएगा

# शाह ने नक्सलवाद–आतंकवाद के खिलाफ लड़ी निर्णायक लड़ाई : स्वतंत्र देव

लखनऊ । प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिह ने कहा कि गृह मंत्री अमित शाह ने नक्सलवाद और आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ी है और उनका कार्यकाल देश के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में अंकित रहेगा। जल शक्ति मंत्री ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा कि, ह्ल 2258 दिन पूरे कर आज हम सभी के प्रेरणास्त्रोत अमित शाह ने भारत के सबसे दीर्घकालीन गृह मंत्री बनने का गौरव प्राप्त किया हैं। एक गृहमंत्री के रूप में माननीय अमित शाह जी का कार्यकाल राष्ट्र के इतिहास में स्वर्णाक्षरों में अंकित रहेगा।ङ्क उन्होंने कहा कि आज का दिन विशेष रूप से ऐतिहासिक है क्योंकि इसी दिन उनकी अटल नेतृत्व क्षमता और अद्भुत निर्णयशक्ति से अनुच्छेद 370 समाप्त हुआ था, जिसने कश्मीर को मुख्यधारा में लाने का मार्ग प्रशस्त किया। स्वतंत्र देव सिह ने कहा, ह्लदेश के भीतर आतंकवाद और नक्सलवाद के विरुद्ध निर्णायक लड़ाई में उनकी रणनीति, संकल्प और समर्पण प्रेरणा का स्त्रोत है।

# पादरी बाजार में तेंदुए का आतंक , भय में कॉलोनी वासी

## तेंदुआ पकड़ने में प्रशासन हो रहा है फ़ेल, लोगों में भय

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर । इन दोनों गोरखपुर के शाहपुर थाना अंतर्गत पादरी बाजार स्थित मोहनपुर में तेंदुए का भयंकर आतंक व्याप्त है । बीते दिनों सुबह मॉर्निंग वॉक कर रहे लोगों पर तेंदुए ने मोहनापुर डिवाइन पब्लिक स्कूल के पास धावा बोल दिया , जिससे एक महिला गंभीर रूप से जख्मी हो गई । जिसका इलाज चल रहा है । बीतें दो दिनों से तेंदुआ जगह-जगह कुत्ता का शिकार करता हुआ दिखाई दिया जो सीसीटीवी में कैद हो गया है । हालांकि इसके बाद प्रशासन सतर्क होकर जगह-जगह पिंजरे में बकरियां बन्द कर रखी हैं तथा ड्रोन कैमरे से तेंदुआ पकड़े जाने की निगरानी भी हो रही है । इन सब के बावजूद भी तेंदुआ आराम से शहर में घूम रहा है , जिससे स्कूली बच्चे स्कूल जाना बंद कर दिए हैं तथा भय से लोग अपने-अपने घरों से बाहर तक निकलना बंद कर दिए हैं । बीती रात पादरी बाजार के सरस्वतीपुरम कॉलोनी लेन प्रथम स्थित जेल बाईपास रोड में रमेश मणि त्रिपाठी के घर पर तेंदुआ का भय देखा गया । रात में तेंदुआ या कोई अन्य कोई जानवर जिसको देखा नहीं गया है बाउंड्री वाल के अंदर कूद कर अंदर रखा स्कूटी के सीट का चिथड़ा -चिथड़ा कर अस्त-व्यस्त कर दिया । भूख के गुस्से से पूरा उछलकूद मचाते हुए सामानों को नुकसान पहुचाया । सुबह जानकारी होने पर वन विभाग के अधिकारियों को लगातार फोन करने के बाद करीब 3 घंटे बाद 11:00 बजे के आसपास घर पहुंच कर तेंदुओं के निशान की जांच की । वन विभाग के अधिकारी यह बताने की स्थिति में नहीं थे कि यह आतंक किस जानवर का है । जानवर द्वारा जगह-जगह किये गए शौच का नमूना लेकर जांच किया जा रहा है । प्रशासन तेंदुए को पकड़ने की लगातार कोशिश कर रहा है लेकिन तेंदुआ सभी को छका कर आजाद घूम रहा है और सभी लोग आतंक में अपना जीवन जीने को मजबूर है ।

# रिमझिम बारिश में नाव से पहुंचे एडीएम लालबोझी में राहत कार्यों की परखी हकीकत

## बाढ़ग्रस्त गांव में भोजन, दवाओं और पशुसेवा के दिए निर्देश, आश्रय केंद्र की व्यवस्थाओं का भी लिया जायज

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। अगस्त। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के निर्देश पर मंगलवार को रिमझिम बारिश के बीच एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया। एसडीएम राजीव कुमार निगम संग वह नाव के जरिए लालबोझी गांव पहुंचे, जहां चारों ओर फैले जलभराव के बीच उन्होंने हालात का जायजा लिया।गांव में पहुंचकर एडीएम ने ग्रामीणों से संवाद किया, उनकी समस्याएं सुनीं और राहत कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने मौके पर मौजूद प्रशासनिक अमले को निर्देशित किया कि शाम से ही दोनों समय का लंच पैकेट वितरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि किसी भी ग्रामीण को भोजन की समस्या न हो।*गर्भवती महिलाओं को मिले दवा, पशुओं को टीके एडीएम ने गांव में मौजूद आशा बहू को निर्देश दिए गए कि गर्भवती महिलाओं को आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराई जाएं। साथ ही पशु चिकित्सा विभाग की टीम को सक्रिय करते हुए बाढ़ प्रभावित इलाकों में पशुओं के टीकाकरण व देखरेख की व्यवस्था तत्काल सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। एडीएम ने सभी लेखपालों को अपने-अपने क्षेत्रों में सतत निगरानी बनाए रखने और जनसंपर्क में रहने के निर्देश दिए, ताकि हर जरूरतमंद तक सहायता पहुंचाई जा सके।

### आश्रय केंद्र की भी जांच

इसके बाद एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने रामाधीन इंटर कॉलेज बम्बनपुर स्थित बाढ़ आश्रय केंद्र पहुंचे। वहां उन्होंने ठहराए गए लोगों से बातचीत कर व्यवस्थाओं का हाल जाना। उन्होंने साफ-सफाई, भोजन, पेयजल व चिकित्सा जैसी आवश्यक सुविधाओं को लेकर अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए।

### लालबोझी में 300 परिवारों को तहसील प्रशासन ने बांटे लंच पैकेट

बाढ़ग्रस्त लालबोझी गांव का निरीक्षण कर लौटते ही एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह के निर्देश पर तहसील प्रशासन ने राहत कार्य तेज कर दिया। मंगलवार शाम तक करीब 300 प्रभावित परिवारों को लंच पैकेट वितरित किए गए। प्रशासन की टीम ने नावों के जरिए भोजन के पैकेट गांव-गांव पहुंचाए। बाढ़ के कारण रास्ते बाधित होने के बावजूद राजस्व व आपदा प्रबंधन टीमें पूरे सक्रिय मोड में नजर आईं। ग्रामीणों ने भोजन मिलने पर राहत की सांस ली।

# पीएम फसल बीमा योजना की तिथि बढ़ी अब 30 अगस्त तक करा सकेंगे बीमा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी। किसानों को राहत देते हुए भारत सरकार ने पीएम फसल बीमा योजना के तहत बीमा कराने की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। अब ऋणी किसानों के लिए यह तिथि 31 जुलाई से बढ़ाकर 30 अगस्त 2025 कर दी गई है, वहीं गैर ऋणी किसानों के लिए यह तिथि 14 अगस्त 2025 निर्धारित की गई है।जिला कृषि अधिकारी सूर्य प्रताप सिंह ने बताया कि गैर ऋणी किसान अपना आधार कार्ड, स्वप्रमाणित फसल बुवाई घोषणा पत्र, नवीनतम खतौनी की नकल, बैंक पासबुक की छाया प्रति (IFSC कोड सहित) लेकर नजदीकी कॉमन सर्विस सेंटर या बैंक शाखा में जाकर निर्धारित प्रीमियम राशि जमा कर बीमा करा सकते हैं। उन्होंने बताया कि ऋणी किसान अपने बैंक से संपर्क कर यह सुनिश्चित कर लें कि उनकी फसल का बीमा किया गया है या नहीं। यदि अब तक बीमा नहीं हुआ है तो तुरंत बैंक को सूचित कर बीमा कराएं। फसल बीमा के लिए इस वर्ष यूनिवर्सल सैम्पू इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड को नामित किया गया है। अब तक 7000 से अधिक किसान इस योजना से जुड़ चुके हैं।

**ये फसलें होंगी बीमित**

किसान खरीफ सीजन की अधिसूचित फसलें जैसे कि धान, मक्का, उड़द और मूंगफली का बीमा करा सकते हैं। योजना के अंतर्गत प्राकृतिक आपदाओं, कीट, रोग, ओलावृष्टि, जलभराव, बादल फटना, भूस्खलन, बिजली गिरना, चक्रवात या बेमौसम वर्षा से फसल को क्षति होने पर किसानों को बीमा लाभ मिलेगा।यह योजना फसल की असफल बुवाई से लेकर कटाई के बाद खेत में सुखाई तक की अवधि में नुकसान की भरपाई सुनिश्चित करती है।

**सूचना देने के लिए टोल फ्री नंबर**

योजना के तहत बीमित किसान आपदा की स्थिति में 72 घंटे के भीतर टोल फ्री नंबर 14447 पर सूचना देकर क्लेम प्रक्रिया शुरू करा सकते हैं। इसी नंबर पर कॉल कर योजना से जुड़ी अन्य जानकारियां भी प्राप्त की जा सकती हैं।जिला कृषि अधिकारी ने अपील की है कि जनपद के समस्त किसान अधिक से अधिक संख्या में इस योजना से जुड़कर प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान से बचाव सुनिश्चित करें।

# पुलिस मुठभेड़ में 50 हजार का इनामिया बदमाश इरफान गिरफ्तार



लखीमपुर खीरी। तेज तर्रार कप्तान संकल्प शर्मा के कुशल निर्देशन में मितौली पुलिस और स्वाट टीम को मिली बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस मुठभेड़ में शातिर अपराधी इरफान पुलिस के हत्थे चढ़ा है। प्रभारी निरीक्षक मितौली शिवा दुबे व स्वाट टीम के संयुक्त आपरेशन में 50 हजार के इनामिया बदमाश इरफान बरे में सूचना मिली। जिस पर पर घेराबंदी कर उसे सिरेंडर करने को बोला लेकिन उसने पुलिस पर हमला बोल दिया। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में बदमाश के पैर में गोली लगी। मुठभेड़ में ढेर अपराधी इरफान पर कई संगीन धाराओं में मुकदमे दर्ज हे। चंदौली पुलिस को इसकी बहुत दिनों से तलाश थी। मितौली थाना क्षेत्र में अपराधियों में मितौली पुलिस का गहरा खौफ था।

# प्रधानाचार्य परिषद द्वारा सेवानिवृत्त और नवागत प्रधानाचार्यों का सम्मान



उन्नाव। अटल बिहारी इंटर कॉलेज में उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद द्वारा सेवानिवृत्त और नवागत प्रधानाचार्यों के सम्मान में एक भव्य समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला अधिकारी गौरांग राठी और सिटी मजिस्ट्रेट राजीव राज मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।आपको बताते कि सेवानिवृत्त प्रधानाचार्यों को उनके लंबे और उत्कृष्ट सेवाकाल के लिए सम्मानित किया गया। साथ ही नवागत प्रधानाचार्यों को उनकी नई जिम्मेदारी के लिए बधाई दी गई और उन्हें अपने नए पद पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया गया

# एक्सप्रेस वे के आस पास की संपत्तियों पर विकास शुल्क बढ़ाने की तैयारी

लखनऊ । उत्तर प्रदेश सरकार अब एक्सप्रेसवे के आसपास की संपत्तियों के लिए विकास शुल्क बढ़ाने की योजना बना रही है। लखनऊ विकास प्राधिकरण ने इसको लेकर मंगलवार को एक बैठक बुलाई थी जिसमें कई प्रस्तावों पर चर्चा की गई। प्राधिकरण के अधिकारियों की मानें तो जयप्रकाश नारायण अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर के लिए एक एजेंसी नियुक्त करने और अनंतनगर आवास योजना, आईटी सिटी सहित आगामी आवासीय योजनाओं के लिए बजट आवंटित करने के प्रस्ताव पर प्राधिकरण ने बैठक बुलाई थी जिसमें इन मुद्दों को लेकर चर्चा हुई। प्राधिकरण के एक अधिकारी ने बताया कि, शहीद पथ, किसान पथ और ग्रीन कॉरिडोर के 500 मीटर के दायरे में स्थित संपत्तियों के लिए विशेष सुविधा शुल्क बढ़ाने के प्रस्ताव पर भी चर्चा हुई है। एकत्रित राशि का उपयोग इन क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे और नागरिक सुधारों के लिए किया जाएगा। इसके अलावा, जेपीएनआईसी के प्रबंधन और एलडीए को नियंत्रण हस्तांतरित करने के लिए एक एजेंसी को मंजूरी देने का मामला भी बैठक में उठा।

# निजी हॉस्पिटल संचालक को साजिशन फंसाने का किया जा रहा प्रयास

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी। वर्तमान समय में कुछ ऐसे अराजक तत्व सामज के बीच में आपको मिलेंगें जोकि काम के न काज के,दुश्मन अनाज के कहावत को चरितार्थ करने में लगे हुये हैं।समाज मे फैली कुरीतियों को न देखकर अपने ही लाभ के बारे में सोचते रहते हैं, कहीं से भी हो,कैसे भी हो पर उनको उसका लाभ मिलना चाहिए।आइये ऐसे ही समाज के एक व्यक्ति के बारे में कुछ जानकारी हासिल की गई है,जो आपको सच्चाई का आइना दिखाने में बहुत हद तक शायद कारगर साबित होगा।जनपद खीरी के ब्लाक रमियाबेहड़ मे एक व्यक्ति ने अपने रिश्तेदार की मदद करने के लिए एक निजी क्लीनिक के डॉक्टर को फ़साने मे कोई कसर नही छोड़ी।व्यक्ति द्वारा डॉक्टर को बच्चे के मरने के बाद भ्रामक तरीके से इलाज करने के लिए डॉक्टर के पास जाकर सूचना दी गयी और इलाज करने के लिए बोला तो डॉक्टर ने बच्चे को लेकर आने के लिए बोल दिया।जब उस व्यक्ति द्वारा बच्चे को डॉक्टर के पास ले जाने के बाद उसकी हालत देखी तो उन्होंने जांच करवाने के लिए बोला,जब लैब के लड़कों द्वारा सैम्पल लिया गया फिर उसके बाद जब रिपोर्ट आयी तो पता चला कि जांच रिपोर्ट मे 4 पॉइंट हैमोग्लोबिन है और टाइफाइड भी है।रिपोर्ट देखने के बाद डॉक्टर ने मौजूदा प्रधान व अन्य कई व्यक्तियों के सामने स्पष्ट शब्दों मे बोल दिया कि मेरे बस की बात नही है और आप अपनी रिपोर्ट और बच्चे को लेकर जाइये और जहाँ आपकी मर्जी हो,वहां जाकर दिखा लीजिये।जिसके बाद व्यक्ति द्वारा रिपोर्ट और बच्चे को लेकर रामियाबेहड़ अस्पताल ले जाया गया तो वहाँ चिकित्सक द्वारा देखा गया।फिर अचानक क्या हुआ कि उसके बाद मृतका महिला के घरवाले व रिश्तेदार लखीमपुर एलआरपी चौराहा स्थित नाइस नर्सिंग होम लेकर गये।वहाँ पहुंचकर व्यक्ति के साले द्वारा डॉक्टर के पास कॉल आया और बोला गया कि आप मुझको बीस हजार रुपये दीजिये नही तो मै तुमको उल्टा फांस दूंगा जिसको सुनकर डॉक्टर ने स्पष्ट रूप से पैसे देने के लिए इंकार कर दिया,तो उल्टे ही डॉक्टर को फँसाने के लिए वही व्यक्ति एसपी खीरी सहित अन्य अधिकारियों के चक्कर काटने लगा और तो और व्यक्ति द्वारा कई पत्रकारों से मिलकर प्रार्थना-पत्र लिखवाया गयाऔर एक प्रार्थना-पत्र कफारा चौकी मे भी दिया गया और उसके बाद पुलिस अधीक्षक के पास भी प्रार्थना-पत्र दिया गया और जनसुवाई मे भी शिकायत की गयी शिकायत करने के बाद व्यक्ति द्वारा डॉक्टर को लगातार डराया व धमकाया जाने लगा। जब इस तरह से ही बेगुनाह डॉक्टर को व्यक्तियों द्वारा साजिसन फ़साने की लगातार प्रयास किया जा रहा है और स्वच्छ छवि को धूमिल करने की कोशिश की जायेगी।

**रामियाबेहड़ डॉक्टर पर लगाए गये आरोप साबित हुए निराधार व पत्रकार को भी किया भ्रमित**

और तो और उपरोक्त व्यक्ति ने पत्रकारों को भी भ्रम में डाल दिया और आरोप लगवाया कि रमियाबेहड़ सीएचसी अधीक्षक का मोबाइल रख कर डॉक्टर संतोष वर्मा पत्रकारों को भ्रमित कर रहे हैं जबकि मौजूद साक्ष्यों के अनुसार ऐसा कुछ भी नही है और लगाए गये आरोप बिलकुल निराधार है। डॉक्टर पर मिथ्या आरोप लगाया गया कि वह पत्रकारों को मिथ्या जानकारी दे रहे है और संतोष वर्मा सीएचसी अधीक्षक का फोन रिसीव कर रहे है, वही पीड़ित की पत्नी के प्रसव पीड़ा होने पर डॉक्टर के इलाज करने पर पीड़ित की पत्नी और नवजात शिशु मौत की हुई थी,जबकि ऐसा कुछ भी नही है। वही पीड़ित ने आरोप लगाते हुए बताया है की डॉक्टर से जबरन सूलह समझौता कराया गया। पीड़ित ने एसपी को लिखित प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगायी है,जोकि सरासर निराधार है।

### क्या बोले डॉ. सन्तोष वर्मा

जब उक्त सीएचसी प्रभारी की कॉल रिसीव करने की जानकारी करने पर बताया कि जिस दिन की यह बात है मैं उस दिन लखनऊ में था,ऐसा कुछ नही कि आखिर हमें लोग क्यों परेशान करने पर तुले हुये हैं।

### क्या बोले सीएचसी प्रभारी एमके शुक्ला

जब उक्त बाबत सीएचसी प्रभारी से दूरभाष के माध्यम से जानकारी ली गयी तो बताया ऐसा कुछ नही है,कि मेरा मोबाइल किसी दूसरे के पास कैसे हो सकता है, अगर है भी तो कोई सटीक जवाब फिर कैसे दे पायेगा। शेष विधवत अगले अंक में.....

# अपने कृतित्व के बल पर पण्डित जी ने बनाई अपनी अलग पहचान :प्रो. अनंत मिश्र

गोरखपुर। पं. हरिशंकर तिवारी व जनेश्वर मिश्र की जयंती आज ही है। दोनों जननायक अपने कृतित्वों के बल अपनी अलग पहचान बनाई। पण्डित जी अपने विरोधियों को धूल चटाने का काम किया है। अन्याय करने वालों को करारा जवाब दिया।उनकी पहचान विकास पुरुष के रुप में रही। यह विचार पं. हरिशंकर तिवारी के जन्मदिन समारोह को नेशनल पीजी कालेज बड़हलगंज के सभागार मे संबोधित करते हुए गोविवि के हिन्दी विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रोफ़ेसर अनंत मिश्र ने बतौर मुख्य अतिथि व्यक्त किया । तत्त्सभागार के अंदर व बाहर जुटे हजारों समर्थकों को संबोधित करते हुए प्रो अनंत मिश्र ने कहा कि पण्डित जी समाजवादी सोच के धनी थी। विधि संकाय के डीन प्रो. जीतेन्द्र मिश्र ने कहा कि राजनीति का जन्म ही अन्याय से होता है। पंडित जी ने अन्याय से मुक्ति दिलाई। जन्म से सनातनी, कर्म से समाजवादी व रहन-सहन से संत थे। और किसी की मदद करनी होती थी तो वह पूंजीवादी हो जाते थे। कितनी ही गरीब बेटियों की शादी कराये किन्तु कहीं अपना नाम नही आने दिया। पूर्व विधायक विनयशंकर तिवारी ने पंडित जी के व्यक्तित्व, कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 1985 के बाद पंडित जी के कार्यकाल में चिल्लूपार में चिकित्सा, शिक्षा व सड़क मार्ग के निर्माण में अभूतपूर्व विकास हुआ। डा. मनोज यादव ने कहा कि हमारे पास शब्द नही है, भाव है। कार्यक्रम को पूर्व प्राचार्य डा. देवेन्द्रनाभ त्रिपाठी, पूर्व प्रमुख राजबहादुर सिंह,प्रेम शंकर मिश्र एडवोकेट,मदरिया सिद्ध पीठ के उत्तराधिकारी महंत श्रीशदास महाराज, पूर्व चेयरमैन कोआपरेटिव रामदरश विद्यार्थी ने भी संबोधित किया। विधान परिषद के पूर्व सभापति गणेश शंकर पांडेय व पूर्व सांसद कुशल तिवारी ने अतिथियों व जनता जनार्दन का आभार व्यक्त किया। संचालन प्राचार्य प्रो. राकेश कुमार पांडेय तथा डा. सुधीर शुक्ल ने किया।*65 छात्र/छात्राओ को 21सौ रुपए का चेक देकर किया सम्मानित*पूर्व विधायक विनय शंकर तिवारी व विधान परिषद के पूर्व सभापति गणेश शंकर पाण्डेय ने पीजी कालेज के समस्त क्लास व विभाग के सर्वोच्च अंक पाने वाले 65 छात्र/छात्राओ को पं. हरिशंकर तिवारी मेमोरियल छात्रवृत्ति के अंतर्गत 21सौ रुपए व प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया। ऐसा अब पंडित जी हर जयंती पर किया जाएगा।

# बारिश से नैय्या नाला उफान पर, अलर्ट

**निर्माणाधीन पुल के बगल से वाहनों और लोगों के आने जाने के लिए बनाए गए बाईपास का रोड दरारे आ गयी, और सड़क धंसने से मार्ग पर चलने वाले वाहनों, पैदल यात्रियों के लिए खतरा बढ़ गया**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

महराजगंज, रायबरेली। बीते चार दिनों से हो रही लगातार बारिश से नैय्या नाला उफान पर हैं। महराजगंज इन्हौना मार्ग पर आने जाने वालों के लिए खतरा बढ़ गया है। मानसून के बादलों से परेशानी का पानी बरस रहा है। मूसलाधार बारिश से कैर गांव के पास नैय्या नाला का निर्माणाधीन पुल के बगल से वाहनों और लोगों के आने जाने के लिए बनाए गए बाईपास का रोड दरार देने और धंसने से मार्ग पर चलने वाले वाहनों, पैदल यात्रियों के लिए खतरा बढ़ गया है। नैय्या का जलस्तर बढ़ने से प्रशासन पूरी तरह अलर्ट हो गया है, खतरे को भापते हुए मंगलवार को पुलिस ने आनन-फानन इन्हौना के तरफ मऊ की बड़ी नहर के पास और महराजगंज की तरफ पूरे सुखई तिराहे पर बैरिकेडिंग लगवा दी है, महराजगंज इन्हौना मार्ग पर छोटे, बड़े और दो पहिया वाहनों तथा यात्रियों का आवागमन रोक दिया गया है। आपको बता दें कि, उत्तर प्रदेश के रायबरेली में मानसून के बादलों से परेशानी का पानी बरस रहा है, जिससे आमजन जीवन काफी प्रभावित है। लगातार हो रही बारिश से क्षेत्र के नैय्या नाला उफान पर हैं। महराजगंज इन्हौना मार्ग पर बीते 4 महीना से निर्माणाधीन पुल के बगल से बनाया गया बाईपास जगह-जगह से धंस गया है, जिससे छोटे-बड़े वाहनों समेत आने जाने वालों के लिए खतरा पैदा हो गया है। कैर गांव के पास स्थित निर्माणाधीन पुल के नैय्ना का जलस्तर बढ़ता देख प्रशासन पूरी तरह अलर्ट हो गया है। आज मंगलवार को इन्हौना की तरफ मऊ की बड़े नहर के पास और महराजगंज की तरफ पूरे सुखई तिराहे के पास पुलिस ने बैरिकेडिंग लगवा कर बड़े, छोटे वाहनों तथा लोगों का आवागमन पूरी तरह रोक दिया है। प्रशासन का कहना है कि, जब तक स्थिति सामान्य नहीं होती, तब तक इस मार्ग पर लोगों का आवागमन रोका गया है। बारिश बंद होने पर जैसे ही स्थिति सामान्य होगी, पुनः आवागमन बहाल किया जाएगा। तब तक बड़े, छोटे एवं दो पहिया वाहनों तथा लोगों को अपना रूट डायवर्ट करके गंतव्य तक पहुंचना होगा, ताकि होने वाले खतरे से लोग सुरक्षित रहे। कैर नैय्ना के निर्माणाधीन पुल के बगल से बनाए गए बाईपास से हर रोज इन्हौना की तरफ से रायबरेली लखनऊ, इलाहाबाद, वाराणसी, दिल्ली तथा महराजगंज की तरफ से इन्हौना, बाराबंकी, फैजाबाद, अमेठी, सुल्तानपुर आने जाने के लिए हजारों छोटे बड़े वाहनों समेत सैकड़ो पैदल यात्री इसी बाईपास का इस्तेमाल करते हैं। विगत चार माह पूर्व पुराने और जर्जर पुल को तोड़कर नया पुल निर्माण का कार्य प्रगति पर था, बीते चार दिनों से तेज बारिश के कारण नैय्या के उफान पर आने से बाईपास जगह-जगह से दराज दे गया, और जगह-जगह से धंस गया, खतरे की आशंका को देखते हुए प्रशासन ने बाईपास के एक तरफ 9 किलोमीटर की दूरी पर तथा दूसरी तरफ 2 किलोमीटर की दूरी पर बेरीकेटिंग करवरकर वाहनों तथा पैदल चलने वालों का आवागमन फिलहाल के लिए रोक दिया है।

## प्राइवेट अस्पताल में नवजात की मौत, हंगामा

बदायूं। सदर कोतवाली क्षेत्र के जालंधरी सराय स्थित एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती नवजात बच्ची की इलाज के दौरान मौत हो गई। इससे गुस्साए परिजनों ने हंगामा किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को शांत कराया। इस बीच परिजन व अस्पताल प्रबंधन में आपसी समझौता हो गया। इसके चलते परिजनों ने कार्रवाई से इंकार कर दिया। वजीरगंज कस्बा निवासी आकाश की पत्नी नीतू ने 30 जुलाई को बदायूं के प्राइवेट अस्पताल में बेटी को जन्म दिया। इस दौरान नवजात के मुंह में गंदा पानी चला गया था। इससे उसकी हालत बिगड़ गई थी। इसके चलते उसे ऑक्सीजन लेने में परेशानी हो रही थी। महिला डॉक्टर की सलाह पर परिजनों ने नवजात बच्ची को 31 जुलाई के लिए जालंधरी सराय स्थित एक अस्पताल में भर्ती करा दिया था। तब से उसका उपचार इसी अस्पताल में चल रहा था। सोमवार सुबह बच्ची ने हालत बिगड़ने के बाद दम तोड़ दिया। बच्ची की मौत से गुस्साए परिजनों ने अस्पताल स्टाफ पर लापरवाही का आरोप लगाया। परिजनों ने जमकर हंगामा किया। इससे अस्पताल स्टाफ में अफरा तफरी मच गई। हंगामे की सूचना पर सदर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने हंगामा शांत कराया है। जिसके बाद परिजनों व अस्पताल प्रबंधन में आपसी समझौता हो गया। परिजन रोते बिलखते बच्ची के शव को घर ले गए। सदर कोतवाल प्रवीण सिंह ने बताया कि सूचना पर पुलिस अस्पताल गई थी। अस्पताल के डॉक्टर व परिजनों ने समझौता कर लिया। परिजनों ने कार्रवाई से इंकार किया है।

## ककराला के एक घर में लाखों की चोरी

बदायूं। थाना अलापुर क्षेत्र के ककराला बीते पूर्व की रात बंद मकान का ताला तोड़कर चोरों ने नकद, जेवर व कीमती सामान चोरी कर ली। गृहस्वामी की तीन माह पहले ही शादी हुई है। शादी में दुल्हन के जेवर और दहेज का सामान भी घर में ही रखा था। घटना की रात घर में कोई नहीं था। चोरों ने मौका देख बड़ी घटना को अंजाम दिया है। कस्बा के वार्ड 23 के निवासी सैफ अली खान का मकान मदीना मस्जिद के पीछे गली में है। तीन माह पहले बदायूं से उनकी शादी हुई है। रविवार को वह घर में ताला बंद कर अन्य सदस्यों के साथ बदायूं से दवा लेने गए थे। देर हो जाने पर अपनी ससुराल में रुक गए। रात में किसी समय चोरों ने उनके मकान का ताला तोड़कर के माल पर हाथ साफ कर लिया। पड़ोसियों ने सोमवार की सुबह उनके मकान का ताला टूटा देखा तो फोन पर उन्हें सूचना दी। जब वह बदायूं से लौटे तो देखा की मकान में अंदर सामान बिखरा पड़ा है। घर में रखी अलमारी के दरवाजे खुले पड़े हैं। उन्होंने बताया कि सोने, चांदी के जेवर, गैस सिलेंडर, लाखों का सामान चोरी हुआ है। चोरी की सूचना उन्होंने चौकी पुलिस को दे दी है। पुलिस ने चोरी के मामले में मौका मुआयना किया है। वही अलापुर थाना प्रभारी उदयवीर सिंह ने बताया कि मुकदमा लिख दिया गया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## चाकू से घायल युवक की बरेली में इलाज के दौरान मौत

बदायूं। एक अगस्त की रात घंटाघर बाजार में युवक पर चाकू से किए गए जानलेवा हमले के दूसरे आरोपी को सदर कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। घायल युवक का इलाज बरेली के अस्पताल में चल रहा है। जहां मंगलवार की सुबह उसकी मौत हो गई। मोहल्ला खंडसारी निवासी मुज्जमिल हुसैन ने पुलिस को बताया था कि उनका साला बहार हुसैन घंटाघर स्थित एक कपड़े की दुकान पर काम करता है। वह एक अगस्त की रात गहरह बजे दुकान से घर लौट रहे था। इसी बीच खंडसारी के ही फराज उर्फ सलमान व अकरम ने उन्हें रंजिश के चलते घेर लिया। मारपीट करने के बाद दोनों आरोपियों ने उन पर चाकू से कई वार किए। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने सूचना मिलते ही घेराबंदी करके फराज को मौके से गिरफ्तार लिया था। अगले दिन उसे जेल भेजा गया था। सदर कोतवाल प्रवीण सिहं ने बताया कि घायल युवक का इलाज बरेली चल रहा था। इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई है आरोपी अकरम को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया है। इस मामले में फराज को पहले ही जेल भेजा चुका है।

## समाजवादी पार्टी की बैठक कैम्प कार्यालय बहजोई में सम्पन्न



कैनविज टाइम्स संवाददाता

संभल। जिला संभल समाजवादी पार्टी की बैठक कैम्प कार्यालय बहजोई पर सम्पन्न हुई बैठक में समाजवादी चिंतक समाजवाद के पुरोधा पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व श्री जनेश्वर मिश्र की जयंती मनाई गई जिला अध्यक्ष असगर अली अंसारी एवं पदाधिकारीयो दुबारा छोटे लोहिया जी के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प समिर्पत कर श्रद्धांजलि दी जिला अध्यक्ष असगर अली अंसारी ने कहा स्व श्री जनेश्वर मिश्र जिन्हें छोटे लोहिया जी कहा जाता था उन्होंने कहा श्री जनेश्वर मिश्र समाजवाद के मजबूत स्तंभ थे उन्होंने किसानों दलित अल्पसंख्यक पिछड़े वर्ग को बहुत काम किया सड़क से सांसद तक मजलूमों की आवाज बन कर पूरे जीवन संघर्ष करते रहे वह समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं लोकसभा सदस्य राज्य सभा सांसद भी रहे थे हमेशा देश में समाजवाद को मजबूत करने का काम किया उनके योगदान को भूलाया नहीं जा सकता आज सभी कार्य कर्ता संकल्प लें पी डी ए परिवार को मजबूत करने का काम करें बैठक में वक्ताओं ने श्री जनेश्वर मिश्र के रास्ते पर चल कर समाजवादी पार्टी को मजबूत करने को कहा बैठक में विमलेश कुमारी संगीता पाल उमेश यादव ताहिर उल्ला खान विधानसभा अध्यक्ष सुनील यादव शोभित कुमार काका अशोक यादव सद्दाम कुरेशी बलवंत सिंह जाटव कमल शर्मा जयवीर सिंह आकाश शखधार अशोक गुप्ता पुष्पेन्द्र यादव प्रतीक नानू अशोक राणा रोहिताश यादव योगेश यादव पप्पू शर्मा होराम सिंह सौरन सिंह राहुल यादव फाईयाज सैफी रियासत सैफी विलाल बब्बन मोर्या

## एआरटीओ-दफ्तर से इस्लामिया इंटर कॉलेज तक ट्रैक्टर परेड, प्रवक्ता का तूफानी दौरा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। भारतीय किसान यूनियन टिकैत के मंडल प्रवक्ता राजेश कुमार सक्सेना ने किया तूफानी दौरा संयुक्त किसान मोर्चा के आवाहन पर पूरे देश भर में देशव्यापी किसान आंदोलन ट्रैक्टर रैली निकलेंगे संयुक्त मोर्चा के लोग मंगलवार को भरी बरसात में भी वह पप्पू सैफी ब्लॉक अध्यक्ष सलारपुर के गांव मोहम्मदपुर बिहार पहुंच गए उन्होंने किसानों से ज्यादा संख्या में ट्रैक्टर लाने का प्रस्ताव दिया। ब्लॉक सलारपुर से 20 ट्रैक्टरों का लक्ष्य दिया गया है। उन्होंने कहा कल से गांव-गांव संपर्क किया जाएगा। बदायूं में एआरटीओ दफ्तर से इस्लामिया इंटर कॉलेज तक ट्रैक्टर परेड मोटरसाइकिल परेड तथा अन्य वाहनों की भी परेड कराई जाएगी। मंडल प्रवक्ता राजेश कुमार सक्सेना ने कहा सदर तहसील अध्यक्ष अर्जुन सिंह व ब्लॉक अध्यक्ष सलारपुर पप्पू सैफी व बृजपाल प्रजापति व आरिफ गाजी और सुरेश दीवान साबिर हुसैन सभी से गांव में घूमने का ट्रैक्टरों का लक्ष्य दिया गया है। तहसील के वरिष्ठ उपाध्यक्ष कैसा अलीप्रधान व पूर्व प्रधान फैयाज अली को भी ज्यादा संख्या में ट्रैक्टर लाने की पहल की गई है। मंडल प्रवक्ता राजेश कुमार सक्सेना ने कहा इस बार बदायूं में ट्रैक्टर की अच्छी परेड होगी उधर जिले की वरिष्ठ उपाध्यक्ष पंडित रामकुमार शर्मा भी इस ट्रैक्टर परेड की सफलता में जुट गए हैं ट्रैक्टर परेड के लिए सभी से आवाहन किया गया है। यह सदर तहसील के अंतर्गत होगी इसमें मुख्य रूप से मंडल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष चौधरी सौदान सिंह मंडल प्रवक्ता राजेश कुमार सक्सेना वह मंडल के सचिव पप्पू यादव पूर्व प्रधान जिले के वरिष्ठ उपाध्यक्ष ठाकुर अजय पाल सिंह व जोगिंदर सिंह व पंडित रामकुमार शर्मा यह सभी जिला उपाध्यक्ष मौजूद रहेंगे। 13 अगस्त की ट्रैक्टर रैली के लिए घूम-घूम कर किया जा रहा है।

## खराब रास्ते को लेकर भकियू इंडिया सीएम को सौपेगा ज्ञापन



संभल। डिंगारपुर रोड स्थित काजीपुरा का जो मेन रास्ता कर्बला के सामने से जाता है उसकी हालत पिछले काफी मीना से ज्यादा खराब है जिससे उस रास्ते पर आना-जाना बंद है और यहां के लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है क्षेत्र के सभी आला अधिकारियों को इस रास्ते की सूचना पहले भी दे दी गई है लेकिन इस रास्ते पर कोई कार्य नहीं हुआ है इसके संबंध में कल माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी पिपलिया बिलारी आ रहे हैं उनको इस रास्ते के संबंध में एक ज्ञापन भारतीय किसान यूनियन इंडिया के जिला अध्यक्ष उवैस खान द्वारा दिया जाएगा।

## गणपति बाबा की पालकी को नया स्वरूप देने में जुटे स्वयंसेवी कलाकार



मुरादाबाद। मेला गणेश चौथ के शुभारम्भ के दौरान प्रतिवर्ष गणपति बाबा की प्रतिमा को गणपति पालकी में विराजमान करके भक्तों द्वारा गाजेबाजे के साथ गणेश मन्दिर से ले जाकर वैदिक मन्त्रों से पूजन करके मेला ग्राउंड स्थित गणेश स्तम्भ में स्थापित किया जाता हैं। गणपति बाबा को जिस पालकी में विराजमान करके स्थापित करने के लिए मेला ग्राउंड में ले जाया जाता हैं, वह पालकी भव्यता-दिव्यता के साथ स्वयंसेवी कलाकारों द्वारा तैयार की जाती हैं। गणपति पालकी को तैयार करने में जुटे सम्राट हॉस्पिटल के डॉ. शेखर वार्ष्णेय ने बताया कि ये गणपति पालकी प्रतिवर्ष नए स्वरुप में तैयार की जाती हैं जैसे गत वर्षों में स्वर्ण छवि धातु, भारतीय मुद्रा नोट, रंग बिरंगे मोती, अनाज आदि से श्रृंगार करके तैयार की गई उसी परिपेक्ष में इस वर्ष इसको सिल्वर छवि धातु जोकि चांदी धातु की तरह आकर्षित होगी उससे तैयार किया जाएगा। गणपति पालकी को तैयार करने में डॉ शेखर वार्ष्णेय, अभिषेक मिश्रा, प्रतीक वार्ष्णेय किट्टू, सचिन, पवन, सौरभ, विजय, सोहनलाल, दीपक आदि जुटे हैं।

## मुख्यमंत्री के आगमन की तैयारी को लेकर मण्डलायुक्त का निरीक्षण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सम्भल (बहजोई)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दिनांक 7 अगस्त 2025 को प्रस्तावित जनपद सम्भल भ्रमण कार्यक्रम के दृष्टिगत आज मण्लायुक्त मुरादाबाद मण्डल आंजनेय कुमार सिंह एवं डीआईजी मुरादाबाद मण्डल मुनिराज जी द्वारा बहजोई के नवीन पुलिस लाइन टिकटा रोड़ बहजोई एवं कार्यक्रम स्थल का कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर निरीक्षण किया। मण्लायुक्त एवं डीआईजी मुरादाबाद द्वारा हेलीपैड तथा सभा स्थल ,पार्किंग स्थल आदि का निरीक्षण किया एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई एवं मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट तथा अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा तथा उप जिलाधिकारी चंदौसी आशुतोष तिवारी तथा मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ शैलेंद्र सिंह तथा खण्ड विकास अधिकारी बहजोई ओमवीर सिंह तथा संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। जारी जिला सूचना कार्यालय सम्भल।

## अनूपशहर में पिछले तीन दिन से गंगा के जलस्तर में बढ़ोत्तरी, प्रशासन अलर्ट मोड पर


**बिजनौर बैराज से बड़ी मात्रा में पानी छोड़े जाने से बुधवार तक बाढ़ में बढ़ोतरी की संभावना है जिसको लेकर लोगों अफरातफरी का महौल है**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

अनूपशहर। पहाड़ी व मैदानी क्षेत्रों में लगातार बरसात होने से गंगा में बाढ़ की स्थिति बनी हुई है। बिजनौर बैराज से बड़ी मात्रा में पानी छोड़े जाने से बुधवार तक बाढ़ में बढ़ोतरी की संभावना है। अनूपशहर नगर में पिछले तीन दिन से गंगा में बाढ़ की स्थिति लगातार बनी हुई है। गंगा तट के लगभग एक दर्जन गांव के ग्रामीणों को प्रशासन द्वारा सतर्क रहने की चेतावनी दी जा रही है। दूसरी ओर सिंचाई विभाग के एसडीओ अंकित कुमार ने बताया है, कि बिजनौर बैराज से 236000 क्यूसेक पानी छोड़ गया है। जो संभवत बुधवार की देर शाम तक अनूपशहर पहुंचेगा। उससे एक साथ बाढ़ में बढ़ोतरी होगी। नगर पालिका के साउंड सिस्टम से गंगा किनारे रहने वाले नागरिकों एवं विभिन्न प्रकार से रोजी-रोटी कमाने वाले दुकानदारों को बाढ़ के खतरे से सतर्क रहने की चेतावनी दी जा रही है। नगर के मुहल्ला गंगाद्वार में दो दिन से बाढ़ का पानी 40 फुट अंदर घुसा हुआ है। इसी प्रकार जाह्नवी प्लेटफार्म पूरी तरह जलमग्न हो चुका है। लेखपालों द्वारा ग्रामीणों से बार-बार बच्चों तथा पशुओं को गंगा की ओर जाने से रोकने की चेतावनी दी जा रही है। नगर में गोताखोरों को किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहने का अलर्ट जारी किया गया है।

## रक्षाबंधन जैसे पावन पर्व पर मिठाई बेचने वाले मिलावट खोर सक्रिय



कैनविज टाइम्स संवाददाता

महराजगंज,रायबरेली। आगामी त्यौहार के मद्देनजर कस्बा सहित क्षेत्र में नकली खोया व पनीर की भरमार सी हो गई है तथा मिलावट खोर मिलावट कर नकली मिठाई बनाने के हर संभव प्रयास कर रहे हैं, जबकि फूड विभाग द्वारा सैंपल लेकर होटल व्यवसाईयों से धन उगाही कर सरकार की मनसा को पलीता लगाते नजर आ रहे हैं। बताते चलें कि विगत तीन दिन बाद आने वाले रक्षाबंधन के पावन पर्व को प्रत्येक नागरिक द्वारा भाई-बहन के अटूट रिश्ते का प्रतीक रक्षाबंधन के त्यौहार में हर व्यक्ति व हर घर में मिठाई खरीद कर मुंह मीठा करा कर बहन भाई के हाथों में राखी बांधती है, ऐसे पावन पर्व पर भी कस्बा सहित क्षेत्र के होटल में नकली खोया व पनीर के माध्यम से मिठाई बनाने का सिलसिला जोरों पर है त्योहार आते ही जिलाधिकारी के सख्त निर्देश के बाद फूड विभाग द्वारा व खाद्य विभाग द्वारा होटल में जाकर सैंमपल भरकर चले जाते हैं और कोई कार्यवाही नहीं होती है तथा बिचौलियों के माध्यम से इन अधिकारियों से शाट गांठ कर मामले को दबा दिया जाता है। जिसके चलते मिलावट खोरों के हौसले बुलंद हैं और आम जनमानस नकली मिठाई खरीदने को मजबूर होता है। इस बार के रक्षाबंधन के त्यौहार में देखना यह होगा कि न्याय प्रिय जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के सख्त निर्देश के बावजूद क्या मिलावट खोर खाद्य विभाग के अधिकारी व फूड विभाग के अधिकारियों से सांठगांठ कर अपने मंसूबे में कामयाब होंगे या फिर उच्च अधिकारियों के शक्ति के चलते आम जनमानस को शुद्ध शाकाहारी मिठाई मिल पाएगी यह बात संपूर्ण क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है।

### बाहर से आ रही मिलावटी मिठाईयां जो खाने में हानिकारक

सूत्रों की मानें तो रक्षाबंधन जैसे पावन पर्व के नजदीक आते ही होटल व्यवसायी छेना व मिल्क केक जैसी मिठाई कानपुर से भारी मात्रा में लाकर स्टाक लगा लेते हैं जो की मिलावट से परिपूर्ण है और आम जल मानष के लिए यह मिठाई नुकसानदायक साबित हो सकती है।

## युवक का संदिग्ध परिस्थितियों में लटका मिला शव

बदायूँ। बिसौली कोतवाली क्षेत्र के गांव हुसैनपुर में एक युवक की रविवार रात संदिग्ध हालात में मौत हो गई। सोमवार सुबह 25 वर्षीय प्रवेश का शव उसके घर में फंदे पर लटका मिला। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। प्रारंभिक जांच में पत्नी से विवाद का मामला सामने आया है। प्रवेश खेती किसानी करता था। पुलिस के अनुसार, प्रवेश के भाई ब्रजेश ने सूचना दी कि उसका शव कमरे में फंदे पर लटका हुआ है। सुबह प्रवेश के भतीजे शेखर ने उसे चाय देने के लिए दरवाजे पर आवाज लगाई। जब कोई जवाब नहीं मिला तो परिवार के सदस्य वहां पहुंचे। अंदर जाने पर उन्होंने प्रवेश का शव छत के कुंडे से लटका हुआ पाया। पुलिस के मुताबिक प्रवेश की पत्नी रीना लगभग 20 दिन पहले जरीफनगर थाना क्षेत्र के गांव दादरा स्थित अपने मायके चली गई थी। दोनों के बीच कहासूनी भी हुई थी। रविवार रात प्रवेश की अपनी पत्नी से मोबाइल पर बातचीत हुई थी। एसएचओ हरेंद्र सिंह ने बताया कि शव का पोस्टमॉर्टम कराया गया है।

## डीपीबीएस महाविद्यालय में आयोजित हुआ राखी मेकिंग प्रतियोगिता



कैनविज टाइम्स संवाददाता

अनूपशहर। डीपीबीएस महाविद्यालय में आजादी का अमृत महोत्सव के तहत हर घर तिरंगा अभियान के प्रथम चरण के अंतर्गत राखी मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मंगलवार को डीपीबीएस कालेज में हर घर तिरंगा आयोजन शुरू किया।जिसमें छात्र छात्राओं ने तिरंगा थीम पर राखियां बनाई। प्राचार्य प्रो. जी के सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य लोगों को देशभक्ति की भावना से जोड़ना और उन्हें तिरंगे के प्रति सम्मान व्यक्त करने के लिए प्रेरित करना है। इस प्रतियोगिता का संचालन डा. मोहिनी गुप्ता द्वारा किया गया। छात्र-छात्राओं ने बड़ी उत्सुकता के साथ इस प्रतियोगिता में भाग लिया। इस अवसर पर प्रो. चंद्रावती, प्रो. ऋषि अग्रवाल, प्रो. सीमांत दुबे, यजवेन्द्र कुमार, नितिन कुमार आदि उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में खुशविंदर परमार प्रथम, स्वाति राघव द्वितीय एवं साक्षी शर्मा तृतीय स्थान पर घोषित किया।

## गल्ला व्यापारी के साथ मारपीट करने पर मुकदमा दर्ज

अनूपशहर। रूपयों के लेनदेन को लेकर गल्ला व्यापारी से मारपीट करने के आरोप में पुलिस ने दो आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया।मोहित गोयल पुत्र मोहनलाल गोयल निवासी मुहल्ला पवित्रपुरी ने कोतवाली में तहरीर देकर अवगत कराया कि 4 अगस्त को वह दिल्ली दरवाजा स्थित अपनी गल्ले की दुकान के आफिस पर बैठा हुआ था। तभी मुहल्ला दिल्ली गेट निवासी मोनू तथा उसकी पत्नी व दो पुत्र व एक अन्य उसके ऑफिस में घुसकर रुपयों के लेनदेन की ब्याज मांगने लगे। पीड़ित ने कहा कि रुपए व ब्याज का 1 वर्ष पूर्व भी चुकता कर दिया है। कितना सुनकर मोनू व कान्हा ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। शोर सुनकर एकत्रित हुए भीड़ ने उसे बचाया। पीड़ित को जान से मारने की धमकी देकर आरोपी मौके से चले गए। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज का कार्वाई शुरू कर दी है।

# शव सड़क पर रखकर इंसाफ के लिए चीखता परिवार

**दो महीना पहले ही हृदय लाल चौहान के सर शादी का सेहरा सजा था**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोण्डा। लखनऊ गोंडा नेशनल हाईवे मार्ग पर दौड़ती एक एंबुलेंस और एंबुलेंस के अंदर से खिसक कर गिरता एक शव बालपुर जाट का है। सड़क पर खौफनाक मंजर को देखकर हर कोई सन्न रहा गया था। गोंडा लखनऊ हाईवे नेशनल मार्ग पर जाम लग गया था। हंगामा शुरू हो गया और सड़क पर जाम लग गया और इं साफ की मांग को लेकर चीख पुकार मच गई जिस शव को पूरा हंगामा हो रहा था ये शव है हृदय लाल चौहान का वही हृदय लाल चौहान जिसके सर पर अभी दो महीना पहले ही शादी का सेहरा सजा था। जिसके घर में शहनाई की गूज अभी ठीक से थमी भी नहीं थी कि अब वहाँ मातम पसरा हुआ है।

इस खौफनाक अंत की कहानी शुरू हुई थी बीते एक अगस्त शुक्र वार को शराब के पैसे को लेनदेन को लेकर एक मामूली कहासुनी में इतना खूनी रूप ले लिया कि दबंगों ने हैवानियत की सारी हदें पार कर दी उन्होंने हृदय लाल चौहान को बेहरमी से पीटा और ईटो से उसके पैर की उंगलियां तक कुछल डाली थी परिवार वाले उसे उसी हालत में लखनऊ के ट्रामा सेंटर में लेकर गए लेकिनहृदय लाल चौहान कई दिनों तक मौत की जंग लड़ते चार अगस्त सोमवार को हृदय लाल की सांसे हमेशा के लिए थम जाती हैं।जब उसका शव लेकर एंबुलेंस गांव लौट रहा था तब गाँव और परिवार वालों के सब्र का बांध टूट गया। गुस्से और बेबसी में उन्होंने इंसाफ की गुहार लगाते हुए हाईवे जाम करने कि कोशिश की इसी दौरान चलती एम्बुलेंस से शव उतारने की कोशिश में वह सड़क पर आ गिरा जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वाय रल हो रहा है।मामले को गंभीरता से देखते हुएपुलिस भी के पर पहुंच गई थी। पुलिस ने स्थि ति को संभाला उच्च अधिकारियों ने परिवार को समझा बूझकर पुलिस ने बड़ी मुश्किल से स्थिति को नियंत्रित किया और शव को एक छोटे ट्रक में रखवाकर अंतिम संस्कार के लिए भेजा,सीओ सिटी आनंद राय ने बताया कि मार पीट की घटना में चार नामजद अभियुक्तों को हिरासत में लिया गया है उन्होंने कहा कि प्रारं भिक जांच में पता चला है कि कुछ लोगों के उकसावे में आकर एंबुलेंस में मौजूद परिजनों ने सड़क जाम करने की मंशा से शव को उतारा था पुलिस ने इस मामले में विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है और शव का अंतिम संस्कार कराया गया है,पुलिस ने आश्वासन दिया है कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और मामले की गहन जांच की जा रही है।

### सड़क पर शव रखकर हाईवे जाम करने के मामले में मुकदमा दर्ज

लखनऊ-गोंडा हाईवे मार्ग पर चलते शव वाहन से शव को नीचे फेंकने की घटना पर पुलिस ने पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई की है।देहात कोतवाली क्षेत्र के बालपुर जाट के पा स चलते शव वाहन से मृतक हृदय लाल चौहान के शव को सड़क पर फेंकने और राष्ट्रीय राज मार्ग पर जाम लगाकर प्रदर्शन करने के मामले में पुलिस ने गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कि या है।इसमें 12 नामजद और 15 अज्ञात लोगों के खिलाफ राष्ट्रीय राजमार्ग को जाम करने, भी ड़ को उकसाने,शव का अपमान करने और मा हौल खराब करने जैसी धाराएं लगाई गई हैं।पु लिस ने वायरल वीडियो के आधार पर आरो पियों की पहचान कर रही है।घटना की पूरी जानकारी के अनुसार, 27 वर्षीय हृदयलाल चौहान की दबंगों की पिटाई के चार दिन बाद इलाज के दौरान मौत हो गई थी।

# कजरीतीज त्यौहार को लेकर डीएम ने सरयू घाट व पृथ्वीनाथ मंदिर का किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। कजरीतीज,कांवड़ मेले की तैयारियों को लेकर प्रशासन एलर्ट हो गया है। मंगलवार को जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने अधिकारियों की पूरी टीम के साथ करनैलगंज कटरा सरयू घाट तथा बाबा पृथ्वीनाथ मंदिर खरगूपुर का दौरा कर तैयारियों का जायजा लिया है।निरीक्ष ण के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि नदी में फैली सिल्ट और जलकुंभी को तत्काल साफ कराने तथा रास्तों को समतल कराने तथा घाट परिसर की झाड़ियों को काटने तथा पूरे क्षेत्र में साफ-सफाई के विशेष इंतजाम करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही प्रकाश, पेयजल, विद्युत आपूर्ति,मेडिकल कैंप, शौचालय, विश्राम स्थल, फायर सेफ्टी और नदी में बैरिकेडिंग सहित स्था यी रैंप निर्माण को लेकर भी सम्बंधित विभागी य अधिकारियों को कड़े निर्देशित दिये हैं।जिला धिकारी ने बताया कि 24 व 25 अगस्त को जि ले में हरतालिका तीज पर आयोजित होने वाले कांवड़ मेले में श्रद्धालुओं को सरयू नदी से जल भरकर खरगूपुर स्थित बाबा पृथ्वीनाथ मंदिर, दुःखहरण नाथ मंदिर गोण्डा, बरखंडी नाथ मंदि र करनैलगंज और लोधेश्वरनाथ महादेव मंदिर रामनगर में जलाभिषेक करेंगे।श्रद्धालुओं की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए जिलाधिकारी ने सरयू नदी में बैरिकेडिंग,जल पुलिस,एसडीआर एफ और मोटर बोट की व्यवस्था सुनिश्चित कर ने के निर्देश दिए। खोया-पाया केंद्र की स्थापना तथा रूट डायवर्जन की प्रभावी योजना पर भी जोर देने के निर्देश दिये हैं।डीएम ने विशेष रूप से महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के निर्देश पुलिस प्रशासन को दिए।

# चार बच्चों ने निकाला घर से, इंसानियत की मिसाल बने हेड कांस्टेबल ओम प्रकाश शाह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। उत्तर प्रदेश पुलिस की छवि को लेकर समाज में कई धारणाएं हैं, लेकिन कुछ घटनाएं ऐसी भी होती हैं जो वर्दी के पीछे छुपी इंसानियत और करुणा को उजागर कर देती हैं। ऐसी ही एक मिसाल पेश की है नानपारा कोतवाली में तैनात हेड कांस्टेबल ओमप्रकाश शाह ने। 80 वर्षीय वृद्धा रुकैया, जो चार बच्चों की मां हैं, रोती-बिलखती हालत में राजा बाजार चौकी पहुंचीं। उनके चेहरे पर बेबसी और आंखों में आंसू थे। पूछने पर उन्होंने रुंधे गले से बताया कि उनके अपने ही चार बेटों ने उन्हें घर से निकाल दिया है। अब उनके पास न तो ठिकाना है, न सहारा। वहीं ड्यूटी पर मौजूद हेड कांस्टेबल ओमप्रकाश शाह ने उनके आंसू पोंछे और उन्हें सम्मान के साथ बैठाया। शाह ने वृद्धा को जूस और समोसे का जलपान कराया और कहा माता, जब तक मैं हूं, आपको कोई कष्ट नहीं होने दूंगा। मैं भी आपका बेटा हूं। इसके बाद वे खुद वृद्ध महिला को साथ लेकर उनके घर पहुंचे और सभी परिजनों को सख्त लहजे में हिदायत दी कि मां-बाप की सेवा करना सबका फर्ज है। यदि दोबारा किसी प्रकार की शिकायत आई, तो कठोर कार्यवाही की जाएगी। इस संवेदनशीलता और इंसानियत से भरे कार्य की क्षेत्रभर में सराहना हो रही है। सोशल मीडिया से लेकर स्थानीय लोगों तक, हर कोई हेड कांस्टेबल ओमप्रकाश शाह की प्रशंसा कर रहा है। लोग कह रहे हैं कि अगर यूपी पुलिस में हर पुलिसकर्मी ओमप्रकाश शाह जैसा हो जाए, तो थानों की तस्वीर ही बदल जाए। 2006 बैच के हेड कांस्टेबल ओमप्रकाश शाह इससे पहले भी कई बार दिव्यांगों और जरूरतमंद वृद्धजनों की मदद कर चुके हैं। नानपारा कोतवाली में उनकी तैनाती को लगभग दो साल हो चुके हैं, इस दौरान उनके मानवीय कार्यों ने उन्हें महज़ एक पुलिसकर्मी नहीं, बल्कि जनता के बीच विश्वास, सहारा और सम्मान का प्रतीक बना दिया है।

## अमृत लाल चौधरी बनाए गए वार्ड अध्यक्ष

रायबरेली। कंग्रेस कमेटी के नवनिर्वाचित वार्ड अध्यक्ष का कांग्रेस कार्यालय में फूलमाला पहनाकर कंग्रेसियों ने बधाई दी। कंग्रेस कमेटी द्वारा डलमऊ कस्बे में अमृत लाल चौधरी को वार्ड अध्यक्ष बनाए जाने पर कंग्रेस कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ पड़ी । वार्ड अध्यक्ष की घोषणा होते ही कंग्रेस कार्यालय में कंग्रेसियों का हुजूम इकट्ठा हो गया और नवनिर्वाचित वार्ड अध्यक्ष अमृत लाल चौधरी को फूल माला व मिठाई खिलाकर बधाई दी। हालांकि जब से इन्होंने हो संभाला है कंग्रेस के खातिर हर चुनाव में गली महल्ले जाकर लोगों के साथ हर बार वोट मांगने का काम किया है। इनका कहना है कि जब तक हमारी जिंदगी रहेगी तब तक कंग्रेस को हमारा बहुमूल्य वोट व चुनाव में जिस तरीके हमसे मदद हो सकती है। उसके लिए हम हरदम अपने जीवन पर्यंत खड़े रहेंगे। अमृत लाल चौधरी को वार्ड नंबर 18 जैतूपुर, मीरगंज कस्बे के वार्ड अध्यक्ष पद के लिए पांच लोगों का नाम भेजा गया था।

# रात के सन्नाटे में घर में घुसा 15 फीट लंबा मगरमच्छ, हंडकम्प

**स्थानीय नागरिकों और वन विभाग के 7 घंटे चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद मगरमच्छ को छोड़ गया नदी में**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। नानपारा रेंज अंतर्गत ग्राम बेलवा भोपतपुर में सोमवार की रात उस समय अफरा-तफरी मच गई जब करीब 15 फीट लंबा मगरमच्छ अचानक एक ग्रामीण के घर में घुस आया। यह हैरान कर देने वाली घटना आधी रात करीब 1 बजे की है, जब बफाती पुत्र सुलेमान के घर के भीतर घुसे मगरमच्छ को देखकर परिवारजन और आसपास के ग्रामीण भयभीत हो उठे। सूचना मिलते ही तत्काल पुलिस व वन विभाग को अलर्ट किया गया। अंधेरी रात और बारिश के बीच रेस्क्यू अभियान किसी चुनौती से कम नहीं था। वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर राहत कार्य शुरू किया, लेकिन मगरमच्छ के घर के शौचालय में छिपे होने के कारण स्थिति और जटिल हो गई। लगातार करीब 7 घंटे की अथक कोशिशों के बाद सुबह 8 बजे वन विभाग की टीम ने मगरमच्छ को सुरक्षित पकड़ने में सफलता प्राप्त की। इसके बाद वनकर्मियों ने उसे भीड़ की निगरानी में गायघाट स्थित सरयू नदी में सकुशल छोड़ दिया। रेस्क्यू ऑपरेशन का नेतृत्व वन क्षेत्राधिकारी पीयूष गुप्ता ने किया। उनके साथ वन दरोगा बृजेश वर्मा, वन रक्षक कमलेश, ऋषिपाल, न्यूनतम वेतनकर्मी छोटकन, जाबिर सहित कई श्रमिकों ने कुशलता और साहस का परिचय दिया। ग्रामीणों ने पूरी टीम के कार्य की प्रशंसा करते हुए राहत की सांस ली।

# पत्नी और मायके वालों पर तेजाब फेंकने वाले पांच आरोपी गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। जिले के खोडारे थाना क्षेत्र में दहेज विवा द के दौरान तेजाब से हमला करने के मामले में पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया हैपुलिस ने पति सचिन गुप्ता, ससुर विजय कुमार गुप्ता, देवर शुभम कुमार गुप्ता,देवर अजय कु मार गुप्ता और सास रेखा देवी के खिलाफ कई गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।घटना हनुमान नगर गांव की है जहां कल शिवानी के मायके पक्ष के लोग दहेज प्रताड़ना के मामले में समझौता कराने पहुंचे थे शिवानी की शादी स चिन गुप्ता के साथ हुई थी।पंचायत के दौरान ही ससुरालियों ने शिवानी के भाई शुभम गुप्ता, मां उर्मिला, और भाई सोनू गुप्ता पर तेजाब से हमला कर दिया। सभी घायलों को पहले सामु दायिक स्वास्थ्य केंद्र बभनजोत ले जाया गया।प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए बस्ती मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। इस हमले में शिवानी, उनकी मां उर्मिला और दोनों भाई शुभम और सोनू झुलस गए। पी ड़ित परिवार के अनुसार, सचिन गुप्ता अपनी पत्नी शिवानी और उसके परिवार से दस लाख रुपए अतिरिक्त दहेज की मांग कर रहा था।वह लगातार शिवानी को प्रताड़ित भी कर रहा था।क्षेत्राधिकारी मनकापुर उदित नारायण पाली वाल ने बताया कि पीड़ित भाई शुभम गुप्ता की शिकायत पर पांचों आरोपियों के खिलाफ मुक दमा दर्ज किया गया है।सभी आरोपियों को हनु मान नगर तिराहा खोडारे बाजार से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। घायलों का बस्ती मेडिकल कॉलेज में इलाज जारी है।

# तेज बारिश व हवा से विद्युत आपूर्ति ठप, आवागमन बाधित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली। हैदरगढ़ रोड स्थितलगातार हो रही बारिश के चलते व तेज हवा के चलते कस्बा स्थित सुखईं का पुरवा तिराहे पर एक बड़ा नीम का पेड़ एलटी लाइन पर गिर जाने से जहां एक ओर आवागमन बाधित तो वही विद्युत उपभोक्ताओं के लिए विद्युत आपूर्ति भी बाधित है तथा दिन में लगभग 3 बजे घटी इस घटना से राहगीरों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है बताते चले की सुबह से हो रही रुक-रुक कर बारिश व तेज हवा के चलते दिन में लगभग 3 बजे कस्बे के सुखईं का पुरवा तिराहे पर डामरीकृत रोड के बगल में स्थित मोटा नीम का पेड़ गिर जाने से अफरा तफरी का माहौल हो गया राहगीरों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा समाचार लिखे जाने तक ना तो विद्युत विभाग का कोई अधिकारी व कर्मचारी और ना ही वन विभाग का कर्मचारी नहीं पहुंचा जिससे आम जनमानस में रोष व्याप्त है।

# मेरा घर मेरा रास्ता को जन-जन तक पहुंचाएं

**आयुक्त ने स्वच्छ सर्वेक्षण में अच्छा कार्य करने वाले जनपदों को बधाई दी एवं डीपीआरओ व अन्य को प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किया।**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। जिला पंचायत सभागार में स्वच्छ सर्वेक्ष ण ग्रामीण-2025 एवं ओडीएफ प्लस के स्था यित्व तथा सृजित परिसम्पत्तियों की क्रियाशील ता के सम्बन्ध में मण्डल स्तरीय प्रशिक्षण कार्य शाला का आयोजन किया गया। मण्डलायुक्त शशि भूषण लाल सुशील द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण-2025 के सफल आयोजन हेतु समस्त विकास खण्ड स्तर से समस्त खण्ड प्रेरक, सहा यक विकास अधिकारी (पंचायत),खण्ड विका स अधिकारी, जनपद स्तर से समस्त जिला क न्सलटेन्ट, जिला पंचायत राज अधिकारी को प्र शिक्षण कार्यशाला आयोजित कर स्वच्छ सर्वेक्ष ण ग्रामीण-2025 के सफल क्रियान्वयन के नि र्देश दिये।

आयुक्त ने स्वच्छ सर्वेक्षण में अच्छा कार्य करने वाले जनपदों को बधाई दी एवं डीपीआरओ व अन्य को प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किया।

### स्वच्छता स्वास्थ्य व पर्यावरण के लिए जरूरी

आयुक्त ने कहा कि स्वच्छता का स्वास्थ्य व प र्यावरण से सीधा जुड़ाव हुआ है।स्वास्थ्य एवं पर्यावरण के लिए स्वच्छता बेहद आवश्यक है। जब स्वच्छता होगी तभी स्वास्थ्य व पर्यावरण सही रहेगा। स्वच्छता को ईशरत्व के समीप बताया गया है स्वच्छता के अभाव में विभिन्न रोग उत्पन्न होते हैं। हम सभी को स्वच्छ गांव, स्वच्छ जिला, स्वच्छ मंडल, स्वच्छ राज्य सहित स्वच्छ राष्ट्र का निर्माण करना होगा।सभी अधि कारी व कर्मचारी भी स्वेच्छा से साफ सफाई अभियान में हिस्सा ले व अपने कार्यालय एवं आवास को साफ सुथरा बनाए रखें।

### शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण

इस मौके पर उन्होंने ग्राम सचिवालय का महत्व बताते हुए कहा कि गांव की शिकायतों को ग्राम सचिवालय स्तर पर ही निस्तारित कर दिया जा ए।किसी भी शिकायत का सतही निस्तारण बि ल्कुल ना किया जाए।शिकायत का गुणवत्ता पू र्ण निस्तारण किया जाए जिससे कि शिकायत ब्लॉक स्तर, जिला स्तर, मंडल स्तर व प्रदेश स्त र तक न जाने पाए।ग्राम सचिवालय को सशक्त बनाते हुए शिकायतों का निस्तारण ग्राम स्तर पर ही सुनिश्चित किया जाए। इनसेटनुकीली चीजों दवाइयों को कूड़े के साथ न फेंकेआयुक्त ने लोगों से अपील करते हुये कहा कि हम लोग जाने अनजाने में कांच के टुकड़े, बल्ब के टुकड़े, शीशे के टुकड़े, ब्लेड, कील,पिन व अन्य नुकीली चीजों को कूड़े के साथ इधर-उधर फेंक देते हैं।इन छोटी छोटी लापरवाही से कई गोवंश,बंदर,कुत्ते सहित अन्य पशु-पक्षी घायल हो सकते हैं।इसके अलावा कई बार हम लोग एक्सपायर दवाइयों को भी कूड़े के साथ फेंक देते हैं।ऐसा करना पशु पक्षियों के लिए काफी खतरनाक साबित हो सकता है। हम सभी को इन सब वस्तुओं को कूड़े के साथ ना फेंक कर अलग से निस्तारित करना चाहिए।

### मेरा घर-मेरा रास्ता संदेश पहुंचे जन-जन तक

इस मौके पर उन्होंने पूरे मंडल में ‍ल्लमेरा घर-मेरा रास्ताङ्क अभियान को जन-जन तक पहुंचाने के निर्देश उपनिदेशक पंचायत को दिए।आयुक्त ने कहा कि इस अभियान के तहत प्रत्येक व्यक्ति को अपने घर के सामने का रास्ता साफ करने के लिए प्रेरित किया जाए।यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने घर के सामने का रास्ता साफ करेगा तो न केवल उसका घर सुन्दर दिखेगा बल्कि पूरी गली और पूरा गांव भी सुन्दर दिखेगा।जिन गां वों में इस अभियान के तहत अच्छा काम हो व हां के ग्राम प्रधान, सचिव आदि को सम्मानित भी किया जाये। यह अभियान गांव से शुरू होकर पूरे मंडल तक पहुंचाया जाए।

## जर्जर हो चुका बिजली पोल बना खतरे का कारण, हादसे की आशंका



नानपारा, बहराइच। रेलवे स्टेशन के निकट मुख्य मार्ग पर 11 हजार वोल्ट की विद्युत लाइन का एक लोहे का पोल पूरी तरह से जर्जर हो चुका है, जो अब लोगों के लिए खतरे का कारण बनता जा रहा है। पोल की हालत इतनी खराब है कि वह कभी भी गिर सकता है, जिससे बड़ी दुर्घटना की आशंका जताई जा रही है। स्थानीय समाजसेवी एवं पत्रकार मुस्तफा अली खान ने नील कोठी के पास स्थित इस पोल को देखकर तत्काल पावर कॉर्पोरेशन के अधिशासी अभियंता से संपर्क किया। उन्होंने इस खतरे से अवगत कराते हुए शीघ्र समाधान की मांग की। इस पर अधिशासी अभियंता ने जवाब देते हुए कहा कि मामले की जानकारी प्राप्त हो चुकी है, जल्द ही निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर स्कूल जाने वाले बच्चे, राहगीर और दुकानदारों की आवाजाही बनी रहती है। यदि समय रहते इस पोल को नहीं बदला गया, तो यह किसी बड़े हादसे का कारण बन सकता है। जनहित को देखते हुए क्षेत्रवासी मांग कर रहे हैं कि विद्युत विभाग इस पर त्वरित कार्रवाई करे ताकि किसी अनहोनी से बचा जा सके।

# किसान ने निगला जहरीला पदार्थ, इलाज के दौरान मौत

**खेती और मजदूरी करके कर रहा था जीवन यापन, पत्नी की पहले ही हो चुकी है मौत**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



उन्नाव। अजगैन थाना क्षेत्र के ग्राम झालोतर में मंगलवार को एक किसान ने अज्ञात कारणों से जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, लेकिन इलाज के दौरान किसान की मौत हो गई। मृतक की पहचान 45 वर्षीय बाल चंद्र पुत्र स्वर्गीय भवानीदीन के रूप में हुई है। बाल चंद्र अपने पीछे दो बेटे और एक बेटी को छोड़ गए हैं। उनकी पत्नी की पहले ही मौत हो चुकी थी। वे खेती के साथ-साथ दिहाड़ी मजदूरी कर अपने परिवार का गुजारा कर रहे थे। अचानक हुई इस घटना से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। गांववालों के अनुसार बाल चंद्र शांत स्वभाव के व्यक्ति थे, लेकिन हाल के दिनों में वे मानसिक रूप से परेशान नजर आते थे। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। उनका कहना है कि बाल चंद्र ने कभी किसी परेशानी का खुलकर जिक्र नहीं किया। परिवार की आर्थिक स्थिति पहले से ही बेहद कमजोर थी।बता दे कि घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टया यह आत्महत्या का मामला प्रतीत होता है। हालांकि, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों की पुष्टि हो सकेगी। पुलिस परिजनों से पूछताछ कर रही है और यह भी जांच कर रही है कि कहीं इस मामले में किसी प्रकार का उकसावा या साजिश तो नहीं है।

# पकड़ी 45 ली अवैध कच्ची शराब, तीन गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के निर्देश पर आबकारी विभाग द्वारा अवैध शराब के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी के विरुद्ध मंगलवार को विशेष प्रवर्तन अभियान के अन्तर्गत थाना गुरूबक्शगंज में पूरेलालासहाय ,घाटमपुर के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर दबिश की कार्यवाही की गयी। आबकारी वह पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने दबिश के दौरान लगभग 45लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद करते हुए लगभग 300 किलोग्राम महुआ लहन मौके पर नष्ट कर कराया। साथ ही तीन अभियोग आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में पंजीकृत किया गया। जिला आबकारी अधिकारी दिनेश कुमार ने बताया है कि जिले में अवैध शराब के निर्माण एव बिक्री पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए इस तरह की कार्यवाही आगे भी जारी रहेंगी।

# पूरनपुर में हिन्दू महासभा की सक्रियता बढ़ी, नवनियुक्त टीम को मिली जिम्मेदारी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पूरनपुर। रविवार को पूरनपुर कस्बे में अखिल भारत हिन्दू महासभा की एक अहम बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें गौ सेवा, धर्मांतरण की समस्या और हिन्दू समाज की एकता जैसे विषयों पर गंभीर चर्चा हुई। बैठक का उद्देश्य न केवल इन मुद्दों पर जागरूकता फैलाना था, बल्कि संगठन को मजबूत करने के लिए नगर के नए पदाधिकारियों की घोषणा भी इसमें की गई। बैठक में रवि जायसवाल को जिला उपाध्यक्ष, शेखर पांडेय को जिला मंत्री, प्रदीप शुक्ला, धनंजय मिश्रा नगर संरक्षक, अवलोक मिश्रा को नगर अध्यक्ष, ब्रजेश शुक्ला नगर वरिष्ठ उपाध्यक्ष, श्याम सिंह नगर उपाध्यक्ष, बनाए गए। वहीं युवा टीम में विकास गुप्ता नगर अध्यक्ष, अर्जुन वर्मा नगर महामंत्री, सर्वेश जायसवाल, अंकित देवल, गोलू गुप्ता, सचित शुक्ला नगर उपाध्यक्ष, मानव गुप्ता, शनि सरोज, सुमित कश्यप, करन गुप्ता नगर मंत्री, दीपक शर्मा नगर महासचिव, हर्षित मिश्रा, आकाश कश्यप, आदित्य वर्मा, वासू श्रीवास्तव नगर सचिव, संजय श्रीवास्तव नगर मीडिया प्रभारी, पं. अचिन वाजपेई नगर कोषाध्यक्ष बनाए गए। इसके साथ ही मोहब्बतपुर ब्लॉक में सतीश सिंह ब्लॉक अध्यक्ष, आकाश सिंह, चरन सिंह, राज सिंह, राजीव सिंह ब्लॉक उपाध्यक्ष, राहुल सिंह ब्लॉक महामंत्री, नीरज सिंह, राहुल सिंह, सचिन सिंह, रोहित सिंह, राहुल वर्मा ब्लॉक महासचिव, अरुण वर्मा, संतोष वर्मा, सुधीर शर्मा, अजय वर्मा, श्याम सिंह ब्लॉक मीडिया प्रभारी, धर्मेंद्र सिंह ब्लॉक कोषाध्यक्ष बनाए गए। वहीं नवदिया धनेश ब्लॉक में गौरव सिंह ब्लॉक अध्यक्ष, पवन सिंह, अमित सिंह, संजय सिंह, आकाश सिंह ब्लॉक उपाध्यक्ष, अखिलेश सिंह ब्लॉक महामंत्री, दीपक सिंह, अंकित सिंह, अरविंद सिंह, दीपक सिंह, ब्लॉक मंत्री, गगनदीप सिंह ब्लॉक महासचिव बनाए गए। इन सभी के अतिरिक्त बल्लू बलराम, रोहित मिश्रा, रोहित कश्यप, मोनू मिश्रा, भरत यादव, मुकेश सिंह, लल्ला यादव, छोटे लल्ला, रोहित श्रीवास्तव, रजनीश भारती, अनमोल मिश्रा, शिक्कू कश्यप, मोहित वर्मा, ममतेश मिश्रा, हरमन सिंह, अभिषेक आजाद, प्रमोद यादव, छोटू गुप्ता को संगठन की सदस्यता प्रदान की गई।बैठक में जिलाध्यक्ष पंडित पंकज शर्मा ने गौ सेवा को सनातन धर्म की आत्मा बताते हुए कहा कि ङ्कगौ माता की रक्षा हम सभी का पहला दायित्व है, इसके लिए समाज को संगठित होकर खड़ा होना होगा।ङ्क उन्होंने धर्मांतरण की बढ़ती घटनाओं पर चिंता जताई और कहा कि ङ्कहमें जन-जागरण के माध्यम से इस गंभीर चुनौती का सामना करना होगा।ङ्क जिला महामंत्री मयंक जायसवाल ने संगठन को विस्तार देने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि ङ्कयदि हम गांव-गांव, घर-घर तक अपनी बात पहुंचाएं और हर कार्यकर्ता को सक्रिय भूमिका दें, तो संगठन एक जन आंदोलन का रूप ले सकता है। इस अवसर पर युवा जिलाध्यक्ष गौरव शर्मा ने युवाओं को समाज सेवा में भाग लेने की प्रेरणा दी और कहा कि ङ्कयुवाशक्ति जागेगी तभी समाज में सकारात्मक परिवर्तन आएगा।बैठक में जिले से जिलाध्यक्ष पं. पंकज शर्मा, जिला महामंत्री मयंक जायसवाल, जिला कोषाध्यक्ष मयंक जायसवाल नंदू, युवा जिलाध्यक्ष गौरव शर्मा, युवा जिला महामंत्री आयुष सक्सेना, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सर्वेश कश्यप, युवा वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रकाश अग्निहोत्री, युवा जिला उपाध्यक्ष राहुल देव शर्मा, अर्जुन ठाकुर, जिला मंत्री अंकुर भदौरिया, जिला मीडिया प्रभारी प्रेम सागर शर्मा, पीलीभीत नगर अध्यक्ष सुनील कश्यप, बीसलपुर नगर महामंत्री अवनीश रतन, नगर मंत्री लखन सिंह, कमल कश्यप प्रधान पंडरी आदि पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाग लिया और संगठन की आगामी गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा की गई। अंत में सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों ने जिम्मेदारी के साथ संगठन के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

**धर्मांतरण, गौ रक्षा और संगठन मजबूती को लेकर हिन्दू महासभा ने लिया एकजुटता का संकल्प**

# बूथ स्तर तक संगठन मजबूत करने का आह्वान

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



सुल्तानपुर। जिला कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक मंगलवार को लाल डिग्गी चौराहा स्थित एक होटल में कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में जिला पदाधिकारियों व ब्लॉक अध्यक्षों के कार्यों की समीक्षा की गई और संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत करने पर जोर दिया गया।जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने कहा कि कांग्रेस का लक्ष्य जिले के हर बूथ पर मजबूत संगठन खड़ा करना है। कार्यकर्ताओं के मान-सम्मान से कोई समझौता नहीं होगा और उनके हक की लड़ाई पूरी मजबूती से लड़ी जाएगी। शहर अध्यक्ष शकील अंसारी ने कांग्रेस की नीतियों और उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने की बात कही। वहीं पीसीसी सदस्य हौसिला भीम ने कहा कि सभी पदाधिकारियों की सक्रिय भागीदारी ही संगठन को मजबूत बनाएगी।बैठक में आगामी पंचायत चुनाव को लेकर भी रणनीति पर चर्चा हुई। जिलाध्यक्ष ने सभी ब्लॉक अध्यक्षों को सक्रियता बढ़ाने के निर्देश दिए। बैठक का संचालन उपाध्यक्ष जनार्दन शुक्ला ने किया। इस अवसर पर निकलेश सरोज, स्वेच्छा सिंह, अनवर अंसारी, पवन मिश्रा कटांवा, इमरान खान, नफीस पठान, मनीष तिवारी, उमाकांत त्रिपाठी, सपना पाठक, ओम प्रकाश त्रिपाठी, सलाहुद्दीन हाशमी, सियाराम तिवारी, जैद खान, प्रदीप सिंह, अरशद पवार, ममनून आलम, इंद्रकेश शर्मा, प्रेमलता निषाद, विजयपाल गौतम, अतीउल्ला अंसारी, रमेश चौधरी समेत बड़ी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद रहे।

## बसपा की समीक्षा बैठक का आयोजन बूथ को मजबूत करने के लिए कार्यकर्ताओं को दिशा निर्देश

**पीलीभीत, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बहुजन समाज पार्टी की जिलास्तरीय समीक्षा बैठक मंगलवार को आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष देव स्वरूप आर्य ने की पश्चिमी उत्तर प्रदेश के प्रभारी एवं पूर्व सांसद बाबू मुनकाद अली ने कहा कि बसपा संगठन को मजबूत करने में जुटी है और विस्तार करने मे लगी है बसपा का लक्ष्य 2027 मे मायावती को मुख्यमंत्री बनाने का है उन्होंने बूथ की प्रभावी तैयारी और समीक्षा पर जोर दिया मुख्य मंडल प्रभारी राजेश सागर ,राजवीर सिंह, उदयवीर ने कार्यकर्ताओं से जमीनी स्तर पर काम करने का आह्वान किया उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती से ही मायावती के संकल्प साकार होंगे बैठक में समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे।समीक्षा बैठक में जिला प्रभारी मुन्नालाल कश्यप,निरंजन गौतम, जिला उपाध्यक्ष अरविन्द तिवारी,जिला महासचिव धर्मपाल श्रीवास्तव, जिला-कोषाध्य मो रजा अंसारी, जिला सचिव राम चरन राना, प्रदीप गौतम विधानसभा अध्यक्ष राजेन्द्र पाल, महेन्द्र पाल गंगवार गजेन्द्र गौतम, शमशुल कमर,छेदालाल गौतम, हरीश चन्द्र गौतम, करन पासवान बी.डी.सी., पप्पू ,गंगाराम सागर, भगवान सिंह गौतम ,अफजल खां, लालाराम सागर, रामपाल शर्मा, श्हथ पान सिंह जी, महेश पाल, ब्रज पाल सिंह,आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कृषि विभाग द्वारा अनुदान पर वितरित यंत्रो का ई-लाटरी के माध्यम से चयन
पीलीभीत। उप कृषि निदेशक ने बताया कि जनपद स्तरीय कार्यकारी समिति के समक्ष वर्ष 2025-26 में प्रमोशन ऑफ एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन फॉर इन-सीटू मैनेजमेंट ऑफ क्राप रेज्ड्यू योजना के अनुदान पर यंत्र क्रय करने हेतु ऑनलाइन बुकिंग करने वाले लाभार्थियों का चयन ई-लाटरी के माध्यम से दिनॉक 08.08.2025 को पूर्वान्हः 12:00 बजे से गॉधी सभागार, कलेक्टेझ्रट, जनपद पीलीभीत में किया जायेगा।उक्त के क्रम में जनपद के समस्त किसान भाई जिन्होने योजनाओं में अनुदान पर यंत्र क्रय करने के लिए आवेदन किया है, वह दिनॉक 08.08.2025 को पूर्वान्ह 12:00 बजे गॉधी सभागार, कलेक्ट्रेट पर उपस्थित हो, जिससे कि ई-लाटरी की प्रकिया की जा सके। जो भी कृषक भाई अनुपस्थित होंगे उन्हे उपस्थित किसान भाईयों एवं समिति के द्वारा किये गए ई-लाटरी से चयन प्रक्रिया से सहमत माना जायेगा एवं उन्हे कोई आपत्ति नही है, ऐसा मानकर प्रक्रिया पूर्ण की जायेगी।

## चलाया अभियान

**पीलीभीत, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जनपद में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन लखनऊ एवं जिलाधिकारी के निर्देशों के क्रम में रक्षाबन्धन पर्व के अवसर पर आम जनमानस को सुरक्षित खाद्य/पेय पदार्थ उपलब्ध कराये जाने हेतु दिनांक 04.08.2025 से दिनांक 07.08.2025 तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में स्वतन्त्र कुमार श्रीवास्तव, प्रभारी सहायक आयुक्त खाद्य के नेवृत्व व निर्देशन में सतीश कुमार, शान्तनु कुमार एवं पे्रम कुमार यादव खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के दल द्वारा छापामार कार्यवाही करते तुलाराम प्रतिष्ठान भोपतपुर सकरिया से सोनपापडी, अनिल सिंह मिष्ठान भण्डार घुंघचिहाई चैराहा पूरनपुर से गुलाब जामुन, अजीत कौर रन्धवा प्रतिष्ठान चन्नी राजा स्वीट्स से छेना रसगुल्ला, सुखजिन्दर सिंह ढिल्लन बराही कलीनगर प्रतिष्ठान सर्वसुख स्वीट्स गणेशगंज पूर्वी पूरनपुर से सोनपापडी व मोतीचूर लड्डू एवं लाल बहादुर गुप्ता शेरपुर रोड़ पूरनपुर प्रतिष्ठान राज जनरल स्टोर शेरपुर रोड पूरनपुर से रसभरी रसगुल्ला के नमूने संग्रहीत किये गये हैं। उक्त भी नमूने जांच हेतु राजकीय खाद्य विश्लेषक को प्रेषित किये जा रहे है, जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही की जायेगी। खाद्य पदार्थों में मिलावट के विरूद्ध प्रवर्तन कार्यवाही निरन्तर जारी रहेगी। स्वतंत्र कुमार श्रीवास्तव प्रभारी सहायक आयुक्त द्वारा आम जनमानस से अपील की गयी कि वह अत्याधिक सस्ती एवं अत्याधिक रंगीन मिठाईयॉ खरीदने से परहेज करें। प्रभारी सहायक आयुक्त खाद्य द्वारा कारोबारियों से अपील की गयी कि बाहर से लाई गयी घटिया मिठाईयों को विक्रय न करें अन्यथा की दशा में उनके विरूद्ध नियमानुसार कडत्री कार्यवाही की जायेगी।

## आर एस आर डी सरस्वती शिशु मंदिर के नन्हें छात्रों ने निकाली कांवड़ यात्रा: भगवान शिव-पार्वती के रूप में सजे बच्चों

**पूरनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** पीलीभीत के पूरनपुर में आर एस आर डी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के बच्चों ने द्वितीय आदर्श कांवड़ यात्रा निकालकर सनातन संस्कृति का संदेश दिया यात्रा विद्यालय से शुरू होकर नगर के मुख्य मार्गो से होते हुऐ पुराने हनुमान मंदिर तक पहुंची बच्चों ने भगवान शिव, माता पार्वती, कार्तिकेय और गणेश के स्वरूप धारण किए रंग-बिरंगे परिधानों में सजे इन नन्हें भक्तों ने आकर्षण का केंद्र बना नगरवासियों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर बच्चों का उत्साहवर्धन किया विधायक पुत्र ऋतुराज पासवान ने पूजन कर यात्रा का शुभारंभ किया और बच्चों के उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुऐ यात्रा को रवाना किया मंदिर पहुंचने पर लोगो ने बच्चों का स्वागत किया। वहां बच्चों ने भोले बाबा को कांवड़ अर्पित कर आशीर्वाद लिया विद्यालय के प्रधानाचार्या ने यात्रा की सफलता में विशेष भूमिका निभाई विद्यालय के प्रबंधक केशव गुप्ता, कोषाध्यक्ष अनुराग गुप्ता, ,प्रधानाचार्य अजय गौड़ भी इस अवसर पर उपस्थित रहे। यात्रा के दौरान विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा पूरी यात्रा उत्साहपूर्वक व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।

## बसपा की समीक्षा बैठक का आयोजन बूथ को मजबूत करने के लिए कार्यकर्ताओं को दिशा निर्देश

**पूरनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बहुजन समाज पार्टी की जिलास्तरीय समीक्षा बैठक मंगलवार को आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष देव स्वरूप आर्य ने की पश्चिमी उत्तर प्रदेश के प्रभारी एवं पूर्व सांसद बाबू मुनकाद अली ने कहा कि बसपा संगठन को मजबूत करने में जुटी है और विस्तार करने मे लगी है बसपा का लक्ष्य 2027 मे मायावती को मुख्यमंत्री बनाने का है उन्होंने बूथ की प्रभावी तैयारी और समीक्षा पर जोर दिया मुख्य मंडल प्रभारी राजेश सागर ,राजवीर सिंह, उदयवीर ने कार्यकर्ताओं से जमीनी स्तर पर काम करने का आह्वान किया उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती से ही मायावती के संकल्प साकार होंगे बैठक में समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे।समीक्षा बैठक में जिला प्रभारी मुन्नालाल कश्यप,निरंजन गौतम, जिला उपाध्यक्ष अरविन्द तिवारी,जिला महासचिव धर्मपाल श्रीवास्तव, जिला-कोषाध्य मो रजा अंसारी, जिला सचिव राम चरन राना, प्रदीप गौतम विधानसभा अध्यक्ष राजेन्द्र पाल, महेन्द्र पाल गंगवार गजेन्द्र गौतम, शमशुल कमर,छेदालाल गौतम, हरीश चन्द्र गौतम, करन पासवान बी.डी.सी., पप्पू ,गंगाराम सागर, भगवान सिंह गौतम ,अफजल खां, लालाराम सागर, रामपाल शर्मा, श्हथ पान सिंह जी, महेश पाल, ब्रज पाल सिंह,आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जर्जर सड़कों से बढ़ी परेशानियां, आवागमन में में हो रही परेशानियां

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बल्दीराय/सुलतानपुर। तहसील क्षेत्र के हलियापुर से कूरेभार मार्ग से निकला डोभियारा पिंगला सम्पर्क मार्ग जो अयोध्या जनपद की सीमा स्थित पिठला गांव तक जाने वाला प्रमुख संपर्क मार्ग इन दिनों बदहाल स्थिति में है। लगातार बारिश के कारण यह सड़क पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुकी है। यह मार्ग क्षेत्र के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि आगे चलकर यह नेशनल हाईवे से जुड़ता है और दर्जनों गांवों की जीवनरेखा के रूप में कार्य करता है। बारिश के बाद सड़क पर जगह-जगह गहरे गड्ढे और कीचड़ फैल गया है, जिससे राहगीरों, दोपहिया वाहन चालकों और चारपहिया वाहनों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार, इस मार्ग से प्रतिदिन हजारों लोग यात्रा करते हैं, लेकिन सड़क की खस्ता हालत के कारण अब यह मार्ग जोखिम भरा बन गया है। आए दिन हो रहे छोटे-बड़े हादसों ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है।स्थानीय निवासियों का कहना है कि यह मार्ग कई गांवों को जोड़ने वाला प्रमुख संपर्क मार्ग है, लेकिन बरसात के बाद इसकी मरम्मत को लेकर विभागीय उदासीनता बनी रही। इससे न केवल आमजन को कठिनाई हो रही है, बल्कि क्षेत्रीय विकास की गति भी प्रभावित हो रही है। इस संबंध में जब लोक निर्माण विभाग के अवर अभियंता से संपर्क किया गया तो उन्होंने बताया कि सड़क की मरम्मत के लिए संबंधित ठेकेदार को निर्देशित कर दिया गया है। जैसे ही मौसम अनुकूल होगा, कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। ग्रामीणों ने प्रशासन ने मांग की है कि मरम्मत कार्य समयबद्ध ढंग से पूर्ण कर मार्ग को फिर से सुरक्षित और सुविधाजनक बनाया जाएगा, जिससे लोगों को सुगम आवागमन के साथ विकास की दिशा में गति मिल सके।

# स्वास्थ्य कर्मियों को दिया गया टीपीटी का प्रशिक्षण, परिजनों की भी होगी स्क्रीनिंग

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




सुलतानपुर। शहर के एक निजी होटल में डब्ल्यूजेसीएफ संस्था की ओर से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षकों और ब्लॉक स्तर के स्वास्थ्य कर्मियों को टीबी रोकथाम उपचार (टीपीटी) विषय पर प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जिसे मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. भारत भूषण, जिला क्षयरोग अधिकारी डॉ. आर.के. कानोजिया, डॉ. लालजी (डिप्टी सीएमओ) और एसीएमओ डॉ. राधावल्लभ,डाक्टर जे सी सरोज ने संयुक्त रूप से किया।

प्रशिक्षण में बताया गया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा टीबी रोगियों के सम्पर्क में आए परिजनों की स्क्रीनिंग और उन्हें टीबी से बचाव के लिए दवा देने हेतु टीपीटी कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिले में सभी सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों की इसमें अहम भूमिका है। वे अपने क्षेत्र के सभी टीबी रोगियों के निकट सम्पर्कियों की सूची तैयार करेंगे और उन्हें टीपीटी दवा दी जाएगी। राज्य क्षयरोग प्रकोष्ठ से आए ट्रेनर डॉ. नरेंद्र सिंह ने कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी न केवल सूची दें, बल्कि यह भी सुनिश्चित करें कि चिन्हित लाभार्थियों को टीपीटी दवा मिल रही है या नहीं। राज्य डब्ल्यूएचओ कंसल्टेंट डॉ. अंजलि राज ने बताया कि टीबी रोगियों के साथ उनके सम्पर्क में आए परिजन और अन्य लोगों की स्क्रीनिंग व दवा देना अत्यंत आवश्यक है। टीपीटी कार्यक्रम के माध्यम से संपर्क में आए परिजनों को टीबी से बचाने हेतु उम्र और वजन के अनुसार दवा दी जाती है। डब्ल्यूजेसीएफ के स्टेट टीबी मैनेजर डॉ. शम्सुद्दीन खान ने बताया कि यदि किसी व्यक्ति को फ़ेफड़ों की टीबी है और उसका इलाज शुरू नहीं हुआ है, तो वह औसतन 15 लोगों को संक्रमित कर सकता है। लेकिन समय पर इलाज शुरू हो जाए और सतर्कता बरती जाए, तो संक्रमण की श्रृंखला को तोड़ा जा सकता है। उन्होंने बताया कि बच्चों को झूला एक्स-रे व अन्य जांच के बाद यदि संक्रमण नहीं पाया जाता है, तो उन्हें टीपीटी की दवा दी जाएगी, जिससे भविष्य में उन्हें टीबी होने का खतरा नहीं रहेगा।

# स्वदेशी सुरक्षा एवं स्वावलंबन अभियान के साथ फिर गूंजा स्वदेशी का मंत्र

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



सुल्तानपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा स्वदेशी उत्पादों के समर्थन में दिए गए आह्वान का स्वदेशी जागरण मंच ने जोरदार स्वागत किया है। मंच ने स्पष्ट कहा है कि स्वदेशी उत्पादों की खरीद और बिक्री भी राष्ट्र की सच्ची सेवा है। मंच का मानना है कि भारत की आर्थिक समृद्धि का रास्ता आत्मनिर्भरता और स्वदेशी के मार्ग से होकर ही जाता है।

स्वदेशी जागरण मंच काशी प्रांत के विभाग संयोजक धर्मेंद्र द्विवेदी ने कहा कि वैश्विक अनिश्चितताओं और चीन जैसे देशों की आर्थिक आक्रामकता के इस दौर में स्वदेशी आंदोलन केवल विकल्प नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा का सबसे बड़ा हथियार है। चीन के साथ लगातार बढ़ते व्यापार घाटे और भारतीय बाजारों में घटिया चीनी उत्पादों की बाढ़ ने न केवल भारतीय एमएसएमई सेक्टर को नुकसान पहुंचाया है, बल्कि हमारी घरेलू उत्पादन क्षमता को भी गंभीर खतरे में डाल दिया है। स्वदेशी जागरण मंच ने विदेशी विवाहों से परहेज़ करने के प्रधानमंत्री के उदाहरण का समर्थन करते हुए कहा कि विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार, विदेशी विश्वविद्यालयों के मोह को त्यागने और स्थानीय कारीगरों व उत्पादों को प्राथमिकता देने जैसे कदम देश की आर्थिक मजबूती में निर्णायक भूमिका निभा सकते हैं। धर्मेंद्र द्विवेदी ने बताया कि 12 जून, 2025 को 'स्वदेशी सुरक्षा एवं स्वावलंबन अभियान' की शुरुआत की गई है, जिसका उद्देश्य देश के कोने-कोने में स्वदेशी और आत्मनिर्भर भारत का संदेश पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि भारत का स्वतंत्रता संग्राम भी स्वदेशी आंदोलन से ही प्रेरित था, और आज वैश्विक आर्थिक युद्ध के इस दौर में फिर से स्वदेशी आंदोलन की आवश्यकता है। उन्होंने अमेज़न, वॉलमार्ट (फ्लिपकार्ट) जैसे ई-कॉमर्स दिग्गजों पर भारत के पारंपरिक खुदरा व्यापार को हाशिए पर धकेलने का आरोप लगाया और सरकार से इन्हें विनियमित करने की मांग की। उन्होंने देशवासियों से 'स्वदेशी सुरक्षा एवं स्वावलंबन अभियान' से जुड़कर भारत को पुनः महान बनाने की अपील की है।

# तीन जिलों के ड्रग इंस्पेक्टर ने एसडीएम और पुलिस की मौजूदगी में मारा छापा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

अमेठी। कस्बा अमेठी में अवैध रूप से दवाओं के बड़े भण्डारण की जानकारी मिलने पर सहायक आयुक्त औषधि विभाग अयोध्या मण्डल के निर्देश पर जनपद अम्बेडकर नगर, सुल्तानपुर और अमेठी के ड्रग इंस्पेक्टर की संयुक्त टीम ने एसडीएम अमेठी मौजूदगी में छापेमारी किया किंतु शिकायत में निर्दिष्ट मकान/ दुकान का कोई भी मलिक लगभग एक घण्टे तक सामने नही आया जिस पर टीम ने मकान एवं दुकान को सील करते हुये नोटिस चस्पा कर दिया है।मंगलवार को दोपहर बाद औषधि विभाग की तीन सदस्यीय टीम ने अमेठी कस्बा पहुंचकर गांधी चौक के पास चाणक्यपुरी गली में स्थित एक मकान पर एसडीएम आशीष कुमार सिंह तथा स्थानीय पुलिस टीम के साथ छापा मारा किंतु छापे के दौरान मकान, दुकान का ताला नही खुला। यह टीमें करीब एक घण्टे तक इंतजार करती रही लेकिन अंत में चाभी ना मिलने पर छापेमारी करने आई टीम ने गेट पर लगे ताले को सील करते हुये गेट पर नोटिस चस्पा करके बैरंग ही वापस लौट जाना पड़ा।जनपद अमेठी के ड्रग इंस्पेक्टर कमलेश मिश्र ने बताया कि जनसुनवाई पोर्टल पर इकतीस जुलाई को एक शिकायत प्राप्त हुई थी जिसमें यह बताया गया था कि एक गोदाम में अवैध रूप से भंडारित दवाएं मौजूद हैं। उसका लोकेशन पब्लिक पैथोलाजी के बगल बताया गया था। इसी सूचना पर आज हम लोग आये। अवैध रूप से संचालित करने वाले फर्म के मालिक मौजूद नही मिले। अमेठी के एसडीएम आशीष कुमार सिंह की उपस्थिति में प्रतिष्ठान को सील कर दिया गया है।अम्बेडकर नगर के ड्रग इंस्पेक्टर शैलेंद्र प्रताप सिंह सुल्तानपुर के ड्रग इंस्पेक्टर राजीव प्रसाद तथा अमेठी के ड्रग इंस्पेक्टर कमलेश मिश्र की संयुक्त टीम सहायक आयुक्त औषधि विभाग अयोध्या मंडल अयोध्या द्वारा गठित की गई थी। जिनके निर्देशन में आज कार्यवाही करने पहुंचे थे। लेकिन दुर्भाग्य बस मौके पर कोई मौजूद नहीं मिला। ऐसे में प्रतिष्ठान को शील करते हुये नोटिस चश्पा की गई है जिसमें तीन दिनों का समय प्रतिष्ठान के मालिक को दिया गया है।ऐसे में तीन दिनों के अंदर उन्हें रिपोर्ट कर इसे खुलवाना है और जांच करवाना है। अगर ऐसा नहीं करते हैं तो निश्चित रूप से उनके खिलाफ विधिक कार्यवाही की जायेगी।

# संकुल शिक्षकों को कार्यमुक्त करने के लिये सौंपा ज्ञापन

तिलोई अमेठी। विकास क्षेत्र सिंहपुर में दो वर्षो से अधिक समय से कार्यरत संकुल शिक्षकों को पदीय दायित्वों से कार्यमुक्त करने को लेकर मंगलवार को पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ सिंहपुर के अध्यक्ष द्वारा बीएसए के नाम सम्बोधित ज्ञापन खण्ड शिक्षा अधिकारी को सौंपा गया है। पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ सिंहपुर के अध्यक्ष ओंकार पाण्डेय ने बताया कि परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत पचास शिक्षकों को संकुल शिक्षक बनाया गया है जिसमें अधिकांश संकुल शिक्षक दो वर्ष से अधिक का कार्यकाल पूर्ण कर चुके हैं फिर भी उनसे संकुल शिक्षक का कार्य कराया जा रहा है जो कि नियमतः गलत है। पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष ओंकार पाण्डेय ने कहा कि इससे नये शिक्षकों को भी इस पद पर कार्य करने का मौका मिलेगा और तकनीकी रूप से दक्ष शिक्षकों के संकुल बनने से इसका लाभ ब्लाक के समस्त शिक्षकों को मिलेगा।

**जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के बीच समन्वय और संवाद बेहतर रखने का निर्देश दिया**

# जनसमस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करें अधिकारी : सतीश चंद्र शर्मा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



अमेठी। प्रदेश सरकार के खाद्य एवं रसद राज्यमंत्री व जनपद प्रभारी मंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने मंगलवार को विकास भवन सभागार में जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के साथ शासन के विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों, राजस्व कार्यों एवं कानून व्यवस्था को लेकर समीक्षा किया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बैठक में स्वास्थ्य राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह,विधान परिषद सदस्य गोविन्द नारायण शुक्ला, जगदीशपुर के विधायक सुरेश पासी, जिलाधिकारी संजय चौहान, पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक, मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में प्रभारी मंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने शासन द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति में सुधार लाने एवं पात्र लोगों को योजनाओं से लाभान्वित करने का निर्देश दिया।प्रभारी मंत्री ने यूपी नेडा के अन्तर्गत सोलर रूफटॉप की प्रगति, उद्यान विभाग में संचालित योजनाओं की समीक्षा, विद्युत विभाग के अंतर्गत शासन की मंशा के अनुरूप विद्युत आपूर्ति की स्थिति, खराब ट्रांसफार्मर के बदलने की स्थिति, लाइन लॉस के प्रकरण तथा विद्युत विभाग से संबंधित प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की स्थिति, लोक निर्माण विभाग द्वारा नई सड़कों का निर्माण, गड्ढा मुक्त, सिंचाई पंप की आपूर्ति, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, निराश्रित गोवंश के संरक्षण एवं भरण पोषण की स्थिति, मुख्यमंत्री सहभागिता योजना, स्वास्थ्य सेवाओं के अंतर्गत हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर, एंबुलेंस, टीकाकरण की स्थिति, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालयों के निर्माण एवं संचालन की स्थिति, अंत्येष्टी स्थल के निर्माण, स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत व्यक्तिगत शौचालयों की स्थिति, ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत विद्यालयों, आंगनवाड़ी केंद्रों का सौंदर्यीकरण व सुदृढ़ीकरण का कार्य, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी एवं ग्रामीण, स्वयं सहायता समूह, सामूहिक विवाह योजना, पेंशन योजना, प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम, शादी अनुदान योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, बाल विकास, दुग्ध विकास, एक जनपद एक उत्पाद, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, निवेश मित्र पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की स्थिति, श्रमिक पंजीकरण, अधिष्ठापन पंजीकरण, श्रमिक दुर्घटना बीमा योजना, आइजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की स्थिति सहित अन्य कार्यों की गहन समीक्षा किया।

# स्वदेशी का संकल्प

ट्रंप की टैरिफ दादागीरी और तमाम देशों के आर्थिक संरक्षणवाद से भारत के लिए उभरी आर्थिक चुनौतियों के बीच स्वदेशी का मंत्र ही एक कारगर विकल्प सिद्ध हो सकता है। वाराणसी में अपने लोकसभा क्षेत्र से एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों का आह्वान किया है कि संकल्प लें कि हम अपने घर स्वदेशी सामान ही लाएंगे। उल्लेखनीय है कि कोरोना संकट के दौरान जब वैश्विक आपूर्ति शृंखला डगमगाई थी, तब भी प्रधानमंत्री ने देश में स्वदेशी आंदोलन का आह्वान किया था। निस्संदेह, इस दिशा में कुछ प्रगति हुई है, लेकिन हकीकत है कि अपेक्षित परिणाम हासिल नहीं हुए। आज के ऐसे दौर में जब दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाएं घोर संरक्षणवाद का सहारा ले रही हैं, भारत को अपनी अर्थव्यवस्था को स्वदेशी के संकल्प से ही संरक्षण देना होगा। ये कदम मौजूदा आर्थिक परिदृश्य में अपरिहार्य हैं क्योंकि दुनिया के तमाम देश अपने-अपने आर्थिक हितों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। अमेरिका द्वारा भारतीय उत्पादों पर अन्यायपूर्ण ढंग से लगाया गया 25 फीसदी का टैरिफ इस कड़ी का ही विस्तार है। ऐसे वक्त में जब भारत दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है तो हमें घरेलू अर्थव्यवस्था का स्वास्थ्य सुधारने को अपनी प्राथमिकता बनाना ही होगा। यदि हमारी अर्थव्यवस्था आत्मनिर्भर होगी तो फिर कोई वैश्विक नेता दबाव बनाकर हमारी विदेश व आर्थिक नीतियों को प्रभावित न कर सकेगा। विडंबना यह है कि चीन के लगातार शत्रुतापूर्ण व्यवहार व सीमा पर तनाव के बावजूद चीनी उत्पादों का आयात बढ़ता ही जा रहा है। यहां तक कि हमारे त्योहारों का सामान भी चीन से बनकर आ रहा है। इसमें दो राय नहीं कि स्वदेशी का संकल्प देश की वर्तमान जरूरत है, लेकिन देश के उद्यमियों को भी सुनिश्चित करना होगा कि स्वदेशी वस्तुओं का विकल्प गुणवत्तापूर्ण हो। आज के उपभोक्तावादी युग में लोग गुणवत्ता से समझौता करने को तैयार नहीं होते। उद्यमियों को सोचना होगा कि कैसे चीन के उद्यमी कम लागत में गुणवत्तापूर्ण उत्पाद उपलब्ध करा रहे हैं। सरकार को भी उद्योग व व्यापार जगत पर नौकरशाही के शिकंजे को कम करना होगा। उत्पादन क्षेत्र को हमें उस स्तर तक ले जाने के लिये अनुकूल वातावरण तैयार करना होगा, जहां गुणवत्तापूर्ण सस्ते उत्पाद तैयार किए जा सकें। जरूरत इस बात की भी है कि हम अपने विशाल असंगठित क्षेत्र को संगठित क्षेत्र में शामिल करने के लिये प्रयास करें। हम याद रखें कि चीन ने अपने देश में लघु उद्योगों को संगठित करके ही दुनिया में उत्पादन के क्षेत्र में बादशाहत हासिल की है। विश्व में सबसे बड़ी आबादी वाले देश भारत को अपनी युवा आबादी की क्षमता का उपयोग करने के लिये इस दिशा में बड़ी पहल करनी होगी। हमारा शिक्षा का ढांचा इस तरह तैयार हो कि हम कौशल विकास को अपनी प्राथमिकता बनाएं। जिससे हम कालांतर कृत्रिम बुद्धिमत्ता और आधुनिक तकनीक का उपयोग उत्पादन बढ़ाने के लिये कर सकें। तब स्वदेशी के संकल्प से भारत न केवल आत्मनिर्भर होगा, बल्कि हम गुणवत्तापूर्ण निर्यात के जरिये अपने दुर्लभ विदेशी मुद्रा भंडार को भी समृद्ध कर सकेंगे।

> वाराणसी में अपने लोकसभा क्षेत्र से एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों का आह्वान किया है कि संकल्प लें कि हम अपने घर स्वदेशी सामान ही लाएंगे। उल्लेखनीय है कि कोरोना संकट के दौरान जब वैश्विक आपूर्ति शृंखला डगमगाई थी, तब भी प्रधानमंत्री ने देश में स्वदेशी आंदोलन का आह्वान किया था। निस्संदेह, इस दिशा में कुछ प्रगति हुई है, लेकिन हकीकत है कि अपेक्षित परिणाम हासिल नहीं हुए।

# ग्रेटर बांग्लादेश : भारत के लिए बढ़ता वैचारिक खतरा

> वर्तमान भारत अनेक मोर्चों पर वैचारिक और आर्थिक युद्ध का सामना करता हुआ दिखता है, जिसमें से एक उभरता हुआ वैचारिक मोर्चा जो सामने आया है, वह है सल्तनत-ए-बांग्ला। यह कोई साधारण संगठन नहीं, बल्कि एक ऐसी बहुआयामी परियोजना है जो ग्रेटर बांग्लादेश की परिकल्पना को आगे बढ़ा रही है और सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि इसके पीछे तुर्किये, कतर और मुस्लिम ब्रदरहुड जैसे वैश्विक इस्लामी नेटवर्क की प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष भूमिका सामने आई है। अभी इस घटना को बहुत दिन नहीं बीते हैं, वह तारीख 14 अप्रैल 2025 की है, जब ढाका विश्वविद्यालय में एक पोस्टर प्रदर्शित किया गया। इस पोस्टर में एक काल्पनिक ''ग्रेटर बांग्लादेश'' का नक्शा दर्शाया गया था, जिसमें कि भारत के असम, त्रिपुरा, बंगाल, झारखंड, ओडिशा और बिहार के कुछ हिस्सों के अलावा म्यांमार का अराकान क्षेत्र इसमें शामिल किया गया था। वस्तुतः यह केवल एक पोस्टर नहीं था, यह एक ऐसा वैचारिक घोषणापत्र था जो दक्षिण एशिया में इस्लामी राष्ट्रवाद के पुनरुत्थान की कल्पना को जमीनी आधार देने की कोशिश कर रहा है। इस संबंध में विस्तार से जानकारी अब ओर गहराई से सामने आ सकी है। दरअसल, भारतीय संसद में विदेशमंत्री एस. जयशंकर ने विस्तार से बताया है कि कैसे यह 'ग्रेटर बांग्लादेश' का विचार एक सोची-समझी 'आइडियोलॉजिकल इनसर्जेंसी' का हिस्सा है। सल्तनत-ए-बांग्ला को तुर्की के गैर-सरकारी संगठन टर्की यूथ फ़ेडरेशन (टीवायएफ) से मिलने वाले सहयोग से आगे बढ़ाया जा रहा है। जिसमें कि ये संगठन ग्रामीण विकास और युवाओं के सशक्तिकरण जैसे उदार कार्यों में लगा दिखाई देता है, लेकिन इसके कामकाज का वास्तविक उद्देश्य 'इस्लामी जिहाद' के एजेंडे को विस्तार देना है।

जब एक राष्ट्र की सीमाएं उसके पड़ोसी मुल्क की कल्पना में मिटाई जाने लगें और यह कल्पना सिर्फ नक्शों तक सीमित न रहकर उसे व्यवहारिक धरातल पर उतारने के लिए जब शैक्षणिक परिसरों, राजनीतिक मंचों और धार्मिक संस्थानों का उपयोग किया जाने लगे, तब यह केवल एक कल्पना तक सीमित रहनेवाला विषय नहीं रहता, बल्कि एक देश की अपनी पड़ोसी देश के प्रति वैचारिक युद्ध की शुरुआत होती है। इस संदर्भ में वर्तमान भारत अनेक मोर्चों पर वैचारिक और आर्थिक युद्ध का सामना करता हुआ दिखता है, जिसमें से एक उभरता हुआ वैचारिक मोर्चा जो सामने आया है, वह है सल्तनत-ए-बांग्ला। यह कोई साधारण संगठन नहीं, बल्कि एक ऐसी बहुआयामी परियोजना है जो ग्रेटर बांग्लादेश की परिकल्पना को आगे बढ़ा रही है और सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि इसके पीछे तुर्किये, कतर और मुस्लिम ब्रदरहुड जैसे वैश्विक इस्लामी नेटवर्क की प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष भूमिका सामने आई है। अभी इस घटना को बहुत दिन नहीं बीते हैं, वह तारीख 14 अप्रैल 2025 की है, जब ढाका विश्वविद्यालय में एक पोस्टर प्रदर्शित किया गया। इस पोस्टर में एक काल्पनिक ''ग्रेटर बांग्लादेश'' का नक्शा दर्शाया गया था, जिसमें कि भारत के असम, त्रिपुरा, बंगाल, झारखंड, ओडिशा और बिहार के कुछ हिस्सों के अलावा म्यांमार का अराकान क्षेत्र इसमें शामिल किया गया था। वस्तुतः यह केवल एक पोस्टर नहीं था, यह एक ऐसा वैचारिक घोषणापत्र था जो दक्षिण एशिया में इस्लामी राष्ट्रवाद के पुनरुत्थान की कल्पना को जमीनी आधार देने की कोशिश कर रहा है। इस संबंध में विस्तार से जानकारी अब ओर गहराई से सामने आ सकी है। दरअसल, भारतीय संसद में विदेशमंत्री एस. जयशंकर ने विस्तार से बताया है कि कैसे यह 'ग्रेटर बांग्लादेश' का विचार एक सोची-समझी 'आइडियोलॉजिकल इनसर्जेंसी' का हिस्सा है। सल्तनत-ए-बांग्ला को तुर्की के गैर-सरकारी संगठन टर्की यूथ फ़ेडरेशन (टीवायएफ) से मिलने वाले सहयोग से आगे बढ़ाया जा रहा है। जिसमें कि ये संगठन ग्रामीण विकास और युवाओं के सशक्तिकरण जैसे उदार कार्यों में लगा दिखाई देता है, लेकिन इसके कामकाज का वास्तविक उद्देश्य 'इस्लामी जिहाद' के एजेंडे को विस्तार देना है। यह टीवायएफ'मुस्लिम ब्रदरहुड' से वैचारिक रूप से जुड़ा है और इसकी गतिविधियों में शिक्षा के नाम पर धार्मिक कट्टरता को बढ़ावा देना प्रमुख रणनीति है। अब आप मुस्लिम ब्रदरहुड के बारे में भी समझ लीजिए; 1928 में मिस्र से इसकी शुरूआत है। संगठन केवल धार्मिक आंदोलन नहीं है, यह राजनीतिक इस्लाम की एक वैश्विक विचारधारा है जो किसी भी लोकतांत्रिक देश में जब पहुंचती है तो वहां के लोकतंत्र के ढांचे में रहकर इस्लामी सोच का पोषण करती है। एक ऐसी स्थिति पैदा करने का प्रयास करती है कि लोकतांत्रिक देश एक समय के बाद पूरी तरह से इस्लाम की सोच में बदल जाए और वहां शरीया कानून लागू हो जाए। वस्तुतः इसी सोच को ये 'टर्की यूथ फ़ेडरेशन' के साथ मिलकर भारत और बांग्लादेश में इस्लामिक साम्राज्यवाद के नाम पर आज विस्तारित करता हुआ दिखता है। बांग्लादेश में 'सल्तनत-ए-बांग्ला' को 'टर्की यूथ फ़ेडरेशन' से विचारधारात्मक मार्गदर्शन और वित्तीय सहायता दोनों मिल रही है। बांग्लादेश के मदरसे और विश्वविद्यालय इसके प्रभाव में हैं। टर्की यूथ फ़ेडरेशन ने बांग्लादेश में जमात-ए-इस्लामी और हिज्ब-उत-तहरीर जैसे संगठनों को सशक्त किया है, जो भारत-विरोधी और इस्लामिक स्टेट की अवधारणा के हामी हैं। मार्च 2025 में हिज्ब-उत-तहरीर ने बांग्लादेश में एक 'खिलाफत मार्च' निकाला था, जिसमें खुलेआम कहा गया था कि दुनिया में मुस्लिमों की राजनीतिक सीमाएं नहीं होनी चाहिए। सल्तनत-ए-बांग्ला इसी 'सीमाहीन इस्लामी राष्ट्र' की अवधारणा को बंगाल की जमीन पर उतारने की कोशिश है। जिसमें कि 'टीवायएफ' समन्?वय की अहम भूमिका निभाता दिखता है। ये संगठन 'ग्रेटर बांग्लादेश' को केवल एक भौगोलिक विस्तार के रूप में नहीं, बल्कि एक सांस्कृतिक-धार्मिक राज्य के रूप में प्रस्तुत कर रहा है। इसके एजेंडे में केवल क्षेत्रीय विस्तार नहीं, बल्कि भारत के अंदर धार्मिक ध्रुवीकरण और सामाजिक विखंडन पैदा करना भी शामिल है। इससे अधिक गंभीर बात यह है कि आज यह 'टीवाईएफ' भारत के भी कुछ कट्टरपंथी समूहों से संवाद करता हुआ नजर आता है। युरोपीय संसद के दस्तावेज़ों में यह उल्लेख है कि टर्की यूथ फ़ेडरेशन (टीवायएफ) सहित कई टर्की के एनजीओस जकात (दान) और छात्रवृत्ति की आड़ में भारतीय मुसलमानों को कट्टरपंथी विचारों की ओर प्रेरित करते हैं। छात्रों को पाकिस्तान या अन्य नेटवर्क से जोड़ा जाता है, जहां उन्हें कट्टरतर विचारधारा से प्रभावित किया जाता है। तुर्किये भारत में आईएसआईएस सदस्यों की गतिविधियों में धन लगा रहा है, जो भारतीय मुसलमानों को कट्टरपंथी बनाने और 'तकनीकी जानकारी के हस्तांतरण' के माध्यम से बड़े पैमाने पर अस्थिरता पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। अब तक जिन संस्?थाओं का प्रमुखता से नाम सामने आया है, उसमें तुर्की सहयोग और समन्वय एजेंसी (टीआईकेए), यूनुस एमरे संस्थान (यूईआई), अंतरराष्ट्रीय मानवीय राहत फाउंडेशन (आईएचएच), तुर्की-पाकिस्तान सांस्कृतिक संघ और तुर्की डायस्पोरा युवा अकादमी (वाईटीबी) के शासी बोर्ड जैसे शैक्षणिक संस्थान और गैर-सरकारी संगठन शामिल हैं। ये सभी भारत के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप को सुगम बनाने के लिए भारत के युवाओं को ही अपना हथियार बना रहे है। तुर्की के गैर-सरकारी संगठन भारत विरोधी गतिविधियों में लिप्त संगठनों को जकात दान के रूप में धन मुहैया करा रहे हैं। रिपोर्टों में यह भी उल्लेख किया गया है कि बिलाल एर्दोगन के स्वामित्व वाले तुर्की यूथ फ़ाउंडेशन (टीयूजीवीए) के पाकिस्तान स्थित जमात-ए-इस्लामी (जेआई) और उसकी युवा शाखा या स्टूडेंट्स इस्लामिक ऑर्गनाइज़ेशन (एसआईओ) जैसी पार्टियों और संस्थाओं से सीधे संबंध हैं। इसके अलावा, इस्लामी शैली की 'इरास्मस' योजना के तहत, भारतीय मुस्लिम छात्रों को तुर्किये लाया जा रहा है और पाकिस्तानी संगठनों से संपर्क कराया जा रहा है। ताकि वे 'ग्रेटर बांग्लादेश' और गजबा-ए-हिंद की सोच के लिए स्लीपर सेल बनकर भारत में रहते हुए काम करें। इन सभी संगठनों का उद्देश्य भारत के मुस्लिम समुदायों में यह भावना पैदा करना है कि उनकी पहचान भारतीय नहीं, इस्लामी है। यह देश की सामाजिक एकता के लिए दीर्घकालिक खतरा है। इस पूरे प्रकरण में सबसे नकारात?मक पक्ष यह है कि बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रधानमंत्री मोहम्?मद यूनुस भी इनके साथ कहीं न कहीं मिले हुए दिखाई देते हैं, पिछले एक साल से यहां जो गैर मुसलमानों (हिंदू एवं अन्य) के विरोध में हिंसा हो रही है, उससे भी पता चल रहा है कि वे कट्टरपंथी तत्वों के इशारे पर काम कर रहे हैं। उनकी बेटी दीना अफरोज यूनुस का नाम 'सल्तनत-ए-बांग्ला' से आर्थिक संबंधों के सिलसिले में सामने आया है। कहना होगा कि भारत के लिए यह एक ऐसे वैचारिक उभार का दौर है, जहां दुश्मन पारंपरिक हथियार नहीं, सोशल मीडिया, शिक्षा, संस्कृति और इतिहास को हथियार बना रहा है। यदि भारत इस चुनौती का सामना केवल आंतरिक नीति से करने की कोशिश करता है और इसे अंतरराष्ट्रीय मंचों पर नहीं उठाता, तो यह संदेश जाएगा कि भारत अपने ही पड़ोस से उठती विचारधारात्मक चुनौती से अनभिज्ञ या असहाय है। इसलिए भारत को बांग्लादेश से इस मुद्दे पर स्पष्ट जवाब मांगना चाहिए। यदि जरूरत पड़े, तो इसे संयुक्त राष्ट्र, एसोसिएशन ऑफ साउथईस्ट एशियन नेशंस (आसियान) और इस्लामी सहयोग संगठन (ओआईसी) जैसे मंचों पर भी उठाना चाहिए। इसके साथ ही आज यह भी जरूरी हो गया है कि सल्तनत-ए-बांग्ला और ग्रेटर बांग्लादेश जैसी अवधारणाएं भारत को उसकी सांस्कृतिक, सामाजिक और राजनीतिक एकता पर पुनः विचार करने को विवश कर रही हैं। यह लड़ाई महज एक राष्ट्र के खिलाफ नहीं, एक लोकतांत्रिक भारतीय विचार दर्शन के विरोध में है। एक ऐसी इस्लामिक जिहादी लड़ाई जो विविधता को अस्वीकार करती है और धर्म (मजहब) के नाम पर एकरूपता थोपती है। इस समूह का एजेंडा न केवल भारत की भौगोलिक सीमाओं पर सवाल उठाना है, बल्कि उसकी सांस्कृतिक, सामाजिक और धार्मिक विविधता को चुनौती देना भी है। इसलिए भारत को चाहिए कि ''ग्रेटर बांग्लादेश'' की सोच का सफाया वह हर संभव प्रयास कर पूरी तरह से अतिशीघ्र करे, अन्यथा कल को यह सोच भारत के लिए एक बहुत बड़ी चुनौती बन जाएगी। **-डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

# बढ़ते तापमान से महिलाओं में बढ़ रहा कैंसर का खतरा

**विजय गर्ग**

जलवायु परिवर्तन और बढ़ती गर्मी का महिलाओं के स्वास्थ्य पर गंभीर असर पड़ रहा है। एक नए अध्ययन में वैज्ञानिकों ने पाया है कि तापमान बढ़ने के साथ महिलाओं में स्तन, अंडाशय (ओवरी), गर्भाशय और सर्वाइकल कैंसर के मामले और मौतें दोनों बढ़ रही हैं। जलवायु परिवर्तन का महिलाओं में कैंसर के खतरे पर क्या असर पड़ता है, यह जानने के लिए शोधकताओं ने मध्य पूर्व और उत्तर अफ्रीका के 17 देशों को चुना है। इनमें शामिल अल्जीरिया, बहरीन, मिस्त्र, ईरान, इराक, जार्डन, कुवैत, लेबनान, लीबिया, मोरक्को, ओमान, कतर, सऊदी अरब, सीरिया, ट्यूनीशिया, संयुक्त अरब अमीरात और फिलिस्तीन शामिल थे। ये सभी देश जलवायु परिवर्तन के प्रति बेहद संवेदनशील हैं और पहले ही तापमान में तेजी से होती वृद्धि का सामना कर रहे हैं। वहीं आशंका है कि इस क्षेत्र में 2050 तक तापमान के चार डिग्री सेल्सियस तक बढ़ सकता है। इसके साथ ही अपने अध्ययन में शोधकर्ताओं ने इन देशों में स्तन, अंडाशय, गर्भाशय और सर्वाइकल कैंसर के मामलों और मौतों से जुड़े आंकड़ों को भी जुटाया है और उनकी तुलना 1998 से 2019 के बीच बढ़ते तापमान से की है। शोध के नतीजे दर्शाते हैं कि तापमान में वृद्धि के साथ मध्य पूर्व और उत्तरी अफ्रीका में स्तन, अंडाशय, सर्वाइकल और गर्भाशय कैंसर के मामले भी बढ़े हैं। वहीं कतर, बहरीन, जार्डन, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात और सीरिया जैसे देशों में यह बढ़ोतरी सबसे अधिक देखी गई। यह वो देश हैं जो साल दर साल भीषण गर्मी का सामना करते हैं।

> जलवायु परिवर्तन का महिलाओं में कैंसर के खतरे पर क्या असर पड़ता है, यह जानने के लिए शोधकताओं ने मध्य पूर्व और उत्तर अफ्रीका के 17 देशों को चुना है। इनमें शामिल अल्जीरिया, बहरीन, मिस्त्र, ईरान, इराक, जार्डन, कुवैत, लेबनान, लीबिया, मोरक्को, ओमान, कतर, सऊदी अरब, सीरिया, ट्यूनीशिया, संयुक्त अरब अमीरात और फिलिस्तीन शामिल थे।

शोधकर्ताओं के मुताबिक, तापमान में हर एक डिग्री सेल्सियस की वृद्धि के साथ ये चारों तरह के कैंसर कहीं ज्यादा आम और घातक हो रहे हैं। इस अध्ययन के नतीजे अंतरराष्ट्रीय जर्नल फ्रंटियर्स इन पब्लिक हेल्थ में प्रकाशित हुए हैं। अध्ययन से पता चला है कि तापमान में हर एक डिग्री सेल्सियस की वृद्धि के साथ महिलाओं में कैंसर के मामलों में प्रति लाख लोगों पर 173 से 280 ° मामलों तक की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। इसमें अंडाशय (ओवरी) का कैंसर सबसे ज्यादा, जबकि स्तन कैंसर सबसे कम बढ़ा है। बढ़ते तापमान की वजह से सिर्फ कैंसर के मामले ही नहीं बढ़ रहे, इनसे होने वाली मौतों में भी इजाफा दर्ज किया गया है। आंकड़ों से पता चला है कि तापमान में हर डिग्री की बढ़ोतरी के साथ प्रति लाख लोगों पर होने वाली मौतों में 171 से 332 तक की बढ़ोतरी दर्ज की गई। अध्ययन में यह भी सामने आया है कि कैंसर के मामलों और मौतों में सबसे ज्यादा बढ़ोतरी कतर, बहरीन, जार्डन, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात और सीरिया में दर्ज की गई है। हालांकि, साथ ही अध्ययन में यह भी सामने आया है कि यह वृद्धि सभी देशों में एक समान नहीं थी । उदाहरण के लिए कतर में हर डिग्री सेल्सियस की वृद्धि के साथ स्तन कैंसर के मामले प्रति लाख लोगों पर 560 तक बढ़े, जबकि बहरीन में यह बढ़ोतरी 330 रेकार्ड की गई। वैज्ञानिकों के मुताबिक, यह अध्ययन दिखाता है कि बढ़ता तापमान इन कैंसरों की एक वजह हो सकता है। हालांकि हर देश में इसका प्रभाव अलग-अलग देखा गया। इसका मतलब है कि तापमान के अलावा भी कुछ और कारण कैंसर के खतरे को बढ़ा सकते हैं। उदाहरण के लिए, कुछ जगहों पर बढ़ती गर्मी के साथ हानिकारक वायु प्रदूषण भी बढ़ता है, जो कैंसर को फैलने में मदद कर सकता है।

## सेहत मंत्र

# मानसून में जानलेवा हो सकता है यह बुखार, ऐसे करें खुद का बचाव

डेंगू बुखार एक मच्छर जनित वायरल संक्रमण है जो दुनिया भर के उष्णकटिबंधीय और उपोष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में आम है। यह डेंगू वायरस के कारण होता है, जो संक्रमित एडीज़ मच्छरों, मुख्यतः एडीज़ एजिप्टी, के काटने से मनुष्यों में फैलता है। डेंगू का प्रभावी ढंग से प्रबंधन और डेंगू रक्तस्रावी बुखार या डेंगू शॉक सिंड्रोम जैसी गंभीर जटिलताओं को रोकने के लिए शीघ्र निदान और सहायक देखभाल अत्यंत महत्वपूर्ण है। डेंगू बुखार आमतौर पर अचानक तेज़ बुखार के साथ शुरू होता है। इसके बाद तेज़ सिरदर्द, मांसपेशियों और जोड़ों में दर्द, चकत्ते और कभी-कभी हल्का रक्तस्राव होता है। ये लक्षण असहज और काफी दर्दनाक हो सकते हैं। हालाँकि, असली खतरा गंभीर डेंगू से होता है, जिसे डेंगू रक्तस्रावी बुखार या डेंगू शॉक सिंड्रोम भी कहा जाता है। गंभीर डेंगू गंभीर जटिलताएँ पैदा कर सकता है और जानलेवा भी हो सकता है। प्रमुख चेतावनी संकेतों पर चर्चा करेंगे जो संकेत दे सकते हैं कि बीमारी गंभीर डेंगू में बदल रही है। इन चेतावनी संकेतों में पेट में तेज़ दर्द, लगातार उल्टी, तेज़ साँसें, मसूड़ों से खून आना, थकान, बेचैनी और उल्टी में खून आना शामिल हैं। सही इलाज पाने के लिए इन संकेतों को जल्दी पहचानना ज़रूरी है। चेतावनी के संकेतों को जल्दी पहचानने से आपको सही इलाज मिल सकता है और गंभीर जटिलताओं से बचा जा सकता है। डेंगू बुखार के सात प्रमुख चेतावनी संकेत इस प्रकार हैं: तेज बुखार, तेज सिरदर्द, जोड़ों और मांसपेशियों में दर्द, मतली और उल्टी, त्वचा पर चकत्ते, थकान और कमजोरी, हल्का रक्तस्राव।

## धर्म मंत्र

# भौम प्रदोष व्रत कथा सुनने से दूर होती हैं सभी परेशानियां

हर महीने के शुक्ल और कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि को प्रदोष व्रत किया जाता है। जब प्रदोष व्रत मंगलवार को आता है, तो उसको भौम प्रदोष व्रत कहा जाता है। धार्मिक मान्यता है कि भौम प्रदोष व्रत में कथा पढ़ना व सुनना काफी पुण्यदायी माना जाता है। साथ ही भौम प्रदोष व्रत कथा को पढ़ने व सुनने से हनुमान जी की कृपा प्राप्त होने के साथ ही देवों के देव महादेव की कृपा और आशीर्वाद भी प्राप्त होता है। साथ ही जातक को आर्थिक परेशानियों से भी मुक्ति मिलती है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको भौम प्रदोष व्रत कथा के बारे में बताने जा रहे हैं। सूतजी बोले, मैं मंगल त्रयोदशी प्रदोष व्रत का विधान कह रहा हूं। भौम प्रदोष का व्रत व्याधियों का नाशक है और इस व्रत में जातक को गेहूं और गुड़ का भोजन एक समय करना चाहिए। इस व्रत करने से जातक के सभी पाप और रोग दूर होते हैं। प्राचीन समय में एक बुढ़िया ने इस व्रत को किया था और उसको मोक्ष प्राप्त हुई थी। एक नगर में एक बुढ़िया रहती थी, उसके बेटे का नाम मंगलिया था। उस बुढ़िया को हनुमान जी पर अटूट श्रद्धा थी। वह हर मंगलवार को हनुमान जी का व्रत करती और उनका भोग लगाती थी। वहीं वह वृद्धा न तो मंगलवार को घर लीपती थी और न मिट्टी खोदती थी। जब वृद्धा को व्रत रखते हुए काफी समय बीत गया, तो हनुमानजी ने सोचा कि चलो आज इस वृद्धा की श्रद्धा की परीक्षा ली जाए। ऐसे में हनुमान जी साधु का वेष बनाकर वृद्धा के द्वार पहुंचे और पुकारा अगर कोई हनुमान भक्त हो, तो वह हमारी इच्छा पूरी करें। यह सुनकर वृद्धा बाहर आई और बोली महाराज आपकी क्या इच्छा है। साधु वेषधारी हनुमान जी बोले कि वह बहुत भूखे हैं और भोजन करना चाहते हैं, इसलिए थोड़ी सी जमीन लीप दे। इस पर वृद्धा ने हाथ जोड़कर कहा कि महाराज लीपने और मिट्टी खोदने के अलावा आप जो भी कहेंगे मैं करने तो तैयार हूं।

## पर्यटन



# इतिहास, विरासत और प्राकृतिक सौंदर्य का संगम है ओरछा

मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ जिले में स्थित ओरछा एक ऐसा ऐतिहासिक नगर है, जो समय के साथ भी अपनी भव्यता, संस्कृति और धार्मिक आस्था को आज तक संजोए हुए है। बेतवा नदी के किनारे बसा यह नगर न केवल स्थापत्य और इतिहास के प्रेमियों के लिए आकर्षण का केंद्र है, बल्कि यह एक शांत, दिव्य और आत्मिक अनुभव भी प्रदान करता है। ओरछा की स्थापना राजा रुद्र प्रताप सिंह ने 16वीं शताब्दी की शुरुआत में की थी। यह नगर बुंदेला राजवंश की राजधानी रहा है। ओरछा का नाम संस्कृत शब्द ''उद्योतका'' से निकला माना जाता है, जिसका अर्थ होता है– ''छोटा सा प्रकाश''। हालांकि आज यह स्थान भव्य महलों, मंदिरों और स्मारकों की रोशनी से जगमगाता है। राजा महलः यह महल बुंदेला शासकों का मुख्य निवास स्थान था। इसकी दीवारों और छतों पर की गई चित्रकारी आज भी पूरी तरह सुरक्षित है। यहां की आंतरिक सजावट भगवान राम, कृष्ण और अन्य देवी-देवताओं की कहानियों को चित्रों के माध्यम से जीवंत करती है। जहांगीर महलः यह महल मुगल सम्राट जहांगीर के स्वागत के लिए राजा बीर सिंह देव द्वारा बनवाया गया था। इसकी स्थापत्य कला में मुगल और राजपूत शैली का सुंदर मिश्रण देखने को मिलता है। महल की ऊँचाई से ओरछा और बेतवा नदी का दृश्य अत्यंत मनोहारी लगता है। राम राजा मंदिरः यह भारत का एकमात्र ऐसा मंदिर है जहाँ भगवान राम को राजा के रूप में पूजा जाता है। यह मंदिर वास्तव में एक महल था, जिसे रानी गणेशा ने मंदिर के रूप में परिवर्तित कर दिया था। यहाँ का प्रहरी बदलने की प्रक्रिया और सैन्य सम्मान, इस मंदिर को और भी खास बनाता है। चतुर्भुज मंदिरः यह मंदिर एक ऊँचे चबूतरे पर स्थित है, और इसकी वास्तुकला अत्यंत भव्य है। इसका निर्माण रानी गणेशा ने भगवान राम के लिए करवाया था, लेकिन राम जी की मूर्ति बाद में राम राजा मंदिर में स्थापित हो गई।

# कोटेदार की मनमानी से नाराज़ ग्रामीणों ने किया हंगामा

## सप्लाई इंस्पेक्टर ने दर्ज किए बयान



कैनविज टाइम्स संवाददाता

जैदपुर बाराबंकी। हरख ब्लॉक के टेरा गांव में मंगलवार को कोटेदार की कार्यशैली और घटतौली के विरोध में ग्रामीणों ने पंचायत भवन पहुंचकर जोरदार प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि बलछत ग्राम पंचायत के गुजरन पुरवा निवासी कोटेदार महादेव प्रसाद राशन वितरण में न केवल घटतौली करता है, बल्कि विरोध करने पर उपभोक्ताओं को धमकाता भी है।ग्रामीणों ने बताया कि अंगूठा लगवाने के बाद कई दिनों तक राशन नहीं दिया जाता। मामले को लेकर गांव निवासी राकेश रावत ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत भी दर्ज कराई है।हंगामे की सूचना पर पहुंचे सप्लाई इंस्पेक्टर अवधेश पांडे ने मौके पर उपस्थित ग्रामीणों के बयान दर्ज किए और बताया कि सभी शिकायतों को उपजिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।इस दौरान राकेश रावत, विनय कुमार वर्मा, मोहम्मद एजाज, रफीउल्लाह, शाह आलम, मोहम्मद सलीम, अमित यादव, रमेश यादव, मोहम्मद जाकिर सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।

# हैदरगढ़ में जलभराव से निपटने को तत्पर प्रशासन

# नवागत एसडीएम ने खुद संभाली कमान



कैनविज टाइम्स संवाददाता

हैदरगढ़, बाराबंकी। भारी बारिश के बीच नवागत उपजिलाधिकारी राजेश कुमार विश्वकर्मा ने मंगलवार को नगर क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण कर जलभराव की समस्या का जायजा लिया। वे नगर पंचायत और तहसील प्रशासन की टीमों के साथ खुद मौके पर पहुंचे और त्वरित जल निकासी सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। नगर पंचायत के कई वार्डों में जलभराव की सूचना मिलते ही प्रशासन हरकत में आ गया। उपजिलाधिकारी ने पंपिंग सेट लगवाकर जल निकासी की कार्रवाई तत्काल शुरू कराई। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि जलभराव की समस्या का स्थाई समाधान खोजा जाए, ताकि हर साल बारिश में जनता को परेशानी न हो। हैदरगढ़ नगर का मुख्य बाजार क्षेत्र राष्ट्रीय राजमार्ग से नीचा होने के कारण बारिश में पानी भर जाता है। रजिस्ट्री कार्यालय, तहसील परिसर, थाना परिसर, अग्निशमन विभाग, एवं क्षेत्राधिकारी कार्यालय में जलभराव हो गया। ऐसे में वहां पंपिंग सेट लगवाकर जल निकासी कराई गई।

**नगर पंचायत की सक्रियता** : नगर पंचायत प्रशासन पहले से ही सक्रिय था। मुख्य वार्डों में पानी भराव की आशंका को देखते हुए पंपिंग सेट, मोटर और सफाई कर्मचारियों की टीम पहले से तैनात कर दी गई थी। उपजिलाधिकारी ने नगर पंचायत के प्रयासों की सराहना की और निर्देश दिया कि संवेदनशील इलाकों की लगातार निगरानी की जाए।

''कहीं पर भी जलभराव की स्थिति नहीं बनने दी जाएगी। हमारी टीमें लगातार निगरानी कर रही हैं। कंट्रोल नंबर जारी कर दिया गया है, जिस पर सूचना मिलते ही तुरंत कार्रवाई की जाएगी।''

**राजेश कुमार विश्वकर्मा, उपजिलाधिकारी, हैदरगढ़**

**आपातकालीन कंट्रोल नंबर जारी** : नगरवासियों की सुविधा के लिए नगर पंचायत द्वारा एक आपातकालीन कंट्रोल नंबर 5 8189078369 जारी किया गया है। कहीं भी जलभराव या अन्य समस्या की स्थिति में नागरिक इस नंबर पर संपर्क कर तत्काल सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

# समस्या निदान का आश्वासन, धरना स्थगित



कैनविज टाइम्स संवाददाता

मसौली बाराबंकी। अधिशाषी अभियंता विद्युत खालिद सिद्दीकी एवं विद्युत उपखंड़ अधिकारी विलमेश मौर्य व भारतीय किसान यूनियन पदाधिकारियो के मधधय शांतिपूर्ण वार्ता के बाद 6 अगस्त को किसान यूनियन द्वारा आयोजित धरना स्थगित कर दिया गया। विभाग के अधिकारियों द्वारा सभी मांगो को जल्द से जल्द पुरा करने का आश्वासन दिया गया।

बताते चले कि 25 जुलाई को भारतीय किसान यूनियन ब्लाक इकाई अध्यक्ष भगौती प्रसाद वर्मा व सिरौलीगौसपुर तहसील अध्यक्ष राम सजीवन वर्मा ने अधिशाषी अभियंता को सम्बोधित करते हुए एक ज्ञापन दिया था जिसमे 6 सूत्रीय मांग की गयी थी मंगलवार को अधिशाषी अभियंता रामनगर खालिद सिद्दीकी, विद्युत उपखंड अधिकारी मसौली विमलेश मौर्य, अवर अभियंता मसौली लाल जी सिंह व किसान यूनियन तहसील अध्यक्ष रामसजीवन वर्मा, ब्लाक अध्यक्ष भगौती प्रसाद वर्मा के बींच हुई वार्ता के क्रम मे गुरुवार को बांसा व सैदनपुर फीडर की विद्युत लाइन के पेड़ो की डालियो की कटाई व छटाई की जायेगी इसके आलावा गुरुवार से पूर्व 250 के वी ए ट्रांसफार्मर मे टेललेस फ्यूज यूनिट चालू कर दिया जायेगा इसके आलावा होने वाली कटौती को ध्यान रखते हुए रिप्ले स्टेंगिं बढ़ा दी गयी है तथा ग्राम पंचायत सैदनपुर मे बिजली घर निर्माण के लिए उच्च अधिकारियो को प्रस्ताव भेज कर प्रतिलिप उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया गया तथा प्रत्येक माह विद्युत मीटर रीडिंग का आश्वासन दिया तथा रोस्टिंग के अनुसार विद्युत आपूर्ति की जायेगी।

विद्युत अधिकारियों एव किसान नेताओ के बींच हुई वार्ता के बाद बुधवार को होने वाले धरना प्रदर्शन को स्थगित कर दिया गया है। इस मौक़े पर राजेंद्र प्रसाद हनुमान, सतेन्द्र, आदि किसान नेता मौजूद रहे।

# आरक्षण का वादा कर सपा ने मुसलमानों का ठगा : वसीम राईन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। मुसलमानों को 18 प्रतिशत आरक्षण का झूँठा ऐलान करने की साज़िश में समाजवादी पार्टी ने मुस्लिम धर्मगुरुओं को भी शामिल कर लिया। और हुआ वही जिसका अंदाजा पहले से था वोट लेकर सत्ता में आने के बाद सपा वादा भूल गई। हैरत तो यह कि सपा के सुर में सुर मिलाने वाले मौलाना भी सपा से दूर नही हुए बल्कि उनका साथ पहले की तरह मजबूत है। अब यह बताने की जरुरत नही कि झूठ किसने बोला और शिकार कौन हुआ। यह बात आल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन ने अपने बयान में कही है। उन्होंने अपनी बात तफसील से रखते हुए कहा कि वर्ष 2012 के चुनाव से पहले जारी विधानसभा के सपा के घोषणापत्र में मुसलमानो को 18 प्रतिशत आरक्षण देने का ऐलान किया गया। सपा के इस ऐलान में मुसलमानों के धर्मगुरु फिरंगी महली व जमीयत उलेमा ए हिंद के सदर मौलाना मदनी, बुखारी आदि भी शामिल रहे और मुसलमानों से समाजवादी पार्टी के पक्ष में वोट करने की अपील की। सपा के झूठ की कलई आखिर खुल ही गई और पता चल गया कि यह घोषणा केवल सत्ता में लौटने के लिए एक हथियार भर ही था क्योंकि सरकार में आने के बाद सपा मुखिया ने इस पर बात करना भी गंवारा नही किया। उन्होंने कहा कि सपा ने तो मुसलमानों के साथ धोखा किया ही उनसे बड़ा फरेब मौलाना व धर्मगुरुओं ने किया। सपा द्वारा 18 फीसदी आरक्षण का वादा पूरा न किये जाने पर किसी ने उनके इस कृत्य का विरोध नही किया। चाहे फिरंगी महली हो, बुखारी हो या अरशद मदनी सपा के इस धोखे का इन लोगों ने न विरोध किया और न ही सपा का साथ ही छोड़ा क्योंकि अगर ये वाकई तब पाक साफ रहे होते और उसके हिमायती न होते तो सपा से धोखा खाने के बाद, अब तक चाहे एक साथ या अलग-2 कई बार प्रेस कांफ्रेंस करके ऐलान या अपील कर चुके होते कि घोषणापत्र में वादा करके आरक्षण ना देने वाली धोखेबाज समाजवादी पार्टी को, मुसलमान वोट बिलकुल ना दें और हर चुनाव में सपा का खुलकर विरोध करें, जिससे कि आगे भविष्य में कोई भी सियासी पार्टी या सियासी नेता मुसलमानों से झूठे वादे करने वा धोखा देने की हिम्मत दुबारा ना कर पाता। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने कहा कि इससे जाहिर है कि जितना मुसलमान सियासी दलों की साजिश का शिकार हुए उससे अधिक वह मुस्लिम धर्मगुरु व अगुवाई करने वालो के निशाने पर रह। बार बार किसी की कठपुतली बनने से बेहतर है कि मुसलमान उसके साथ कदम से कदम मिलाए जो भागीदारी व हिस्सेदारी की बात करे और न सिर्फ कहे बल्कि करके दिखा दे।

## प्रशासनिक दावा हवा हवाई, नहीं मिलती यूरिया

**बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** तहसील क्षेत्र में किसानों को धान की फसल में छिड़काव हेतु यूरिया खाद नहीं मिल पा रही है।बिछलखा रामनगर गणेशपुर कुरेलवा आदि समितियों पर सुबह से देर शाम तक किसानों की भारी भीड़ रही किन्तु उन्हें खाद नहीं मिली।गोदामों में यूरिया होने के बावजूद वितरण नहीं हो रहा है।किसान एडीओ खुशबू राय पर शिकायतें अनसुनी करने और रौब झाड़ने का आरोप लगा रहे हैं जिस पर जिला कृषि अधिकारी ने कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

सर्वर फ़ेल सिस्टम खराब पोस्ट ऑफिस का संदेश

## सैकड़ो लोग रोज कर रहे हैं परिक्रमा

**सिद्धौर, बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सिद्धौर पोस्ट ऑफिस में डिजिटल खाता खुलवाने के लिए सैकडो लोग बीते एक सप्ताह से डाकखाने की परिक्रमा कर रहे हैं। रोजाना लोग पोस्ट ऑफिस पहुंचते और रोता रहता है वही शब्द सर्वर फ़ेल का उन्हें संदेश सुनने को मिलता है। पीड़ित नगरिकोंने बताया कि पोस्ट ऑफिस कर्मियों से पूछे जाने पर बार-बार यही जवाब मिलता है कि ''सिस्टम खराब है'', ऐसे में डिजिटल खाता न खुल पाने की वजह से लोग परेशान है ।वही इस संबंध में सोमवार को पूछे जाने पर पोस्ट मास्टर विनय ने बताया कि डिवाइस सिस्टम में खराबी है जिसके कारण डिजिटल खाते नहीं खोले जा पा रहे हैं। जिसके संबंध में उच्चाधिकारियों को अवगत करा दिया गया है ,जल्द समाधान की उम्मीद है।

## बसपा की छवि धूमिल करने वालों से रहे सावधान कार्यकर्ता: मायावती

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने एक बार फिर कहा है कि उनकी पार्टी किसी भी राजनीतिक दल या संगठन के साथ नहीं हैं। फिर भी कुछ लोग मीडिया की मदद से पार्टी की छवि को धूमिल करने का प्रयास कर रहे हैं। ऐसे लोगों से पार्टी के कार्यकर्ता सावधान रहें। बसपा प्रमुख मायावती ने मंगलवार को एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि जैसा कि सर्वविदित है कि बसपा ना भाजपा के एनडीए गठबंधन के साथ है और ना ही कांग्रेस के इण्डिया समूह (गठबंधन) के साथ है। ना ही अन्य किसी और भी फ्रन्ट के साथ है। बल्कि इन दोनों व अन्य और किसी भी जातिवादी गठबंधनों से अलग अपनी 'सर्वजन हिताय व सर्वजन सुखाय' के अम्बेडकरवादी सिद्धान्त व नीति पर चलने वाली पार्टी है। इसके बावजूद भी खासकर दलित एवं अन्य पिछड़े वर्गों के प्रति जातिवादी मानसिकता रखने वाले कुछ मीडिया चैनल बसपा की छवि को बीच-बीच में धूमिल करने व राजनीतिक नुक़्सान पहुंचाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ते हैं।

## अटल शताब्दी आवासीय योजना' को लेकर लक्ष्मीकांत बाजपेयी ने योगी का जताया आभार

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने मेरठ शहर में शुरू होने जा रही टाउनशिप योजना को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर अटल शताब्दी आवासीय योजना करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार जताया है। उन्होंने कहा है कि लंबे समय से यह एक सपना था जो अब पूरा हुआ है। श्री वाजपेयी ने कहा , ﻼ मैने मुख्यमंत्री से आग्रह किया था कि आप मेरठ में आवासीय योजना की शुरुआत करने आ रहे हैं। मेरा आग्रह है कि आप इसका नामकरण पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी के नाम से करें।ﻼ उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने इस आग्रह को स्वीकार करते हुए कार्यक्रम के दौरान ही मंच से इस योजना का नाम अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर रखने की घोषणा की। इसके लिए उनका बहुत बहुत आभार। भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष बाजपेयी राज्यसभा में पार्टी के मुख्य सचेतक भी हैं।

# सरयू का रौद्र रूप, तराई में हड़कंप ! प्रशासन हाई अलर्ट पर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामनगर/सिरौलीगौसपुर बाराबंकी)। सरयू घाघरा नदी ने एक बार फिर अपना विकराल रूप धारण कर लिया है। नदी का जलस्तर खतरे के निशान से 37 सेंटीमीटर ऊपर बह रहा है और हर घंटे 2 सेंटीमीटर की रफ्तार से लगातार बढ़ता जा रहा है। एल्गिन ब्रिज संजय सेतु पर मंगलवार शाम को जलस्तर 106.440 मीटर दर्ज किया गया। नेपाल से छोड़े गए पानी और पहाड़ी इलाकों में मूसलधार बारिश ने हालात और भी भयावह बना दिए हैं।प्रशासन पूरी तरह से हाई अलर्ट पर है। दर्जनों गांवों में पानी घुस चुका है और कई गांवों को बाढ़ ने चारों ओर से घेर लिया है। तपेसिपाह, दुर्गापुर, सिसौंडा, लहड़रा, मढ़ना सहित कई गांव डूब की कगार पर हैं। खतरा सिर पर मंडरा रहा है, और स्थानीय प्रशासन राहत व बचाव कार्यों को तेज़ करने में जुट गया है।स्वास्थ्य विभाग की टीमें दिन-रात बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में डटी हुई हैं। सीएचसी अधीक्षक डॉ. संतोष सिंह ने खुद गांवों का निरीक्षण कर पीड़ितों को दवाइयां वितरित कीं। बाढ़ क्षेत्र में तीन मेडिकल टीमें और एंबुलेंस लगातार सक्रिय हैं। गर्भवती महिलाओं की विशेष निगरानी की जा रही है और जरूरत पड़ने पर उन्हें तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया जाएगा।राजस्व विभाग ने बाढ़ चौकियों की स्थापना कर दी है। इन चौकियों पर लेखपाल व राजस्व निरीक्षक तैनात हैं जो हालात की हर पल की रिपोर्ट उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह को दे रहे हैं। वहीं, एडीओ पंचायत शंभूनाथ पाठक ने सनावा गांव का निरीक्षण कर ग्राम प्रधान व सचिव को तत्काल राहत कार्य तेज करने के निर्देश दिए हैं।एसडीएम व तहसीलदार ने बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों का दौरा कर स्थिति की गंभीरता को देखते हुए बाढ़ नियंत्रण टीमें 24 घंटे अलर्ट पर रखने के निर्देश दिए हैं। प्रशासन ने ग्रामीणों को चेतावनी जारी करते हुए सुरक्षित स्थानों पर जाने और सतर्क रहने की अपील की है।यदि जलस्तर यूं ही बढ़ता रहा, तो आने वाले दिनों में जनजीवन पूरी तरह से बर्बाद हो सकता है। प्रशासनिक मशीनरी पर अब भारी दबाव है और हर पल की देरी जानलेवा साबित हो सकती है।

# डग्गामार वाहन भर रहे फर्राटा




कैनविज टाइम्स संवाददाता

निन्दूरा, बाराबंकी। थाना कुर्सी व बड्डूपुर क्षेत्र में लखनऊ-महमूदाबाद मार्ग पर इन दिनों डग्गामार वाहन फर्राटा भर रहे हैं, अनेकानेक ऐसे वाहन है जिनका फिटनेस तक नहीं पर वे निर्धारित संख्या से अधिक भूसे की तरह सवारियां भरकर सड़क पर दौड़ रहे हैं। गजब की अध्यक्षता वाले इस मार्ग पर सड़क के समीप ही पुलिस थाना वजूद में है। थाना कुर्सी और बड्डूपुर सीमा के अंतर्गत आने वाले इस मार्ग पर रोडवेज बसों की संख्या कम होने का पूरा फायदा यही अवैध वाहन उठा रहे हैं।

स्थानीय लोगों के अनुसार, लखनऊ और महमूदाबाद की ओर जाने वाली नियमित रोडवेज बसें या तो बहुत कम चलती हैं या फिर वे समय से नहीं आतीं जाती। ऐसे में यात्रियों को मजबूरीवश डग्गामार वाहनों का सहारा लेना पड़ रहा है, जो न केवल निर्धारित सवारी से कहीं अधिक लोगों को बैठाकर चलते हैं बल्कि यात्री सुरक्षा को भी नजरअंदाज करते हैं।

इन डग्गामार वाहनों में कई ड्राइवर तो बगैर लाइसेंस वाहन चला रहे है, न फिटनेस प्रमाण पत्र और ना ही यात्री बीमा जैसे सुविधा होती है वहीं अधिकांश वाहनों में चालक भी प्रशिक्षित नहीं होते, जिससे दुर्घटना की आशंका लगातार बनी रहती है।

लोगों की माने तो ए सी बसों के बंद होने के बाद से समस्या और भी गहरा गई है।

इन दिनों सीएनजी या बैटरी ऑटो और टाटा मैजिक का दबदबा साफ देखा जा सकता है। बसों की अनुपलब्धता के कारण लोग मजबूरी में इन ऑटो में सफर कर रहे हैं, जो न केवल निर्धारित सवारी से अधिक लोगों को ढोते हैं बल्कि मनमाना किराया भी वसूलते हैं।

प्रशासन और परिवहन विभाग की निष्क्रियता के चलते यह समस्या दिन-ब-दिन गंभीर होती जा रही है। यदि समय रहते सख्ती नहीं बरती गई तो किसी बड़ी दुर्घटना से इनकार नहीं किया जा सकता।

# अभिमुखीकरण कार्यशाला का भव्य आयोजन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

निन्दूरा, बाराबंकी। बाबू हरनाथ सिंह सिसौदिया विद्यापीठ इंटर कॉलेज, झरसवां में निन्दूरा एवं पूरे डलई आकांक्षी विकासखंडों के माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों और शिक्षकों की एक दिवसीय शिक्षण संवर्धन अभिमुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में जिला विद्यालय निरीक्षक ओ. पी. त्रिपाठी ने कहा कि ''माध्यमिक शिक्षा, बेसिक और उच्च शिक्षा को जोड़ने वाला वह मजबूत सेतु है, जो विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की नींव रखता है। शिक्षक का अपने छात्रों के प्रति दायित्व एक पिता के समान होना चाहिए।''

उन्होंने कहा कि शिक्षा के समस्त इंडिकेटर्स को राज्य स्तर तक पहुंचाना अब प्रत्येक माध्यमिक शिक्षा से जुड़े व्यक्ति का संकल्प होना चाहिए। कार्यशाला का उद्घाटन के बाद जीआईसी निन्दूरा के प्रिंसिपल भानु प्रताप सिंह ने आकांक्षी ब्लॉकों के इंडिकेटर्स की वर्तमान स्थिति और आवश्यक सुधारों की जानकारी दी।

कार्यशाला में सीएम फ़ेलो डॉ. अलकमा एवं डॉ. रुचि अवस्थी ने आकांक्षी विकासखंडों में तय लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए कार्ययोजना और आवश्यक प्रयासों पर विस्तार से चर्चा की। ड्रॉप आउट, स्टूडेंट ट्रांजीशन जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी वृहद विमर्श हुआ।

विद्यालय के प्रधानाचार्य ए. के. पांडेय ने शिक्षण संवर्धन पर अपने विचार साझा किए। कार्यशाला के समापन सत्र में जिला विज्ञान क्लब समन्वयक एवं नेशनल इंटर कॉलेज फतेहपुर के प्रवक्ता ने एक प्रेजेंटेशन के माध्यम से शिक्षक-विद्यार्थी-अभिभावक समन्वय और नवीन शिक्षण पद्धतियों को अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने नई शिक्षा नीति 2020 के मानकों को लागू करने पर भी विशेष जोर दिया। कार्यशाला में स्काउट गाइड के मुख्यायुक्त डॉ. राम कुमार गिरि ने आए हुए अतिथियों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# दूध-खोया फैक्ट्री पर छापा, संचालक हिरासत में, फैक्ट्री सील

## खाद्य सुरक्षा अधिकारी की गाड़ी चालक से मारपीट भी चर्चा में, जांच प्रारंभ



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी।दरियाबाद कस्बे में सफदरगंज रोड स्थित एक नामी दूध, खोया और पनीर निर्माण फैक्ट्री में मंगलवार शाम उस समय हड़कंप मच गया जब खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने भारी पुलिस बल और मजिस्ट्रेट के साथ फैक्ट्री पर छापा मारा। यह कार्रवाई उस घटना के बाद शुरू हुई जिसमें निरीक्षण के दौरान फैक्ट्री प्रबंधन द्वारा खाद्य सुरक्षा अधिकारी के चालक से मारपीट की गई थी। सूत्रों के अनुसार, मारपीट की इस घटना को शासन और प्रशासन ने गंभीरता से लिया। शाम करीब 5 बजे मजिस्ट्रेट की अगुवाई में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम फैक्ट्री पहुंची। सुरक्षा के लिहाज से भारी पुलिस बल भी मौके पर तैनात किया गया।छापेमारी के दौरान फैक्ट्री के भीतर मौजूद तमाम कच्चा माल, तैयार उत्पाद, सफाई व्यवस्था और उत्पादन प्रक्रिया की गहन जांच की गई। प्रारंभिक जांच में खाद्य मानकों के उल्लंघन और स्वच्छता में लापरवाही सामने आई। इसके आधार पर अधिकारियों ने फैक्ट्री को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया। फैक्ट्री के संचालक हाफिज सईद को पुलिस ने हिरासत में लिया है, हालांकि अभी तक इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। लेकिन पुलिस सूत्रों की मानें तो उनके खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। मारपीट, सरकारी कार्य में बाधा और खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्यवाही की जा रही है।

### स्थानीय स्तर पर मचा हड़कंप

छापेमारी की सूचना मिलते ही क्षेत्र में हड़कंप मच गया। आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए। कुछ ने फैक्ट्री में लंबे समय से चल रही अव्यवस्थाओं की शिकायत की, जबकि कुछ फैक्ट्री बंद होने से स्थानीय लोगों के रोजगार पर प्रभाव पड़ने की आशंका जताने लगे। प्रशासनिक अधिकारियों ने साफ संकेत दिए हैं कि खाद्य सामग्री से जुड़ी संस्थाओं पर अब नियमित रूप से सघन निगरानी की जाएगी। खाद्य सुरक्षा मानकों से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# जस्सी भाई की कमी खली, अगर वह होते तो यह खास होताः सिराज

एजेंसी



लंदन। यह जगजाहिर है कि मोहम्मद सिराज के लिए जसप्रीत बुमराह प्रेरणा स्रोत रहे हैं और हैदराबाद के इस गेंदबाज ने स्वीकार किया कि यहां इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें टेस्ट मैच में भारत की जीत के बाद उन्हें अपने गौरवशाली क्षणों में अपने सीनियर साथी तेज गेंदबाज की कमी खल रही थी। सिराज ने ओवल में पांचवें टेस्ट की दूसरी पारी में पांच विकेट लिए, जिससे भारत ने सोमवार को रोमांचक मुकाबले में इंग्लैंड को छह रन से हराकर श्रृंखला 2-2 से बराबर कर ली। सिराज ने मैच में नौ विकेट लेकर न केवल 'मैन ऑफ द मैच' का पुरस्कार जीता, बल्कि अपने प्रशंसकों से भी खूब प्रशंसा बटोरी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा पोस्ट किए गए एक वीडियो में भावुक सिराज ने कहा, ''हर बल्लेबाज, हर गेंदबाज (जिसने टेस्ट खेला), उसे मैं सलाम करता हूं। जिस तरह से हमने वापसी की वह शानदार थी। मुझे जस्सी (बुमराह) भाई की याद आती है क्योंकि अगर वह वहां होते तो यह खास होता। मुझे जस्सी भाई और खुद पर विश्वास है। बुमराह ने अपने कार्यभार प्रबंधन के कारण पांचवें और अंतिम टेस्ट मैच में नहीं खेल पाए थे। उन्हें चौथे टेस्ट मैच के बाद टीम से रिलीज कर दिया गया था। रविवार को हैरी ब्रुक का कैच छोड़ने के बाद सिराज आखिरी दिन पूरी तरह से प्रतिबद्ध नज़र आए। सोमवार को सुबह के सत्र में उन्होंने जो भी गेंद फेंकी, उसने इंग्लैंड के बल्लेबाजों को परेशान किया। उन्होंने कहा, ''ईमानदारी से कहूं तो, इस समय (जीत के बाद) जो भावनाएं मेरे अंदर हैं, मैं उन्हें शब्दों में बयां नहीं कर सकता, क्योंकि कल (रविवार को) मैंने कैच छोड़ दिया था। जब मैं (चौथे दिन के बाद) सोने जा रहा था, तो मैं बस यही सोच रहा था कि मैंने ऐसा कैसे कर दिया। सिराज ने कहा, ''अगर मैंने वह कैच ले लिया होता, तो हमें सोमवार को मैदान पर आकर खेलने की ज़रूरत नहीं पड़ती। हम आराम कर रहे होते। लेकिन ऊपर वाले ने हमारे लिए कुछ और ही सोच रखा था। वह हमें सोमवार को स्टेडियम तक ले आया और नतीजा सबके सामने है।

### हर कप्तान सिराज जैसा गेंदबाज चाहता है : गिल

**लंदन।** ओवल टेस्ट में भारत की इंग्लैंड के ऊपर छह रनों की रोमांचक जीत के बाद भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने कहा कि जब मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा जैसे गेंदबाज गेंदबाज़ी कर रहे होते हैं तो बतौर कप्तान उन्हें अधिक सोचने की जरूरत नहीं पड़ती। गिल ने कहा, 'हमारे पास सिराज और प्रसिद्ध जैसे गेंदबाज़ हैं, जब यह दोनों गेंदबाजी करते हैं तो कप्तानी आसान प्रतीत होने लग जाती है। दोनों गेंद को भरपूर हरकत कराते हैं। जिस तरह से आज सुबह दोनों ने गेंदबाजी की वह काबिले-तारीफ है। विशेषकर जिस तरह से सिराज ने हर मैच में अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश की, हर कप्तान अपनी टीम में उनके जैसा गेंदबाज चाहता है। अंतिम दिन इंग्लैंड को जीत के लिए 35 रन जबकि भारत को जीत के लिए चार विकेट चाहिए थे। ओवरकास्ट परिस्थितियों में सिराज और प्रसिद्ध दोनों को गेंद से भरपूर मदद प्राप्त हो रही थी और सिराज के तीन और प्रसिद्ध को एक सफलता की बदौलत भारत ने इंग्लैंड को जीत से छह रन दूर रख दिया। गिल ने कहा कि दिन का खेल शुरू होने से पहले उन्हें और उनकी टीम को इस बात का एहसास था कि इंग्लैंड का खेमा दबाव में होगा। गिल ने कहा, 'हमें पता था कि इंग्लैंड के खेमे में दबाव है और हम इसी सोच के साथ आए थे कि उनके ऊपर से दबाव कम नहीं होने देना है।

# मोहम्मद आमिर और इमाद वसीम 'द हंड्रेड' में बने रिप्लेसमेंट खिलाड़ी, पाकिस्तानी खिलाड़ियों की भागीदारी पर संशय हुआ दूर

एजेंसी



लंदन। पाकिस्तानी तेज़ गेंदबाज़ मोहम्मद आमिर और ऑलराउंडर इमाद वसीम ने 'द हंड्रेड' 2025 सीज़न के लिए नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स से करार कर लिया है। यह करार उस समय हुआ है जब इस लीग में भारतीय निवेशकों की बढ़ती भागीदारी के चलते पाकिस्तानी खिलाड़ियों की भागीदारी पर सवाल उठ रहे थे। इससे पहले इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने यह स्पष्ट किया था कि भारतीय या भारतीय-अमेरिकी निवेशकों के आने से पाकिस्तानी खिलाड़ियों की भागीदारी पर कोई असर नहीं पड़ेगा। ईसीबी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रिचर्ड गोल्ड ने फरवरी में कहा था, ''हम अन्य क्षेत्रों में इस स्थिति से अवगत हैं, लेकिन यहां ऐसा नहीं होगा। मार्च में हुए ड्राफ्ट में एक भी पाकिस्तानी पुरुष खिलाड़ी के चयन नहीं होने पर संदेह गहराया था, लेकिन इसकी एक वजह पाकिस्तान की वेस्टइंडीज और यूएई में श्रृंखलाओं के चलते उनकी अनुपलब्धता भी मानी जा रही थी। ईएसपीएनक्रिकइन्फो के अनुसार अब आमिर और इमाद ने सुपरचार्जर्स के लिए रिप्लेसमेंट खिलाड़ी के तौर पर अनुबंध किया है। आमिर ऑस्ट्रेलिया के बेन द्वारशुईस की जगह पूरे टूर्नामेंट में खेलेंगे, जबकि इमाद वसीम केवल 7 से 10 अगस्त तक मिचेल सैंटनर की अनुपस्थिति में टीम का हिस्सा होंगे। गौरतलब है कि सुपरचार्जर्स के नए मालिक भारतीय मीडिया समूह 'सन ग्रुप' होंगे, जो 1 अक्टूबर से संचालन संभालेंगे। इस टीम में इंग्लैंड के स्टार ऑलराउंडर बेन स्टोक्स भी एक मेंटोरिंग रोल में नज़र आएंगे। उन्होंने कहा, ''मैं द हंड्रेड में खेलते हुए नहीं बल्कि टीम के साथ समय बिताते हुए दिखूंगा। मैं अपनी रिकवरी कर रहा हूं और इस दौरान टीम का हिस्सा रहूंगा। इस सीज़न में इंग्लैंड के ज़्यादातर टेस्ट बल्लेबाज़ उपलब्ध रहेंगे, जबकि तेज़ गेंदबाज़ों को आराम दिया गया है। हंड्रेड 2025 में रिप्लेसमेंट खिलाड़ीः लंदन स्पिरिटः जॉन सिम्पसन और डैन डाउथवेट ने जेमी स्मिथ और ऑली पोप की जगह ली (5 अगस्त के मैच के लिए)। मैनचेस्टर ओरिजिनल्सः मार्क चैपमैन ने रचिन रवींद्र (6-13 अगस्त) और फरहान अहमद ने मार्चंट डि लैंगे की जगह ली।

## संक्षिप्त समाचार

### ओलंपिक पदक ने मेरी जिंदगी बदल दी, लेकिन मैं इसे भूल चुका हूंः पहलवान अमन सहरावत

**लखनऊ।** पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने से अमन सहरावत के कंधों से काफी बोझ उतर गया है लेकिन इस युवा पहलवान का कहना है कि वह इस उपलब्धि को पहले ही भूल चुके हैं क्योंकि अतीत की उपलब्धियों पर बैठे रहने से वह अपने बड़े सपनों को पूरा नहीं कर पाएंगे। छोटी सी उम्र में अनाथ हो जाने के कारण बिरोहर में जन्मे इस पहलवान के लिए ज़िंदगी आसान नहीं रही। उनके चाचा ने उनका पूरा साथ दिया, लेकिन पारिवारिक ज़िम्मेदारियां अमन पर भारी पड़ती रहीं। लेकिन पिछले वर्ष पेरिस में कांस्य पदक जीतने से उन्हें पहचान और पैसा मिला, जिससे उनका जीवन आसान हो गया। विश्व चैंपियनशिप के लिए 57 किग्रा चयन ट्रायल जीतने के बाद अमन ने पीटीआई से कहा, ''ओलंपिक पदक ने मेरी जिंदगी 90 फीसदी बदल दी। इससे पहले मुझे कोई नहीं जानता था। पहले मेरे प्रदर्शन पर गौर नहीं किया जाता था, लेकिन पेरिस की सफलता के बाद लोग मुझे जानने लगे, मेरा सम्मान करने लगे। मुझे लगा कि मैंने देश के लिए कुछ किया है और 10-15 साल की कड़ी मेहनत रंग लाई है। उन्होंने कहा, ''ओलंपिक पदक भगवान का आशीर्वाद है। मुझे जीतने की उम्मीद भी नहीं थी। महिला पहलवानों से तो उम्मीदें ज़्यादा थीं। ये तो भगवान का दिया प्रसाद ही है। अमन ने कहा, ''इससे मुझे भी प्रेरणा मिली। लोग अब मुझसे स्वर्ण पदक की उम्मीद कर रहे हैं। मैं अपने कांस्य पदक को पहले ही भूल चुका हूं। मैं इससे संतुष्ट होकर यह नहीं कह सकता कि मैंने काफी कुछ हासिल कर लिया है। अब मैं स्वर्ण पदक के लिए तैयारी कर रहा हूं। शीर्ष स्तर पर सफलता ने किस प्रकार उनके जीवन को बदल दिया, इस बारे में उन्होंने कहा, ''अब मैं जो चाहूं खरीद सकता हूं। पहले मुझ पर दबाव था कि भविष्य में मुझे अपनी छोटी बहन को पढ़ाना है और उसकी शादी करनी है। अब मैं निश्चिंत होकर अभ्यास कर सकता हूं। अब मुझे पैसों की चिंता करने की ज़रूरत नहीं है। अमन ने कहा, ''ऐसा नहीं है कि हमारा ध्यान नहीं रखा गया। मेरे चाचा ने हमेशा हमारा साथ दिया है, लेकिन एक बड़े भाई की जिम्मेदारी क्या होती है इसके बारे में तो सभी सोचते हैं। पेरिस ओलंपिक के बाद से अमन ने सिर्फ दो टूर्नामेंटों में हिस्सा लिया है। वह सीनियर एशियाई चैंपियनशिप में हिस्सा नहीं ले पाए थे। उन्होंने कहा, ''ओलंपिक के बाद, मैंने सोचा था कि मैं विदेश में अभ्यास करूंगा लेकिन चीजें हमेशा वैसी नहीं होतीं जैसी आप उम्मीद करते हैं। फिर मैं चोटिल भी हो गया। अमन ने कहा, ''ओलंपिक पदक जीतने के बाद हारने का डर भी मुझ पर हावी हो गया था। मैंने सोचा अगर मैं हार गया तो लोग कहेंगे कि सफलता ने मुझे बिगाड़ दिया है। इसलिए, कोचों ने कहा कि आप एक अलग स्तर पर हैं और मैट पर उतरने के लिए आपको अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

### ओला इलेक्ट्रिक 15 अगस्त को अपने उत्पादों एवं प्रौद्योगिकियों का खाका करेगी पेश

**नयी दिल्ली।** इलेक्ट्रिक वाहन विनिर्माता कंपनी ओला इलेक्ट्रिक 15 अगस्त को अपने वार्षिक कार्यक्रम में उसके उत्पादों एवं प्रौद्योगिकियों से जुड़ा खाका पेश करेगी। वार्षिक कार्यक्रम 'संकल्प' 15 अगस्त को तमिलनाडु के कृष्णागिरी स्थित ओला इलेक्ट्रिक की 'गीगाफैक्ट्री' में आयोजित होगा। कंपनी ने बयान में कहा, '' कंपनी, संकल्प-2025 के दौरान अपने उत्पादों और प्रौद्योगिकियों में 'इंडिया इनसाइड विजन' पेश करने को तैयार है। उन्होंने कहा कि संकल्प-2025 इलेक्ट्रिक वाहन और ऊर्जा क्रांति को अगले स्तर पर ले जाने की दिशा में एक साहसिक कदम है। बयान में कहा गया कि यह देश की पहली लिथियम-आयन सेल निर्माण सुविधा 'गीगाफैक्ट्री' में कंपनी का पहला सार्वजनिक कार्यक्रम है।

### अदाणी पोर्ट्स का पहली तिमाही का मुनाफा 6.54 प्रतिशत बढ़कर 3,310.60 करोड़ रुपये पर

**नयी दिल्ली।** अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकनॉमिक जोन लिमिटेड (एपीएसईजेड) का चालू वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 6.54 प्रतिशत बढ़कर 3,310.60 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी का गत वित्त वर्ष 2024-25 की पहली (अप्रैल-जून) तिमाही में शुद्ध मुनाफा 3,107.23 करोड़ रुपये रहा था। एपीएसईजेड ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि समीक्षाधीन तिमाही में उसकी कुल आय बढ़कर 9,422.18 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले इसी तिमाही में 8,054.18 करोड़ रुपये थी। कंपनी का खर्च भी सालाना आधार पर 4,238.94 करोड़ रुपये से बढ़कर 5,731.88 करोड़ रुपये हो गया।

### जियोब्लैकरॉक एएमसी लाया एनएफओ, 12 अगस्त को होगा संपन्न

**नयी दिल्ली।** जियोब्लैकरॉक एसेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड ने नई कोष पेशकश (एनएफओ) के माध्यम से पांच इंडेक्स फंड के अपने पहले समूह को पेश करने की मंगलवार को घोषणा की। जियोब्लैकरॉक एसेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड, जियो फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड (जेएफएसएल) और अमेरिका स्थित ब्लैकरॉक के बीच 50:50 संयुक्त उद्यम है। कंपनी ने बयान में कहा कि एनएफओ पांच अगस्त 2025 को शुरू होगा और 12 अगस्त 2025 को संपन्न होगा। इसने कहा कि यह भारतीय निवेशकों को विविधीकरण, लागत दक्षता, विश्वसनीयता, पारदर्शिता एवं डिजिटल रूप से सशक्त निवेश समाधान प्रदान करने के संगठन के मिशन में एक महत्वपूर्ण क्षण है। इन पांच इंडेक्स फंड में निफ्टी 50 इंडेक्स फंड, निफ्टी नेक्स्ट 50 इंडेक्स फंड और निफ्टी 8-13 वर्षीय जी-सेक इंडेक्स फंड शामिल हैं। ये फंड पहली बार निवेश करने वाले उन निवेशकों के लिए सरल, किफायती निवेश समाधान प्रदान करते हैं जो एक संतुलित खंड बनाना चाहते हैं। साथ ही अनुभवी निवेशक को अपने मौजूदा खंड को बढ़ाने का मौका देते हैं।

### फियो निर्यातकों की सहायता के लिए ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन के साथ करेगा समझौता

**नयी दिल्ली।** निर्यातकों के शीर्ष निकाय फियो ने मंगलवार को कहा कि वह घरेलू निर्यातकों को सीमापार व्यापार के माध्यम से विदेशी बाजारों तक पहुंचने में सहायता प्रदान करने के लिए वैश्विक ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर करेगा। भारतीय निर्यात संगठनों का महासंघ (फियो) ने कहा कि कि ई-कॉमर्स को लेकर एक परामर्श कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा। इसमें प्रमुख मुद्दों, चुनौतियों और भारत से ई-कॉमर्स निर्यात के लिए एक अधिक अनुकूल परिवेश को बढ़ावा देने के लिए आगे के रास्ते पर विचार-विमर्श किया जाएगा। निर्यातकों के शीर्ष संगठन ने कहा, ''सीमापार व्यापार के माध्यम से वैश्विक बाजारों तक पहुंचने में भारतीय निर्यातकों की सहायता के इरादे से फियो प्रमुख वैश्विक ई-कॉमर्स मंच अमेजन के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर छह अगस्त को हस्ताक्षर करेगा।

# बेंगलुरु एफसी ने खिलाड़ियों और स्टाफ की सैलरी अनिश्चितकाल के लिए रोकी

एजेंसी




नई दिल्ली। इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के भविष्य को लेकर जारी असमंजस के बीच बेंगलुरु एफसी ने अपने पहले टीम के खिलाड़ियों और स्टाफ की सैलरी अनिश्चितकाल के लिए रोकने का फैसला किया है। क्लब ने सोमवार को एक आधिकारिक बयान जारी कर यह जानकारी दी। बेंगलुरु एफसी ने अपने बयान में कहा,''भारत में एक फुटबॉल क्लब चलाना और उसे बनाए रखना हमेशा से एक चुनौतीपूर्ण कार्य रहा है, जिसे हम हर सीज़न पूरी निष्ठा के साथ करते आए हैं। लेकिन लीग के भविष्य को लेकर स्पष्टता की कमी ने हमें यह कठोर कदम उठाने के लिए मजबूर किया है। हमारे खिलाड़ियों, स्टाफ और उनके परिवारों की भलाई हमारे लिए सर्वोपरि है और हम इस मसले के समाधान तक लगातार उनके संपर्क में हैं। क्लब ने यह भी स्पष्ट किया कि यह निर्णय उनके युवा कार्यक्रमों पर असर नहीं डालेगा, ''हम खेल और अपने संचालन के विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारे युवा पुरुष और महिला टीमें, साथ ही बीएफसी सॉकर स्कूल्स इस निर्णय से अप्रभावित रहेंगे। हम अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ ) और फुटबॉल स्पोर्ट्स डेवलपमेंट लिमिटेड (एफएसडीएल) से अपील करते हैं कि इस गतिरोध को शीघ्र समाप्त करें। यह अस्थिरता किसी के हित में नहीं है और भारतीय फुटबॉल के भविष्य के लिए त्वरित समाधान जरूरी है।

गौरतलब है कि 11 जुलाई को आईएसएल के आयोजक एफएसडीएल ने 2025-26 सीज़न को अस्थायी रूप से स्थगित करने की घोषणा की थी, जिसके पीछे अनुबंध संबंधित समस्याएं बताई गई थीं। इसके अगले दिन एआईएफएफ ने कहा था कि वह लीग की निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए हर जरूरी कदम उठाएगा। जानकारी के अनुसार, एफएसडीएल और एआईएफएफ के बीच मौजूदा मास्टर राइट्स एग्रीमेंट (एमआरए) 8 दिसंबर को समाप्त हो रहा है। यही समझौता लीग की संरचना, संचालन और व्यावसायिक ढांचे की नींव है। आमतौर पर सितंबर से अप्रैल तक खेले जाने वाली आईएसएल के संचालन और उससे जुड़ी ब्रॉडकास्टिंग योजनाओं के लिए सभी हितधारकों को दीर्घकालिक स्पष्टता की आवश्यकता है। इस बीच, एआईएफएफ ने गुरुवार को नई दिल्ली में आईएसएल की आठ क्लबों के सीईओ के साथ बैठक बुलायी है, जिसमें भारतीय फुटबॉल से जुड़े अहम मसलों पर चर्चा होगी।

## बेन स्टोक्स टीम में होते तो इंग्लैंड जीत जाताः वॉन

लंदन। पूर्व कप्तान माइकल वॉन का मानना है कि प्रेरणादायी कप्तान बेन स्टोक्स की अनुपस्थिति में भारत के खिलाफ पांचवें टेस्ट मैच के अंतिम दिन इंग्लैंड की टीम ने हड़बड़ी दिखाई, जबकि उसे जीत के लिए केवल 35 रन चाहिए थे और उसके चार विकेट बचे थे। भारत ने शानदार वापसी करते हुए छह रन से जीत दर्ज करके पांच मैचों की श्रृंखला 2-2 से बराबर कर ली। वॉन ने कहा, ''बेन स्टोक्स टीम में होते, तो इंग्लैंड यह टेस्ट मैच जीत जाता। वह इस टीम में बहुत बड़ी भूमिका निभाते हैं। वह टीम को मानसिक रूप से मजबूत बनाए रखते हैं। इंग्लैंड ने (पांचवें दिन सुबह) हड़बड़ी दिखाई। वॉन ने बीबीसी के टेस्ट मैच स्पेशल में कहा, ''उन्हें बस एक साझेदारी की ज़रूरत थी। जिस तरह से वे आक्रामक होकर खेलते हैं उसमें वे हड़बड़ी दिखाते हैं। कल (रविवार) दोपहर हैरी ब्रुक के आउट होने से पारी का पतन शुरू हुआ, लेकिन इंग्लैंड का यही खेलने का तरीका है।

# देश के सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर जुलाई में 11 महीने के उच्च स्तर पर

एजेंसी



नयी दिल्ली। देश के सेवा क्षेत्र की वृद्धि जुलाई में 11 महीने के उच्च स्तर पर पहुंच गई, जिसे नए निर्यात ऑर्डर और समग्र बिक्री में तेज वृद्धि से समर्थन मिला। मंगलवार को जारी मासिक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई।

मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया सेवा पीएमआई कारोबारी गतिविधि सूचकांक जुलाई में 60.5 रहा जो जून में 60.4 पर था। विस्तार की दर अगस्त 2024 के बाद से सर्वाधिक है। क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में 50 से ऊपर अंक का मतलब गतिविधियों में विस्तार से और 50 से कम का आशय संकुचन से होता है। एचएसबीसी के भारत के मुख्य अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा, '' सेवा गतिविधि सूचकांक के 60.5 पर होने से नए निर्यात ऑर्डर में वृद्धि के दम पर मजबूत वृद्धि की गति का संकेत मिलता है। सर्वेक्षण में कहा गया कि नए व्यवसायों में निरंतर वृद्धि उत्पादन वृद्धि का मुख्य कारण रही है। साथ ही भारतीय सेवा प्रदाताओं ने अपनी सेवाओं की अंतरराष्ट्रीय मांग में भी मजबूत सुधार का स्वागत किया है। इसमें कहा गया, '' उन्हें एशिया, कनाडा, यूरोप, संयुक्त अरब अमीरात और अमेरिका से नए काम मिलने की सूचना मिली है। कीमतों के मोर्चे पर, कच्चे माल व तैयार माल शुल्क जून की तुलना में तेजी से बढ़े। सर्वेक्षण में कहा गया, '' उत्पादन कीमतों में ठोस वृद्धि बढ़ी हुई लागत और मजबूत मांग को दर्शाती है। भंडारी ने कहा, '' कीमतों के मोर्चे पर कच्चे व तैयार माल दोनों की कीमतें जून की तुलना में थोड़ी तेजी से बढ़ीं, लेकिन आगे चलकर इसमें बदलाव हो सकता है३ जैसा कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक व थोक मूल्य सूचकांक के हालिया आंकड़ों से संकेत मिलता है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित खुदरा मुद्रास्फीति फरवरी से चार प्रतिशत से नीचे बनी हुई है। जून में यह 2.1 प्रतिशत थी।

थोक मूल्य मुद्रास्फीति (डब्ल्यूपीआई) 19 महीने के अंतराल के बाद नकारात्मक हो गई, जो जून में 0.13 प्रतिशत घटी। इस बीच, एचएसबीसी इंडिया कम्पोजिट आउटपुट सूचकांक जून के 61.0 के मुकाबले जुलाई में 61.1 पर रहा। समग्र पीएमआई सूचकांक तुलनीय विनिर्माण व सेवा पीएमआई सूचकांकों का भारित औसत है। एचएसबीसी इंडिया सेवा पीएमआई को एसएंडपी ग्लोबल ने करीब 400 सेवा क्षेत्र की कंपनियों के समूह को भेजे गए सवालों के जवाबों के आधार पर तैयार किया है।

# भारत की आर्थिक वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष में 6.4 से 6.7 प्रतिशत रहने का अनुमानः डेलॉयट इंडिया

एजेंसी

नयी दिल्ली। परामर्श समेत अन्य सेवाएं देने वाली कंपनी डेलॉयट इंडिया ने मंगलवार को कहा कि मजबूत घरेलू बुनियाद और बढ़ते वैश्विक अवसरों के साथ चालू वित्त वर्ष (2025-26) में भारत की आर्थिक वृद्धि दर 6.4 से 6.7 प्रतिशत रहने का अनुमान है। हालांकि, इसने यह भी कहा कि भारत को अपने व्यापार जोखिम पर नजर रखनी चाहिए और वैश्विक स्तर पर अनिश्चितताओं से उत्पन्न नतीजों के लिए तैयार रहना चाहिए। डेलॉयट इंडिया के अनुसार, रणनीतिक व्यापार वार्ताएं आय, रोजगार, बाजार पहुंच और घरेलू मांग को बढ़ाने वाले शक्तिशाली कारकों के रूप में काम करेंगी। इन वार्ताओं में ब्रिटेन के साथ हुए व्यापार समझौते के अलावा अमेरिका के साथ जारी बातचीत और वर्ष के अंत तक यूरोपीय संघ के साथ बहुप्रतीक्षित समझौता शामिल हैं। भारत की आर्थिक वृद्धि दर 2024-25 में 6.5 प्रतिशत रही थी। डेलॉयट ने बयान में कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 6.4 से 6.7 प्रतिशत की आर्थिक वृद्धि का अनुमान है। यह अनुमान मजबूत घरेलू मांग, कम होती महंगाई और घरेलू नीति व वैश्विक व्यापार कूटनीति में साहसिक कदम पर आधारित है। डेलॉयट इंडिया की अर्थशास्त्री रुमकी मजूमदार ने कहा, ''भारत की आर्थिक वृद्धि उतार-चढ़ाव वाले वैश्विक परिदृश्य में भी अलग ही नजर आती है। हमारी गति मजबूत पूंजी बाजार, गतिशील उपभोक्ता आधार और वैश्विक रूप से प्रतिस्पर्धी कार्यबल के जरिये संचालित है। परामर्श कंपनी ने कहा कि भारत अपनी वैश्विक व्यापार उपस्थिति का विस्तार करने के लिए रणनीतिक कदम उठा रहा है। हाल के व्यापार समझौते रणनीतिक लाभ प्रदान करते हैं। इससे कृत्रिम मेधा, डिजिटल बदलाव और नवोन्मेष आधारित स्टार्टअप जैसे क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग और प्रगाढ़ होने की संभावना है।

# सरकार ने चार करोड़ से ज्यादा डुप्लिकेट रसोई गैस कनेक्शन डिएक्टिवेट किये

एजेंसी

नयी दिल्ली। सरकार ने 10 साल में चार करोड़ से ज्यादा डुप्लिकेट, फर्जी या लंबे समय से रिफिल न कराने वाले रसोई गैस (एलपीजी) कनेक्शनों की पहचान कर उन्हें ब्लॉक, निलंबित या डिएक्टिवेट कर दिया है। केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने मंगलवार को राज्यसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में बताया कि जनवरी 2015 में शुरू की गयी 'पहल' योजना से ऐसे कनेक्शनों की पहचान करने में मदद मिली है। अब सभी घरेलू एलपीजी सिलेंडर ग्राहकों को बिना सब्सिडी के बाजार मूल्य पर दिये जाते हैं और सब्सिडी की रकम सीधे उनके बैंक खातों में भेजी जाती है। यदि किसी कारणवश सब्सिडी की राशि खाते में भेजने में दिक्कत आती है तो एसएमएस के जरिये उसकी भी सूचना दी जाती है। उन्होंने बताया कि सरकार लगातार एलपीजी वितरण और सब्सिडी हस्तांतरण में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उपाय कर रही है। 'पहल' की शुरुआत के बाद से 01 जुलाई 2025 तक 4.08 करोड़ डुप्लिकेट, फ़ेक और निष्क्रिय कनेक्शनों की पहचान कर उन्हें ब्लॉक, निलंबित या डिएक्टिवेट किया गया है। आधार आधारित सत्यापन, बायोमीट्रिक प्रमाणन और अवैध तथा डुप्लिकेट कनेक्शनों को रोकने से लक्षित सब्सिडी वितरण की प्रणाली मजबूत हुई है। मंत्री ने कहा कि अनुपालना सुनिश्चित करने और अनुचित कामों को रोकने के लिए तेल विपणन कंपनियों के फील्ड अधिकारी एलपीजी वितरकों के यहाँ नियमित और औचक निरीक्षण करते रहते हैं। इसके अलावा, रीजनल, जोनल तथा डिविजनल कार्यालयों के अधिकारी और मिलावट रोकने वाली इकाई, गुणवत्ता निगरानी करने वाली इकाई और विजिलेंस विभाग के अधिकारी भी वितरकों के गोडाउन, शोरूम, वितरण स्थलों और रास्ते में औचक निरीक्षण करते हैं ताकि एलपीजी के अवैध इस्तेमाल को रोका जा सके।

# सर्राफा बाजार में चमका सोना, चांदी में कोई बदलाव नहीं

एजेंसी



नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज सोने की कीमत में जबरदस्त तेजी का रुख नजर आ रहा है। सोना आज 1,510 रुपये से 1,650 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा होकर एक बार फिर एक लाख रुपये के स्तर को पार कर गया है। हालांकि चांदी के भाव में आज कोई बदलाव नहीं हुआ है। कीमत में उछाल के कारण आज देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 1,01,410 रुपये से लेकर 1,01,560 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी आज 92,960 रुपये से लेकर 93,110 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में बदलाव नहीं होने के कारण कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज भी 1,12,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 1,01,560 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 93,110 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं, देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,01,410 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 92,960 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,01,460 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,010 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,01,410 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 92,960 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 1,01,410 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 92,960 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,01,560 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 93,110 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,460 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 93,010 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,01,560 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 93,110 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# बिहार कैबिनेट की बैठक में डोमिसाइल नीति सहित कुल 36 एजेंडों पर लगी मुहर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मुख्य सचिवालय के कैबिनेट हॉल में मंगलवार को संपन्न मंत्रिमंडल की बैठक में चौथे चरण की शिक्षक नियुक्ति परीक्षा (टीआरई-4) से ही डोमिसाइल नीति लागू करने के निर्णय सहित अन्य 36 एजेंडों पर मुहर लगी है।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को ऐलान किया था कि चौथे चरण की शिक्षक नियुक्ति परीक्षा से ही डोमिसाइल नीति लागू की जाएगी। इसे आज कैबिनेट से पास कर दिया गया है। डोमिसाइल लागू होने के बाद अब करीब 84.4 प्रतिशत सीटों पर बिहार के लोगों को ही नौकरी मिलेगी। केवल 15.6 प्रतिशत सीटों के लिए ही बिहार से बाहर के लोग आवेदन कर सकेंगे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने हाल ही में 2 लाख 38 हजार रसोईयों का मानदेय दोगुना करने का भी फैसला लिया है। आज की कैबिनेट बैठक में इसे भी स्वीकृति दे दी गई है। अब उन्हें 1650 की बजाय 3300 रुपये मिलेंगे। इसी तरह माध्यमिक और उच्च माध्यमिक स्कूलों में तैनात रात्रि प्रहरी और शारीरिक शिक्षा शिक्षक (फिजिकल टीचर) का मानदेय भी दोगुना किया गया है, उसकी भी स्वीकृति कैबिनेट की आज की बैठक में दे दी गई है। शारीरिक शिक्षा शिक्षकों का मानदेय अब 8000 रुपये से बढ़ाकर 16000 रुपये किया गया है। रात्रि प्रहरी का मानदेय पहले 5 हजार था, जिसे बढ़ाकर अब 10 हजार रुपये प्रति माह कर दिया गया है। बैठक में बिहार शहरी आयोजन स्कीम नियमावली-2025 को भी स्वीकृति दी गई है। कृषि विभाग के अधीन विभिन्न कार्यालय में 712 पदों के सृजन की स्वीकृति भी कैबिनेट की बैठक में दी गई। बिहार कृषि अधीनस्थ सेवा कोटि पांच नियमावली-2025 के गठन को भी स्वीकृति दी गई है। राज्य के सरकारी-गैर सरकारी सहायता प्राप्त अनुदानित अल्पसंख्यक सहित माध्यमिक विद्यालयों में नौवीं और दसवीं के छात्र-छात्राओं को मुख्यमंत्री बालिका बालक छात्रवृत्ति योजना के लिए 75 प्रतिशत उपस्थिति जरूरी कर दी गयी है। इसी आधार पर अब विद्यार्थियों छात्रवृत्ति का लाभ मिलेगा।



# मुख्यमंत्री ने तिमारपुर में 'दिल्ली को कूड़े से आजादी' अभियान को दी मजबूती

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को तिमारपुर की संजय बस्ती में स्वच्छता अभियान चलाकर 'दिल्ली को कूड़े से आजादी' अभियान को और मजबूती दी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विधायक सूर्य प्रकाश खत्री, महापौर राजा इकबाल सिंह और बड़ी संख्या में स्थानीय साथियों की सक्रिय भागीदारी ने इसे और भी व्यापक बना दिया। उन्होंने कहा कि पूरी दिल्ली इस मिशन में जुटी हुई है। देखकर गर्व होता है कि दिल्लीवासी खुद आगे आ रहे हैं। कोई बस स्टैंड की सफाई कर रहा है, तो कोई अपने घर, गली, कॉलोनी और बाजार से शुरुआत कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा सरकार के तमाम विभाग सक्रिय हैं। हमारे जनप्रतिनिधि स्वयं मैदान में हैं। यह दिल्ली को स्वच्छ और गरिमामय बनाने की दिशा में एक सामूहिक संकल्प है। उन्होंने एक बार फिर सभी दिल्लीवासियों से मिलकर दिल्ली को कूड़े से आजादी दिलाने की अपील की। उल्लेखनीय है कि दिल्ली में एक से 31 अगस्त तक 'दिल्ली को कूड़े से आजादी' स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### पासपोर्ट सेवा मोबाइल वैन मौके पर ही पासपोर्ट सेवायें प्रदान करने के लिए आईकेजीपीटीयू, कपूरथला पहुंची

**जालंधर।** पंजाब में जालंधर क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय (आरपीओ), ने विश्वविद्यालय के छात्रों, शिक्षकों और आस-पास के निवासियों के लिए पासपोर्ट आवेदन सेवाओं को सुगम बनाने के वास्ते आई.के. गुजराल पंजाब तकनीकी विश्वविद्यालय (आईकेजीपीटीयू), कपूरथला में अपनी पासपोर्ट सेवा आरपीओ मोबाइल वैन तैनात की है। क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी यशपाल ने मंगलवार को बताया कि यह मोबाइल वैन छह से आठ अगस्त तक विश्वविद्यालय परिसर के प्रवेश द्वार पर तैनात रहेगी, जिससे आस-पास रहने वाले लोगों को पासपोर्ट कार्यालय जाये बिना ही पासपोर्ट संबंधी सेवायें आसानी से मिल सकेंगी। इच्छुक आवेदक आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन पत्र भरकर और अपॉइंटमेंट बुक करके इस सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। श्री यशपाल ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य पासपोर्ट सेवाओं को लोगों, खासकर छात्रों और संकाय सदस्यों के और करीब लाना है, जिन्हें पासपोर्ट कार्यालय तक आना-जाना मुश्किल लगता है। मोबाइल वैन मौके पर ही आवेदन स्वीकार करेगी और दस्तावेज़ प्रक्रिया को सुगम बनायेगी।

### राहुल गांधी और तेजस्वी यादव की 10 अगस्त से बिहार में शुरू होने वाली मतदाता अधिकार यात्रा स्थगित

**पटना।** बिहार में 10 अगस्त से राहुल गांधी और तेजस्वी यादव की शुरू होने वाली मतदाता अधिकार यात्रा स्थगित कर दी गयी है। इस यात्रा को दो चरण में सासाराम से शुरू होकर विभिन्न जिलों से होकर पटना पहुंचना था, जिसमें कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और प्रियंका गांधी भी शामिल होने वाली थीं लेकिन किसी कारणवश मतदाता अधिकार यात्रा टल गई है। अब 15 अगस्त के बाद इस यात्रा की शुरुआत होगी। यात्रा के स्थगित होने की जानकारी राष्ट्रीय जनता दल की तरफ से दी गई है। राजद के प्रदेश प्रधान महासचिव रणविजय साहू ने बताया कि राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश कार्यालय के पत्रांक 168 दिनांक 04 अगस्त 2025 द्वारा पत्र में नेता राहुल गांधी और बिहार विधान सभा के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव का ''वोट अधिकार यात्रा'' कार्यक्रम की सूचना निर्गत की गई थी। लेकिन अपरिहार्य कारणों से उपरोक्त यात्रा कार्यक्रम की तिथि में बदलाव हुआ है, इसलिए नई तिथि की घोषणा तक इस सूचना को निरस्त माना जाए। आगामी कार्यक्रम की सूचना दी जायेगी।

### पटना उच्च न्यायालय ने पंचमहला गोलीबीरी मामले में बाहुबली अंनत सिंह को दी जमानत

**पटना।** पटना उच्च न्यायालय ने पंचमहला फायरिंग मामले में मोकामा के पूर्व बाहुबली विधायक अनंत सिंह को मंगलवार जमानत दे दी है। अनंत सिंह की जमानत याचिका को निचली अदालत ने खारिज कर दिया था। इसके बाद उन्होंने उच्च न्यायालय का रुख किया था। अब अनंत सिंह कभी भी जेल से बाहर आ सकते हैं। यह मामला 22 जनवरी 2025 का है, जब सोनू और मोनू ने मुकेश सिंह के घर पर ताला लगा दिया था। मुकेश उनके ईंट-भट्ठे पर मुंशी का काम करता था। दोनों ने उस पर 68 लाख रुपये की गबन का आरोप लगाया था। मुकेश ने इस बारे में अनंत सिंह से मदद मांगी और थाने में भी शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद अनंत सिंह अपने समर्थकों के साथ जलालपुर पहुंचे थे, मुकेश सिंह के घर का ताला तोड़ा और सोनू-मोनू से बातचीत के लिए नौरंगा गांव पहुंचे थे, तभी दोनों पक्षों के बीच भीषण गोलीबारी हुई थी। करीब 70 राउंड फायरिंग हुई, हालांकि पुलिस ने मौके से केवल 14 खोखे बरामद किए थे। 23 जनवरी को मुकेश के घर दोबारा गोलीबारी हुई, जिसमें पुलिस को 4 खोखे मिले। पंचमहला थाना पुलिस ने 24 जनवरी को सोनू को गिरफ्तार किया और पहले पटना, फिर भागलपुर जेल भेजा गया। उसी दिन अनंत सिंह ने बाढ़ की अदालत में आत्मसमर्पण किया था। इस गोलीबारी का एक 53 सेकेंड का वीडियो भी वायरल हुआ था। वायरल वीडियो के आधार पर मोकामा के पूर्व विधायक अनंत सिंह पर आर्म्स एक्ट, हत्या की कोशिश, सरकारी काम में बाधा डालने और मारपीट जैसी धाराओं में केस दर्ज किया गया था। पटना उच्च न्यायालय से जमानत मिलने के बाद जमानत आदेश की कॉपी संबंधित जेल प्रशासन को भेजी जाएगी। इसके बाद आवश्यक ज़मानती प्रक्रियाएं पूरी होते ही अनंत सिंह की रिहाई हो सकती है। संभावना जताई जा रही है कि वे जल्द ही जेल से बाहर आएंगे।

### भागलपुर में नया इंडस्ट्रियल कॉरिडोर बनेगा, सरकारी भूमि के उद्योग विभाग को निशुल्क स्थायी हस्तांतरण को स्वीकृति

**पटना।** राज्य सरकार ने भागलपुर जिले में नव इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के निर्माण के लिए 96.89 एकड़ सरकारी भूमि, उद्योग विभाग को हस्तांतरण की स्वीकृति प्रदान की है। इसकी जानकारी देते हुए उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बताया कि गोराडीह अंचल के मौजा-मोहनपुर, थाना संख्या 476, खाता संख्या 64 के खेसरा संख्या 58 एवं 62 में स्थित कुल 96.89 एकड़ सरकारी भूमि को उद्योग विभाग, बिहार, पटना को स्थायी रूप से निशुल्क अन्तर्विभागीय हस्तांतरण की स्वीकृति प्रदान की गई है। उन्होंने कहा कि यह अधिशेष भूमि (अतिरिक्त जमीन) के तहत राज्य सरकार द्वारा अर्जित की गई थी। हस्तांतरित भूमि खेसरा संख्या 58 में 50.23 एकड़ जबकि खेसरा संख्या 62 में 46.66 एकड़ भूमि शामिल है। सम्राट चौधरी ने कहा कि उद्योग विभाग इस स्थान पर एक नया इंडस्ट्रियल कॉरिडोर विकसित करेगा, जिससे क्षेत्र में औद्योगिक विकास को नई गति मिलेगी। उपमुख्यमंत्री चौधरी ने कहा कि यह कदम मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की औद्योगिक विकास नीति के अनुरूप है। सरकार बिहार को औद्योगिक रूप से समृद्ध बनाने के लिए लगातार काम कर रही है।

### गोपालगंज में 32.66 एकड़ भूमि पर बनेगा नया औद्योगिक क्षेत्र: सम्राट चौधरी

**पटना।** बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बताया कि गोपालगंज जिले में एक नया औद्योगिक क्षेत्र स्थापित किया जाएगा। इसके लिए जिले के अंचल विजयीपुर स्थित दो गांवों की कुल 32.66 एकड़ भूमि को बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार (बियाडा ) को स्थायी रूप से हस्तांतरित करने की स्वीकृति प्रदान की गई है। उन्होंने मंगलवार को यहां कहा कि यह भूमि हस्तांतरण सशुल्क आधार पर किया जा रहा है, जिसकी कुल राशि 11.39 करोड़ (ग्यारह करोड़ उनतालीस लाख एक हजार सात सौ पचास) रुपये है। चौधरी ने कहा कि बियाडा को हस्तांतरित यह भूमि मौजा नोनापाकड़, थाना संख्या 70, खाता संख्या 167, खेसरा संख्या 01 में स्थित है और इसका रकबा 26.89 एकड़ है।

# शहरीकरण के कारण मनुष्यों और जानवरों के बीच बढ़ा भौतिक अलगाव

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। सिडार संस्था और दून पुस्तकालय एवं शोध केन्द्र की ओर से मानव-तेंदुए संघर्ष के सामाजिक-पारिस्थितिक और भू-स्थानिक आयाम पर एक गोलमेज बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में वक्ताओं ने मानव और वन्य जीवों के संघर्ष को एक सच्चे सह-अस्तित्व के लिए मानव और जानवरों दोनों की ज़रूरतों, कमज़ोरियों को समझना और उनका समाधान करने पर जोर दिया।

पारिस्थितिकी विज्ञानी प्रो. एसपी सिंह और सिडार के प्रभारी डॉ. विशाल सिंह ने गोलमेज सम्मेलन की शुरुआत करते हुए कहा कि पारिस्थितिकी अनुप्रयोग और प्रबंधन के बारे में अधिक विचार करती है। हमें जानवरों को भी स्थान और जनसंख्या का एक हिस्सा मानना चाहिए। शहरीकरण के कारण मनुष्यों और जानवरों के बीच भौतिक अलगाव बढ़ रहा है। बैठक में कार्लटन विश्वविद्यालय के प्रो. दीप्तो सरकार ने युगांडा के किबाले राष्ट्रीय उद्यान में संरक्षण पर प्रस्तुति दी। उन्होंने मानव-वन्यजीव संघर्ष पर नज़र रखने के लिए तकनीक का इस्तेमाल करने, संरक्षण की सफलता और यूरोप, अमेरिका के मुकाबले भारत में समुचित वन्य संरक्षण अभ्यास असफल होने पर अपनी बात रखी। यूपीईएस के टाइपक्राफ्ट इनिसिऐटिव एमआर इशान खोसला ने वन से वनवास पर अपना प्रस्तुतिकरण दिया। लोक एवं जनजातीय कलाकारों के साथ सहयोगात्मक कार्य और पशुओं के अस्तित्व पर बात रखी। लोक और आदिवासी कलाकार आमतौर पर जानवरों के साथ काम करते हैं। वनों और वन्य जीवों के सवाल पर उन्होंने कहा कि आजकल वन क्षेत्र लगभग न के बराबर बचा है। हावर्ड विश्वविद्यालय वाशिंगटन के डॉ. हिमानी नौटियाल ने कहा कि कुछ नए विचार विकसित करने की आवश्यकता है। इसका असर इंसानों और जानवरों, दोनों पर पड़ रहा है। तेंदुओं द्वारा इंसानों को मारना कोई नई घटना नहीं है। सब कुछ आपस में जुड़ा हुआ है, कई बैठकें होती हैं, लेकिन कोई ठोस समाधान नहीं निकलता, शायद इसलिए कि हम ठीक से सहयोग नहीं कर रहे हैं। किसी छोटी अवधि की परियोजना के बजाय दीर्घकालिक परियोजना पर काम करना अणिक प्रभावी हो सकता है। तेंदुओं के इंसानों पर हमला करने के कारणों और सफल प्रयासों पर गौर करना जरूरी है। वक्तओं ने चर्चा के दौरान ग्रामीणों को जानवरों के हमलों से बचने के लिए सुरक्षात्मक ढांचों के साथ-साथ आधुनिक तकनीक उपलब्ध कराने, रोज़गार के अवसर पैदा किए जा सकने, ऐप-आधारित संरक्षण प्रणालियों का उपयोग और प्रचार स्थानीय लोगों को वन्यजीवों के बारे में सचेत करने के लिए किये जाने जैसे अहम सवाल भी रखे। जानवरों के व्यवहार के लिए बहुत सारे नमूनों की आवश्यकता होती है और अब तकनीक भी उपलब्ध है।

## अमृतसर व गुरदासपुर में एनआईए के छापे

चंडीगढ़। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने कबूतरबाजी के मामलों की जांच के चलते मंगलवार को अमृतसर तथा गुरदासपुर में छापे मारे हैं। छापे की कार्रवाई कई घंटे तक चली। इस दौरान एनआईए के अधिकारियों ने कई अहम दस्तावेज तथा लैपटॉप आदि अपने कब्जे में लिया है। डंकी रूट से अमेरिका पहुंचे हरियाणा व पंजाब के कई युवाओं को वापस भेजा गया था। इन युवाओं की वापसी के बाद से ही एनआईए इस मामले में जांच कर रही है। एनआईए की टीमों ने आज अमृतसर शहर के शास्त्री नगर और गुरदासपुर के फतेहगढ़ चूड़ियां इलाके में एक घर पर छापा मारा। एनआईए के अधिकारियों की एक टीम ने अमृतसर में विशाल शर्मा नाम के युवक के घर पर छापा मारा। विशाल रंजीत एवेन्यू में इमीग्रेशन कारोबार करता है। इसके अलावा एनआईए की एक अन्य टीम ने गुरदासपुर के फतेहगढ़ चूड़ियां के पास स्थित गांव चितौडग़ढ़ में एनआईए ने सेवानिवृत्त सैनिक काका फौजी उर्फ कश्मीर सिंह के घर पर छापा मारा।

# नौकर की नीयत पर पड़ा लालच का पर्दा, 55 लाख की चोरी का खुलासा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। उत्तर-पश्चिम जिले की एंटी ऑटो थेफ्ट स्क्वॉड (एएटीएस) टीम और केशव पुरम थाने की संयुक्त कार्रवाई में 55 लाख रुपये की चोरी का खुलासा करते हुए आरोपित नौकर को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपित की पहचान हरियाणा निवासी नरेंद्र शर्मा (27) के रूप में हुई है। आरोपित के पास से पूरी रकम 55 लाख नकद बरामद कर ली गई है। पुलिस के मुताबिक 27 जुलाई को लॉरेंस रोड निवासी नंद किशोर ने केशव पुरम थाने में शिकायत दी कि उनके ऑफिस में काम करने वाला डिलीवरी बॉय नरेंद्र शर्मा 24 जुलाई को 55 लाख रुपये कैश लेकर एक पार्टी को देने गया था, परंतु न ही उसने पैसे दिए और न ही वापस लौटा। कुछ समय बाद उसका मोबाइल भी बंद मिला। शक होने पर जब खोजबीन की गई तो यह साफ हो गया कि वह रकम लेकर फरार हो गया है। इस संबंध में केशव पुरम थाने में मामला दर्ज किया गया और जांच शुरू की गई। पुलिस टीम ने हरियाणा, उत्तराखंड, उप्र और दिल्ली में लगातार छापेमारी की। तकनीकी निगरानी के तहत 200 से अधिक कॉल डिटेल रिकॉर्ड और सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। आरोपित बार-बार ठिकाने बदल रहा था। लेकिन अंततः पुलिस ने उसे दिल्ली से धर दबोचा। कड़ी पूछताछ में आरोपित नरेंद्र ने अपना जुर्म कबूल किया। उसने बताया कि वह आसान तरीके से बड़ी रकम कमाना चाहता था और शानो-शौकत की जिंदगी जीने की चाह में यह कदम उठाया। आरोपित ने बताया कि उसने 2020 में पहली बार शिकायतकर्ता के पास काम किया था।

# बिहार के सीतामढ़ में प्रबल भारत पार्टी के अध्यक्ष के ठिकानों पर आयकर विभाग का छापा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पटना। बिहार में सीतामढ़ी जिला के परसौनी थाना क्षेत्र के अंढ़ेरा गांव में प्रबल भारत पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और अधिवक्ता दिलीप मिश्रा के आवास पर आयकर विभाग की टीम छापेमारी कर रही है। छापेमारी के दौरान घर के मुख्य गेट और परिसर के अंदर पुलिस बल को तैनात किया गया है। आयकर विभाग के अधिकारी मंगलवार सुबह से ही दिलीप मिश्रा से पूछताछ कर रहे हैं और वित्तीय लेनदेन से संबंधित कागजातों को खंगाल रहे हैं। आयकर विभाग की टीम दिलीप मिश्रा के आवास पर सुबह छह बजे पहुंची और छापेमारी शुरू की। अधिकारी पांच अलग-अलग गाड़ियों में सवार होकर उनके घर पर पहुंचे। दरवाजा खुलवाया और घर में दाखिल हो गए।


टीम में शामिल अधिकारी दिलीप मिश्रा से पूछताछ कर रहे हैं। साथ ही दस्तावेजों की जांच कर रहे हैं। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार आयकर विभाग की एक टीम अंढ़ेरा स्थित आवास पर जांच में जुटी है, जबकि दूसरी टीम दिलीप मिश्रा को साथ लेकर उनके संभावित अन्य ठिकानों की ओर रवाना हुई है। इन ठिकानों में बेलसंड के चंदौली में उनकी बेटी का घर और समस्तीपुर के रोसड़ा में उनके चार्टर्ड अकाउंटेंट का ठिकाना शामिल है। छापेमारी के दौरान घर के मुख्य गेट और परिसर के अंदर पुलिस बल को तैनात किया गया है। किसी भी बाहरी व्यक्ति को घर में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जा रही है। अब तक की जानकारी के अनुसार, आयकर विभाग के अधिकारी दिलीप मिश्रा से पूछताछ कर रहे हैं। अधिकारी वित्तीय दस्तावेजों की गहनता से जांच कर रहे हैं।

# स्कूल की जर्जर हालत पर ग्रामीणों का फूटा गुस्सा, प्रशासन को घेराव की चेतावनी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बेतिया। पश्चिम चंपारण ज़िला स्थित लौरिया ब्लॉक के बहुअरवा पंचायत स्थित जमुनिया गांव में स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय की खस्ताहाल स्थिति को लेकर ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। विद्यालय भवन की जर्जर दशा से नाराज ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर प्रशासन के प्रति आक्रोश व्यक्त किया और चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो वे बच्चों के साथ प्रखंड कार्यालय का घेराव करेंगे। ग्रामीणों ने बताया कि इस विद्यालय में कुल 478 छात्र अध्ययनरत हैं, जो अपनी जान जोखिम में डालकर शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। विद्यालय में मात्र तीन कक्ष हैं, जिनमें दो पूरी तरह जर्जर हो चुके हैं, जबकि एकमात्र हॉल में बच्चों को बैठाकर पढ़ाया जा रहा है। भीड़ का आलम यह है कि एक कमरे में सौ से ज्यादा बच्चों को समेटना पड़ता है। इस विद्यालय परिसर में दानियाल प्रसौना पंचायत के सुगर छाप स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय को भी मर्ज कर दिया गया है। मर्ज किए जाने के बाद कुल छात्र संख्या 478 हो गई है, जिनमें 203 छात्र मूल विद्यालय के तथा 275 छात्र मर्ज विद्यालय से हैं। इतने छात्रों के लिए मात्र 11 शिक्षक कार्यरत हैं, जिससे पढ़ाई प्रभावित हो रही है। प्रदर्शन में विशाल मिश्रा,अनूप कुमार,डब्लू शाह,वीरेंद्र शर्मा, भवाली राम, दिनेश शाह,अमित पाठक,चन्द्रिका राम,झुनझुन मिश्रा समेत दर्जनों ग्रामीण शामिल हुए। इन लोगों ने बताया कि जर्जर विद्यालय भवन किसी भी समय हादसे को न्योता दे सकता है। कई बार प्रशासन से लिखित और मौखिक रूप से भवन निर्माण की मांग की जा चुकी है।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - **राकेश कुमार पाण्डेय** कार्यकारी सम्पादक* - **अरशद सईद खान** स्टेट हेड - **संदीप मिश्रा**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 **e-mail** : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063